ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • फाल्गुन शुक्ल पक्ष 05 • विक्रम संवत 2079 • शुक्रवार, 24 फरवरी 2023 • वर्ष-29 • अंक-131 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

अक्षय कुमार के लिए 'फिटनेस विकल्प...

पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### 25 लाख के इनामी दो नक्सली एनआईए के रिमांड पर

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) रांची की टीम ने 15 लाख के इनामी नक्सली अमन गंझू और 10 लाख के इनामी मुनेश्वर गंझू उर्फ मुंशी को रिमांड पर लिया है। दोनों को एनआईए ने 25 फरवरी तक रिमांड पर लिया है। नक्सली अमन गंझू संगठन में शामिल अन्य नक्सलियों और लुकइया मोड़ के समीप हुई घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है। वह औरंगाबाद बिहार का रहने वाला है। वहीं दूसरी ओर एक दूसरे नक्सली केस में मुनेश्वर गंझू से पूछताछ की जा रही है। वह लातेहार जिला के चंदवा का रहने वाला है। उससे भी घटना में शामिल साथी नक्सलियों और केस में फरार अन्य नक्सलियों के ठिकाने और घटना के संबंध में विस्तार से पूछताछ जारी है। लातेहार के चंदवा में लुकैया मोड़ पर नवंबर 2019 की रात पुलिस गश्ती दल पर हमला कर एक एएसआई और होमगार्ड के तीन जवानों की हत्या के बाद हथियार लूटकर फरारी मामले में एनआईए ने दोनों को रिमांड पर लिया है।

### सीआईडी ने साइबर अपराधी को जामताड़ा से किया गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधी का नाम राम बाबू मंडल बताया गया है। वह जामताड़ा के करमाटांड थाना क्षेत्र के रामपुर का रहने वाला है। इसके पास से पांच मोबाइल फोन और अपराध से संबंधित डेटा बरामद किया गया है। सीआईडी एसपी एस कार्तिक ने गुरुवार को बताया कि साइबर अपराधियों की ओर से बड़े पैमाने पर एचडीएफसी बैंक के केवाईसी अपडेट करने के लिए एचडीएफसी बैंक के खाता धारको को इंटरनेट बैंकिंग के एंड्रायड एप्लीकेशन का फेक एप्लीकेशन से संबंधित एक यूआरएल (लिंक) का एसएमएस भेजने से संबंधित सूचना प्राप्त हुई। जब लोग आम सहायता के लिए उक्त लिंक पर क्लिक करते है तो एचडीएफसी इंटरनेट बैंकिंग का फेक ऐप उनके फोन में इंस्टॉल हो जाता है। जब लोग उस एप को खोलते है तो साइबर अपराधियों द्वारा उनका डाटा डेस बोर्ड के माध्यम से संरक्षित कर लिया जाता है। एसपी ने बताया कि इसी सूचना पर तकनीकी रूप से जांच के क्रम में संलिप्त साइबर अपराधी को चिन्हित किया गया। इसके बाद रांची सीआईडी टीम ने जामताड़ा पुलिस के संयुक्त प्रयास से साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया।

# अकूत दौलत वाले चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम गये जेल

### पांच दिन के लिए रिमांड पर ईडी करेगी पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अवैध तरीके से अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले झारखंड के ग्रामीण कार्य विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को गुरुवार को पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया है। चीफ इंजीनियर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में पेश किया। ईडी ने कोर्ट से पूछताछ के लिए वीरेंद्र राम को 10 दिनों की रिमांड पर देने का अनुरोध किया। रिमांड पर लेने को लेकर दोनों पक्षों की ओर से बहस हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने ईडी को वीरेंद्र राम को पांच दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत दी है। रिमांड अवधि के दौरान वीरेंद्र राम के परिजन और उनके वकील उनसे मुलाकात कर सकते हैं। इससे पूर्व वीरेंद्र राम का सदर अस्पताल में मेडिकल कराया गया।



उल्लेखनीय है कि वीरेंद्र राम को बुधवार को देर रात ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी के जोनल कार्यालय में भी उससे पूछताछ की गई। ईडी के ज्वाइंट डायरेक्टर सहित कई अधिकारियों ने उससे पूछताछ की। वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर लगातार दो दिन मंगलवार और बुधवार को छापेमारी के बाद उनकी 125 करोड़ से अधिक अवैध संपत्ति का पता लगाया है। छापे के दौरान करीब 1.50 करोड़ के जेवरात, 25 लाख रुपये नकद, एक दर्जन लग्जरी वाहन मिले थे। कई राजनेताओं और आला अफसरों से उसकी लगातार लेनदेन के सबूत भी ईडी के हाथ लगे हैं। माना जा रहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग के इस केस में ईडी की जांच आगे बढ़ते ही राज्य के कई नेताओं और आईएएस अफसरों की परेशानी बढ़ेगी। पिछले दो दिनों में ईडी ने पूछताछ के दौरान वीरेंद्र राम से कई चौंकाने वाली जानकारियां हासिल की हैं। ईडी ने पीएमएलए की धारा 50 के तहत उनका बयान रिकॉर्ड किया है। दरअसल, वीरेंद्र राम झारखंड में अफसरशाही और सत्ता के गलियारे में बेहद चर्चित नाम रहा है। उसके रसूख का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है, सरकार चाहे जिसकी भी रही वह निर्धारित अर्हता पूरी नहीं करने के बावजूद चीफ इंजीनियर जैसे पद पर लगातार बने रहे। ठेकेदारों से लेकर अफसरों और नेताओं को उपकृत करने से लेकर भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर उनका नाम कई सालों से उछलता रहा है। 15 नवम्बर 2019 को झारखंड के एंटी करप्शन ब्यूरो ने सरायकेला के ग्रामीण विकास विभाग के जेई सुरेश प्रसाद वर्मा के जमशेदपुर स्थित घर पर छापा मारकर 2.45 करोड़ रुपए जब्त किए थे। सुरेश प्रसाद वर्मा, वीरेंद्र राम के अधीनस्थ थे और उन्होंने पूछताछ में एसीबी को बताया था कि उसके यहां से जो रकम बरामद की गई है, वह वीरेंद्र राम के हैं। एसीबी ने इस मामले में वीरेंद्र वर्मा के खिलाफ पीई (प्रिलिमिनरी इन्क्वायरी) दर्ज करने की अनुमति सरकार से मांगी थी, लेकिन यह प्रस्ताव ठंडे बस्ते में पड़ा रह गया। एसीबी ने जेई सुरेश प्रसाद वर्मा एवं अन्य के खिलाफ चार्जशीट दायर किया था। इसी आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था, जिसकी जांच करते हुए वह वीरेंद्र राम तक पहुंची। ईडी की पिछले दो दिनों की जांच में कई चौंकाने वाली शेष पृष्ठ 11 पर

## यूपी-बिहार वालों का बंद होता है रास्ता तो

# विपक्षी अड़ाते हैं टांग : हेमंत

## रोजगार के लिए लोन महागठबंधन की सरकार ने दी

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन उम्मीदवार बजरंग महतो को जिताने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। गुरुवार को रामगढ़ में उन्होंने तीसरी जनसभा चितरपुर प्रखंड में की। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड के निर्माण में यहां के लोगों ने आहुति दी है। यूपी और बिहार वालों ने तो सिर्फ झारखंड को लूटने का काम किया है। जब झारखंडियों की सरकार बनी तो यूपी और बिहार वालों का रास्ता यहां बंद होने लगा। यही वजह है कि भाजपा और आजसू एक बार फिर टांग अड़ाने के लिए तैयार हो गए हैं। झारखंडियों के हित में बनने वाले कानून से भाजपा-आजसू और उसके साथी यूपी बिहार वालों के पेट में दर्द शुरू हो जाता है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड, पशुधन योजना, कृषि योजना, रोजगार के लिए लोन की बात आती है तो वह महागठबंधन की सरकार ने लोगों को दिया है। 2019 में जब ममता देवी इस विधानसभा क्षेत्र से जीतकर गई तब इस विधानसभा में मात्र 3300 विधवाओं को पेंशन मिलता था। आज 15500 विधवाओं को यह सरकार पेंशन दे रही है। 2019 में मात्र 6000 वृद्ध को पेंशन का लाभ मिलता था। आज 45500 लोगों को पेंशन मिल रहा है। दिव्यांग पेंशन योजना में तब मात्र 6300 लोग शामिल थे, आज 10 हजार से अधिक लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद 128000 लोगों को राशन कार्ड बना कर बांटा है। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने, पारा शिक्षकों को उनका अधिकार देने, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया गया है। चुनावी सभा को मंत्री आलमगीर आलम, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, प्रत्याशी बजरंग महतो, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो, संजीव बेदिया ने भी संबोधित किया। लेकिन हमारे राज्य के सवा तीन करोड़ की शेष पृष्ठ 11 पर

# विधायक ने जलापूर्ति योजना का किया शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू विधायक आलोक चौरसिया ने 28 करोड़ की लागत से पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मेदिनीनगर मझिगांवा बहू ग्रामीण जलापूर्ति योजना का शुभारंभ किया। इसके पूर्व विधायक के आगमन पर तमाम ग्रामीणों ने विधायक को बधाई दी एवं माला व बुके देकर सम्मान प्रदान किया। जल की समस्या हो, चाहे सड़क की ग्रामीणों ने बताया कि विधायक आलोक चौरसिया सुख-दुख में हर समय हमारे लिए तत्पर रहते हैं। यह योजना 28 करोड़ की लागत से बनेगा। जो लगभग 35 गांव की जलापूर्ति की समस्या को दूर करेगा । साथ ही 5500 से 6000 घरों में नल का जल सीधा उनके घर में पहुंचेगा । जिससे जलापूर्ति की समस्या दूर हो जायेगी। ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान देख कर लग रहा था कि ऐसी योजना हर प्रखंड हर पंचायत हर घर तक पहुंचने चाहिए आपको बताते चलें की यहां जलापूर्ति की समस्या कई दशक वर्षों से शेष पृष्ठ 11 पर

# जमशेदपुर के कदमा में लव जिहाद!

### हिंदू संगठनों ने किया थाने का घेराव

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के कदमा में कथित तौर पर लव जिहाद का एक मामला सामने आने के बाद हिंदू संगठनों ने गुरुवार को कदमा पुलिस थाने का घेराव किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने शब्बीर खान नामक आरोपी की गिरफ्तारी और उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया है। पीड़िता 14 वर्ष की है और जमशेदपुर के कदमा स्थित एक स्कूल में पढ़ती है। उसकी शिकायत है कि एक माह पहले उसकी दोस्ती उसके स्कूल के बाहर आने वाले एक लड़के से हुई। उसने अपना नाम समीर बताया था और झांसे में लेकर उसके साथ कई अंतरंग तस्वीरें खींच ली। हाल में उसने अपना असली नाम शब्बीर खान बताया और उसपर शादी के लिए दबाव बनाने लगा। शादी करने से मना करने पर वह अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। शब्बीर चाहता है कि वह धर्म परिवर्तन कर उसके साथ शादी कर ले। उसकी शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इस मामले की जानकारी मिलने पर हिंदू संगठन कदमा थाना पहुंचे और कार्रवाई की मांग करते हुए थाने का घेराव किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों में जमशेदपुर के भाजपा नेता अभय सिंह भी मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने थाना परिसर में ही जय श्री राम के नारे लगाए। अभय सिंह ने मामले को लव जिहाद बताते हुए थाना प्रभारी से मांग की कि इस मामले में तत्काल कार्रवाई की जाए।

# आदिवासियों को ठगने वाले मुख्यमंत्री हैं हेमंत : अर्जुन मुंडा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में 27 फरवरी को वोटिंग होनी है। मतदान से तीन दिन पहले भाजपा के दिग्गज नेताओं का जमावड़ा अब रामगढ़ विधानसभा के ग्रामीण इलाकों में लगने लगा है। गुरुवार को रामगढ़ विधानसभा के गोला, बरलांगा एवं कैंट मंडल द्वारा 'पन्ना प्रमुख सममेलन' का आयोजन हुआ। बरलांगा मंडल के जोगिया बाबा में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और गोला मंडल के कुसुमडीह के होटल में विधानसभा में विधायक दल ने नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कार्यकर्ताओं के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का वोट लेकर आदिवासियों को ठगने वाला मुख्यमंत्री शेष पृष्ठ 11 पर

### भ्रष्टाचार के खिलाफ है रामगढ़ का उपचुनाव : मरांडी



बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रामगढ़ का उपचुनाव इस बात का संकेत है कि अब यहां भ्रष्टाचारियों की नहीं चलेगी। भाजपा ने झारखंड को विकास के जिस पायदान पर पहुंचाया था जेएमएम की सरकार ने इसे भ्रष्टाचार का मैदान बना दिया। झारखंड का यह उपचुनाव लुटेरा भ्रष्टाचारी सरकार में शामिल ठगों और विकास की पहचान बन चुकी एनडीए गठबंधन में बीच है। पिछले तीन वर्षों में विकास हुआ है तो वो है मुख्यमंत्री के संबंधियों की संपत्ति और जमीनों में। अन्यथा झारखंड के हर व्यक्ति की आय घटी है। झारखंड अलग हुआ था यहां के मूलवासी और गरीब आदिवासियों के जीवन स्तर में सुधार करने का काम भाजपा ने किया। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा जब भी सत्ता में आए हैं इन्होंने सिर्फ यहां की खनिज संपदा का दोहन किया है। आज बहुत दुख होता है जब देखता हूं कि आदिवासी मुख्यमंत्री के राज्य में आदिवासी माता और बहनों का बलात्कार के बाद नृशंस हत्या की जाती है। इससे भी ज्यादा दुख तब होता है जब मुख्यमंत्री अपराधियों को पकड़ने और सजा दिलवाने की जगह तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए अपने वोटबैंक की चिंता करते और उन्हें बचाने में लग जाते है। रूपा तिर्की को आज तक इंसाफ नहीं मिला। क्योंकि हत्यारों में मुख्यमंत्री को अपना वोटबैंक नजर आता है।

### जेएमएम ही कांग्रेस को समाप्त करना चाहती है : रघुवर दास



हिम्मत है तो हेमंत 1932 के खतियान और 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का गजट करें प्रकाशित। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भी पहुंचे। गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन काठ की हांडी को बार-बार चढ़ाना चाहते हैं। अगर उनमें हिम्मत है तो 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीय नीति और 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की अधिसूचना गजट में प्रकाशित करें। वह सरकार में है और इसके बाद भी बार-बार केंद्र सरकार पर दोष लगाते हैं। लेकिन अब झारखंड की जनता उनके छलावे में आने वाली नहीं है। रघुवर दास ने कहा कि कभी भाषा के नाम पर तो कभी खतियान के नाम पर समाज को तोड़ने की राजनीति अब नहीं चलेगी। रघुवर दास ने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार के हितेषी हेमंत सोरेन बने हुए हैं। हकीकत यह है कि झारखंड में कांग्रेस को झारखंड मुक्ति मोर्चा खुद ही समाप्त करना चाहती है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास रामगढ़ के पटेल छात्रावास में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए थे। कार्यकर्ता सम्मेलन में कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी भी मौजूद थे।

## कार्रवाई

### रिम्स में हड़ताल से 28 मरीजों की मौत का मामला

# झारखंड हाईकार्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जून 2018 में रांची स्थित मेडिकल कॉलेज रिम्स में जूनियर डॉक्टरों और नर्सों की हड़ताल के दौरान 28 मरीजों की मौत के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि इस मामले में उसके स्तर से क्या कार्रवाई हुई और जिन लोगों की मौत हुई, उनके परिजनों को मुआवजा मिला या नहीं? हाईकोर्ट ने इस मामले को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई की। याचिका झारखंड छात्र संघ की ओर से दायर की गई थी। इसमें बताया गया है कि 1 जून 2018 को रिम्स में एक पेशेंट की मृत्यु कथित रूप से गलत ट्रीटमेंट की वजह से हो गई थी। इसके बाद मृतक के परिजनों ने प्रोटेस्ट किया था। इसे लेकर रिम्स के जूनियर डॉक्टरों और मृतक के परिजनों के बीच झड़प हुई थी। इसके बाद रिम्स में 2 जून 2018 से जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों ने स्ट्राइक कर दिया था।




स्ट्राइक के दौरान रिम्स में संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्था ध्वस्त हो गई। इस दौरान करीब 35 मरीजों का ऑपरेशन टल गया। 600 से ज्यादा मरीज रिम्स से बगैर इलाज के वापस लौट गए। इलाज के बिना 28 मरीजों की भी मौत भी हुई थी। मामले को लेकर कोतवाली थाना में जिम्मेदार जूनियर डॉक्टरों एवं नर्स के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी, लेकिन जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों को नोटिस दिए जाने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं हुई। याचिका में इस पूरे मामले की जांच कमेटी बनाकर करने और इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की गई है।

चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए मौखिक तौर पर कहा कि रिम्स जैसे अस्पताल में मरीजों का उपचार अनिवार्य सेवा के अंदर आता है। ऐसे में चिकित्सकों एवं नर्सों की स्ट्राइक नहीं होनी चाहिए थी। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि इस मामले में क्या एक्शन लिया गया, मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने, उनके पुनर्वास करने आदि पर कोई पहल हुई या नहीं, हड़ताल करने वाले जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों पर कोई कार्रवाई हुई या नहीं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 16 मार्च निर्धारित की। कोर्ट में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मुख्तार खान ने दलीलें पेश की।

# राष्ट्रीय अधिवेशन में हजारों लोगों को मिलेगा रोजगार

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

जब किसी बड़ी राजनीतिक पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन होता है, तो हजारों लोगों को रोजगार मिलता है, सैकड़ों करोड़ रुपये का कारोबार होता है। इस तरह से बड़े राजनीतिक कार्यक्रम भी रोजगार सृजन में योगदान करते हैं। देश की दूसरे नंबर की राजनीतिक पार्टी कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में हो रही है। जो तीन दिन 24, 25, 26 फरवरी को होगा। जिसमें कांग्रेस के लगभग 15 हजार सदस्यों, पदाधिकारियों के आने का अनुमान है। जिनके लिए लगभग 1500 से ज्यादा गाड़ियों का इंतजाम किया जा रहा है। हालत यह है कि छत्तीसगढ़ की लगभग ज्यादातर ट्रेवेल एजंसी की सभी तरह की सवारी गाड़ियां बुक कर ली गई हैं। फिर भी जरूरत पूरी नहीं हो रही है, तो दिल्ली, नागपुर, इंदौर से लग्जरी कार, लग्जरी बसें मंगाई गई हैं। दिल्ली से 100 लग्जरी कारें, नागपुर से 300 इनोवा, 12 वॉल्वो व 800 छोटी बड़ी-बस मंगाई गई हैं। 700 के लगभग छोटी गाड़ियां मंगा ली गई हैं, जिनमें से 250 लग्जरी कार हैं, जो वीआईपी के लिए हैं। इन वीआईपी की सुरक्षा के लिए उनकी कार के आगे पायलट व पीछे चलने के लिए 600 सरकारी गाड़ियां लगाई गई हैं। कांग्रेस के इस राष्ट्रीय अधिवेशन में सुरक्षा के लिए तीन हजार सुरक्षा जवानों की तैनाती हुई है। 400 जवान ट्रैफिक संभालेंगे। अधिवेशन के लिए रायपुर व नया रायपुर के 300 बड़े-मंझौले होटल, गेस्ट हाउस, रिजॉर्ट, सर्किट हाउस, धर्मशाला, शादी वाली जगहें बुक कर ली गई हैं। कांग्रेस के बड़े नेता नया रायपुर के मेफेयर रिजॉर्ट में रूकेंगे। सरकारी रेस्ट हाउस और सर्किट हाउस भी बुक हैं। कुछ मंत्री और नेताओं के बंगले में भी रूकने की व्यवस्था की गई है। भिलाई, दुर्ग व महासमुंद के होटल-लॉज भी बुक हैं। अधिवेशन में आनेवाले वरिष्ठ नेताओं के स्वागत के लिए सिल्क से बने 10 हजार गमछे खरीदे गए हैं। अधिवेशन में लगभग लगभग 15 हजार डेलीगेट्स और ड्यूटी में लगे 5000 लोगों के लिए रोज सुबह-शाम भोजन बनाने के लिए दिल्ली, कोलकाता व केरल से रसोइए बुलाए गए हैं। अधिवेशन में कॉन्टिनेंटल खाने के साथ छत्तीसगढ़ी पकवान व अन्य राज्यों के पारंपरिक भोजन भी परोसे जाएंगे। इसमें रोज लगभग 15 क्विंटल चावल, एक लाख रोटी, चार क्विंटल दाल, पांच क्विंटल सब्जी बनेगी।

**सौ करोड़ का होगा कारोबार**

**रोज लगभग 15 क्विंटल चावल, एक लाख रोटी, चार क्विंटल दाल, पांच क्विंटल सब्जी बनेगी।**

# पीएम आवास के लाभुकों ने होल्डिंग टैक्स माफ करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के वार्ड पार्षदों ने बैठक कर नपं क्षेत्र में बने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक को होल्डिंग टैक्स माफ करने की मांग की है। ढाई हजार से अधिक घर का निर्माण हो गया है। शेष का निर्माण चल रहा है। निर्माण पूरा होने के बाद नगर पंचायत सभी घरों का टैक्स माफ करेगा। नगर पंचायत के वार्ड पार्षदों ने अध्यक्ष शशि कुमार को यह प्रस्ताव लाने का आग्रह किया है। यानी वैसे लाभुक जिन्होंने पीएम आवास योजना के तहत घर का निर्माण कराया है, उन्हें सीधे तौर पर फायदा मिलेगा। गरीबों के हित को देखते हुए यह प्रस्ताव नगर पंचायत के सभी 16 वार्ड पार्षदों ने आवेदन दिया है। उन्होंने कहा है



कि जब गरीबों को लाल व पीला कार्ड सहित कई फायदा दिया जा रहा है। तो आवास पर होल्डिंग टैक्स लेने का कोई मतलब नहीं है। उनके कल्याण के लिए होल्डिंग टैक्स में भी छूट मिलना चाहिए। अब नगर पंचायत द्वारा यह प्रस्ताव नगर विकास विभाग को भेजा जायेगा। ताकि राजस्व निर्धारण एवं संग्रहण नियमावली में संशोधन करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों का होल्डिंग टैक्स माफ किया जाए। वार्ड नंबर 9 के पार्षद व पार्षद संघ के अध्यक्ष नजीर अहमद की अध्यक्षता में हुई बैठक में चर्चा की गई। ऐसा प्रस्ताव पारित करने पर विचार किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से अखिलेश यादव, सोनी देवी, राजेन्द्र पाल, सुषमा गुप्ता, अर्जुन प्रसाद, सुहैल आलम, मधु अग्रवाल, लालती देवी, उमा देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी, ज्ञानंजय कुमार, पूर्व पार्षद राजकुमार कश्यप, अजय गुप्ता के अलावा कई लोग मौजूद थे।

# सहियाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को परिवार कल्याण दिवस समारोह के मद्दे नजर बैठक कर सहियाओं को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करते हुए जागरुक किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे डॉ एमएम प्रसाद ने बताया गया कि अपने जीवन में दो ही बच्चों का आधार बनायें। साथ ही दोनों बच्चो में कम से कम 5 साल का अंतराल हो, इसका भी ध्यान रखे। वही बीपीएम पंकज पांडेय ने कहा कि परिवार नियोजन के लिए सिर्फ बंध्याकरण ही एक समाधान नहीं है। वही एनएसबी पुरुष नसबंदी कराने वाले लाभार्थी व इसके लिए जागरूक करने वाले सहिया को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित भी किया गया। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ लिली स्टेलापूर्ति, डॉ एम एम प्रसाद, बीपीएम पंकज पांडेय, बीएम पंकज सिंह, मिथिलेश कुमार दुबे नरेश भारती, इस्लामुद्दीन खलीफा, अरविंद पाल, मिनहाज आलम सहित कई सहिया व अन्य स्वास्थ्यकर्मी की मौजूदगी रही।

## NEWS इन ब्रीफ

### चेकिंग अभियान के दौरान चौदह वाहन जब्त

**विश्रामपुर।** थाना के समीप गुरुवार को पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन के नेतृत्व में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें छोटी बड़ी सभी वाहन चालकों की डिक्की, हेलमेट, लाइसेंस आदि जरूरी कागजात की गहनता पूर्वक जांच की गई। थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान कई बाइक चालक को बिना हेलमेट पकड़ा गया है। वही कुछ वाहन चालक नाबालिक व ट्रिपल लोडिंग भी पाये गये है। जिनकी वाहनों को जब्त कर थाना लाई गई है। वही प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल चौदह दोपहिया वाहनों को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई हेतू जिला परिवहन विभाग को सौप दिया गया है। मौके पर शस्त्र बल के कई जवान मौजूद थे।

### पुलिस ने अवैध बालू से लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

**हुसैनाबाद।** रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस ने हैदरनगर- पंसा पथ से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को पकड़ा है। ट्रैक्टर को हैदरनगर थाना परिसर में पार्क कर आगे की कार्रवाई के लिए खनन विभाग को सूचना दे दी गई है।। इस संबंध में थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने बताया कि उन्हें अवैध बालू के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी की हैदरनगर पन्ना सड़क से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर आ रहा है। इसी सूचना की सत्यता की जांच के लिए उन्होंने तत्काल रात्रि गश्ती में पंसा रोड में गये। जहां अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को पकड़ा और उसे थाना परिसर में पार्क कर जिला खनन पदाधिकारी को अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए सूचना भेज दी गई । थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गये ट्रैक्टर पर रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र में अमन शांति के साथ साथ आम लोगों के सहयोग से अवैध करोबार पर अंकुश लगाना है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों व आम नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

### ग्रामीणों ने माता शबरी की जयंती मनायी

**सतबरवा।** शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय छात्रावास के मैदान में शुक्रवार को माता शबरी जयंती सह भुइयां मिलन समारोह का किया गया है। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त जानकारी मनोज कुमार भुइयां ने दी है। मनोज कुमार भुइयां ने बताया कि माता शबरी जयंती सह भुइयां मिलन समारोह में भाजपा के तीन विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता, पुष्पा देवी,आलोक कुमार चौरसिया ,भाजपा अनुसूचित जाति के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात कुमार भुइयां शामिल होंगे।

### रॉयल इंस्टिटयूट ऑफ एजुकेशन एकेडमी का उद्घाटन

**पाटन।** प्रखंड के ग्राम ब्रहमोरिया में रॉयल इंस्टिटयूट ऑफ एजुकेशन एकेडमी खोला गया। जिसका उद्घाटन अखिल भारतीय किसान महासभा पलामू के जिला सचिव कमेश सिंह ने फीता काटकर किया । उन्होंने इंस्टीट्च्यूट के डायरेक्टर को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे गांव के गरीब मजदूर के बच्चें किसी दूसरे गांव में पढ़ने जा रहे हैं । बच्चों के आने जाने में कठिनाइयां एवं समय पर उपस्थित नहीं होने जैसी अनेक समस्याएं उत्पन्न होती है। मौके पर रॉयल इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एकेडमी का डायरेक्टर मोमिन अंसारी ने बताया कि मैं सबसे कम फीस में बच्चों को शिक्षा देंगे और अनाथ असहाय बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा देंगे। मौके पर रंजीत कुमार सिंह, आसिम अंसारी, जमालुद्दीन अंसारी, अनुज सिंह छोटू, नाजिम अंसारी, इसाक अंसारी, दिलीप सिंह, जावेद अंसारी समेत सैकड़ों ग्रामीण जनता एवं छात्र उपस्थित थे।

# अधूरे बकरी शेड निर्माण कार्य में 122.927 रुपए की निकासी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मुर्गी पालन, बकरी पालन व पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए मुर्गी शेड, बकरी शेड व पशु शेड सरकार की महत्वकांक्षी योजना की व्यवस्था मनरेगा से कराई है। पलामू जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रंगेया पंचायत के ग्राम रजखेता में मनरेगा में ठेकेदारी और फजीर्वाड़े के चलते गरीब परिवारों को इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है। रंगेया पंचायत के ग्राम रजखेता में दो गरीब परिवारों को बकरी पालन के लिए मनरेगा से बकरी शेड दिया गया हैं। इनके बकरी शेड निर्माण में जमकर अनियमितता की गई है । बकरी शेड लाभुक कलावती देवी व कामेश्वर भुइयां जिनमें कलावती देवी के बकरी शेड से 60.566 रुपए की निकासी ,कामेश्वर भुइयां के बकरी शेड से कुल निकासी 62.361 रुपए की निकासी की गई है। वही दोनों लाभुकों के बकरी शेड में अभी प्लास्टर, गेट,बोर्ड,का कार्य नहीं किया गया है और पैसों की निकासी कर ली गई है। जिसे लाभार्थी बरामदे के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। दोनों के नाम पर बकरी शेड निर्माण में फजीर्वाड़ा की गई है। इस मामले में रोजगार सेवक सहदेव यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी भेंडर के खाते में पैसा गया हैं। अधूरा बकरी शेड जब तक पूरा नहीं किया जाएगा तब तक पैसा लाभुकों को नहीं दी जाएगी! मनातू प्रखंड के बीपीओ मोतीलाल शर्मा ने बताया कि इसकी जानकारी मुझे नहीं थी। जाँच कर दोषी पाए जाने वाले लोंगो पर कार्रवाई की जाएगी।

## बराही धाम आश्रम में हुआ भव्य स्वागत

# मनुष्य को अहंकारी नहीं होना चाहिए : स्वामी जी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भारत वर्ष के महान मनीषि संत श्री श्री1008श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के पाद सेवक श्री श्री 1008 जगतगुरु श्री सुंदरराज स्वामी जी महाराज गुरुवार को बराही धाम आश्रम पहुंचे। जहां बराही धाम समिति के लोगों व ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रंधीर कुमार सिंह ने उन्हें फूल माला पहनाकर कर चरणस्पर्श कर आशीर्वाद लिया। बराही धाम परिसर में आगामी मई माह में 2 से लेकर 5 मई तक होने वाले चार दिवसीय बराही धाम वार्षिक उत्सव मनाने को लेकर बराही धाम समिति और ग्रामीणों के साथ विचार विमर्श किया गया। मौके पर सुंदर राज स्वामी जी महाराज ने कहा कि धन, बल, बुद्धि, एश्वर्या



व पद मिलने से मनुष्य अहंकारी बन जाता है। यही अहंकार मनुष्य के पतन का कारण बन जाता है। हर समय अपना ही गुणगान करता रहता है। उसे अपने कोई श्रेष्ठ नहीं दिखता है, इन्हीं कारणों से उसका पतन होता है। उन्होंने कहा कि आज पूरे झारखंड, बिहार के साथ अन्य राज्यों में बराही धाम की चर्चा हो रही है। मालूम हो कि बीते साल मई माह में ही बराही धाम परिसर में 105 फिट ऊंची दक्षिण मुखी श्री रामदूत हनुमत का प्राण प्रतिष्ठा व 51 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सुंदरराज स्वामी जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ था। मौके पर अयोध्या सिंह टिकैत, हैदरनगर मुखिया संतोष सिंह, पिंटू सिंह, प्रिंस सिंह, धनंजय सिंह ,प्रभात सिंह, मनोज गुप्ता, मुखिया सुदामा यादव, मंगल यादव, मदन उरांव, दीपक सिंह समेत दर्जनों गांवों के लोग शामिल थे।

## भवन के बावजूद भी चल रहा आंगनबाड़ी केंद्र किराये पर ,पदाधिकारी मौन

**पाटन ।** सरकार बाल विकास परियोजना के तहत राज्य के आँगनबाड़ी केंद्र को मॉडल बनाना चाहती है। इसके लिए विभाग भवन निर्माण पर करोड़ो रूपये खर्च कर रही है। लेकिन विभाग के द्वारा संचालन में उदासीन रवैए के कारण पाटन प्रखंड अंतर्गत दर्जनों आँगनबाड़ी केंद्र भवन बन कर तैयार हैं। लेकिन भवन में केंद्र संचालित नहीं हो पा रहा है। इस तरह से ऐसे नवनिर्मित भवन पर सरकारी पैसे का दुरुपयोग ही माना जायेगा। ऐसा ही कुछ मामला पाटन के किशुनपुर आदर्श ग्राम के बरडीहा आँगनबाड़ी केंद्र का है । जहां 6 लाख 12 हजार की लागत से भवन का निर्माण 2019 में हुआ है। लेकिन अभी तक उस भवन में केंद्र संचालित नहीं हो पाया। वर्तमान में भवन लावारिस हालत में पड़ा हुआ है। अभी तक न ही बाल विकास परियोजना के कोई अधिकारी भवन की सुध ले रहे है और न ही सेविका वहां सेन्टर चलाना चाहती है। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि किशुनपुर पंचायत में ऐसे अनेक केंद्र हैं । जहां भवन बनने के बाद भी सेविका किराया के नाम पर अपने घर में ही केंद्र संचालित कर रही हैं। लोगो का कहना है कि इन सभी मामलों से संबंधित जानकारी के बावजूद भी विभाग मौन है। सेविका घर में ही केंद्र चला रही हैं। सीडीपीओ अनिता कुमारी ने कहा कि इस संबंध में जाँच कर केंद्र को नव निर्मित भवन में शिफ्ट किया जाएगा। वहीं मुखिया सुमन गुप्ता ने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है कि भवन बनने के बाद भी केंद्र किराया पर ही चल रहा है। इस संबंध में विभाग से जानकारी लेकर केंद्र को भवन में संचालित किया जाएगा।

## संत गाडगे जी महाराज की 147वीं जयंती मनी

**हुसैनाबाद।** शहर के छतरपुर रोड स्थित खादी ग्रामोद्योग के समीप गुरुवार को सामाजिक समरसता के अग्रदूत संत गाडगे बाबा की 147 वीं जयंती समारोह संत गाडगे परिवार हुसैनाबाद इकाई के तत्वावधान में धूमधाम से मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि बाबा गाडगे सफाई उन्मूलन का काम किया, जिससे समतामूलक समाज की स्थापना हुई। बाबा गाडगे ने समाज में व्याप्त अंधविश्वासों को दूर भगाने का कठिन कार्य करते हुए शिक्षित बनने का संदेश दिया है। साथ ही उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को त्याग करने की अपील की। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दीन-दुखियों की सेवा में समर्पित रहने वाले संत बाबा गाडगे जी महाराज ने समाज के उत्थान एवं समाज की कुरीतियों को दूर करने में अहम योगदान निभाया है। उन्होंने कहा कि बाबा गाडगे ने मानवता की भलाई के लिए कई संदेश दिए हैं, जिसे आत्मसात करने की जरूरत है। पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम ने कहा कि संत गाडगे बाबा के अमूल्य विचारों को अपनाकर ही एक स्वच्छ व शिक्षित समाज की परिकल्पना की जा सकती है।

# रानी हॉस्पिटल में मना छठा वार्षिकोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** स्टेट बैंक के समीप बुधवार को स्थापित रानी हॉस्पिटल का छठा वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि आरसीयू के कुलाधिपति सह भाजपा नेता डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना, सहायक नगर आयुक्त एमडी परवेज आलम, बीडीओ प्रशांत हेंब्रम, डॉ सलमान अहमद ने सामूहिक रूप से फीता काट कर हॉस्पिटल का नये सिरे से शुभारंभ किया। डॉ चंद्रवंशी ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में विश्रामपुर नित नये नये कृतिमान स्थापित कर रहा है। उसी कड़ी में आज रानी हॉस्पिटल भी लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा में उभर कर सामने आ रहा है। वहीं बीडीओ प्रशांत हेंब्रम ने कहा कि विश्रामपुर जैसे शहर में इतनी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल निश्चित ही लोगों के लिए वरदान साबित होगा।


## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 16/2022–23**

विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– 03.03.2023 तक कार्य अवधि में।
परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर परिषद, कार्यालय, लोहरदगा।
निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 04.03.2023 के अपराह्न 3.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 04.03.2023 के अपराह्न 3.30 बजे।
कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Construction of drain with slab from Jawed Khan house to Guddu Khan house via Nijamuddin Ansari house at ward No 1. | 7,76,699.00 | 15,600.00 | 5000 | 45 दिन |
| 2. | Renovation of Pcc Road from Jawed Khan house to Guddu Khan house via Nijamuddin Ansari house at ward No 1. | 3,46,944.00 | 7,000.00 | 1000 | 45 दिन |

नोटः– नियम एवं शर्तें नगर परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, लोहरदगा।

PR 291094 (Lohardaga) 22-23 (D)



## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ................ दिनांक ....................

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 03/2022–23**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत Urban Health and Wellness Center (UHWC) हेतु सामग्री क्रय की आवश्यकता है। सामग्री क्रय हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता/आपूर्तिकर्ता/संवेदक को मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 04.03.2023 को 01.00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 20,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे नगर निगम कार्यालय में e-procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। क्रय हेतु सामग्री निम्नवत् है :–

| SL.No. | Basic Equipment & Furniture for HWC | SL.No. | Basic Equipment & Furniture for HWC |
|---|---|---|---|
| 1 | Desktop Computer All in one 20 - 24' Inc. – Intel Core i5 11th Generation onwards RAM- 8 GB, Hard Drive 1TB or 512 SSD, UPS with inbuilt Antivirus, MS Office – 1 PC | 27 | Invertor with Battery (1000 VA+ 180 AH Battery) |
| 2 | Color Printer with scanner (HP/Canon/EPSON) | 28 | Fire Extinguisher |
| 3 | Office Table (Size -5x3) | 29 | Ambu Bag |
| 4 | Doctor Chair Revolving | 30 | I/V Stand |
| 5 | Office chair visiter (Steel with Leather Seat) | 31 | Tongue Depression |
| 6 | Almirah – 4 or 5 Rack (Branded) | 32 | Mouth Gag |
| 7 | Iron Rack for Medicine | 33 | Ceiling Fan (Bajaj/Havels/Vguard) |
| 8 | Patient Examination Table | 34 | Dust Bin 50 Ltr. |
| 9 | Pulse Oxymeter | 35 | Color Coded Bin |
| 10 | Gluco meter | 36 | Sharp Container |
| 11 | Hemoglobin meter digital | 37 | Towel |
| 12 | Stethoscope | 38 | Suction Machine |
| 13 | B.P. Machine digital | 39 | Foot Step |
| 14 | Weight Machine digital | 40 | Nebulizer |
| 15 | Height meter | 41 | Tourch |
| 16 | Thermometer Digital | 42 | Phool Jhadoo |
| 17 | Wall Clock | 43 | Mop |
| 18 | Door Mat | 44 | Sik Jhadoo |
| 19 | Lock (Link) | 45 | Jhol Jhadan |
| 20 | Register Large | 46 | A4 Paper |
| 21 | Register Medium | 47 | Pen |
| 22 | Bed Side Screen guard with curtain | 48 | Bucket (20 – 25 Ltr.) |
| 23 | Emergency Durg Tray | 49 | Mug |
| 24 | Nebulizer Machine | 50 | Bulb 15 WT |
| 25 | Patient waiting 3 seater Chair | 51 | Baby Weight Machine Digital |
| 26 | Patient Stool (Steel) | | |

नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 291036 District(22-23)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा

सहिजना मोड़ , गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**प्रथम शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट (1st Call) निविदा सूचना संख्या– DWSD/GAR/SVS-23/2022-23, दिनांक–24.01.2023 ; Construction of 13 Nos SVS under JJM जो PR No. 288593 Drinking Water and Sanitation (22-23)#D द्वारा 13 ग्रुपों की निविदा प्रकाशित है, जिसमें अपरिहार्य कारणों से प्राक्कलित राशि, अग्रधन की राशि, तिथि एवं समय में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क0 सं0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित | | | | संशोधित कर प्रकाशित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| - | Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through DT/HYDT/GPT (Solar based) 01/2.0 H.P. DC Motor pump complete set for different tolas of concern villages which is not included/included in MVS etc. work **under (JJM)** For the year 2022-23 . | Group No. | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) |
| 1 | **Tiwari Marhatia Group** of SVS Scheme under Garhwa Block | Gar-01 | 2,09,72,160.00 | 4,20,000.00 | 10,000.00 | 2,11,25,488.00 | 4,23,000.00 | वही |
| 2 | **Lagma, Group** of SVS Scheme under Garhwa Block | Gar-02 | 1,20,44,637.00 | 2,41,000.00 | 10,000.00 | 1,20,18,932.00 | 2,41,000.00 | वही |
| 3 | **Jhaluwa Group** of SVS Scheme under Garhwa Block | Gar-03 | 1,28,49,111.00 | 2,57,000.00 | 10,000.00 | 1,29,24,055.00 | 2,59,000.00 | वही |
| 4 | **Chhatarpur Group** of SVS Scheme under Garhwa Block | Gar-04 | 2,44,38,546.00 | 4,89,000.00 | 10,000.00 | 2,44,79,014.00 | 4,90,000.00 | वही |
| 5 | **Pipra Group** of SVS Scheme under Garhwa Block | Gar-05 | 1,16,48,538.00 | 2,33,000.00 | 10,000.00 | 1,16,99,186.00 | 2,34,000.00 | वही |
| 6 | Korwadih Group of SVS Scheme under Garhwa Block | Gar-06 | 3,12,11,037.00 | 3,13,000.00 | 10,000.00 | 3,14,93,806.00 | 3,15,000.00 | वही |
| 7 | **Sukhbana Group** of SVS Scheme under Garhwa Block | Gar-07 | 1,81,44,819.00 | 3,63,000.00 | 10,000.00 | 1,81,91,743.00 | 3,64,000.00 | वही |
| 8 | **Dhonti Group** of SVS Scheme under Garhwa Block | Gar-08 | 1,11,95,811.00 | 2,24,000.00 | 10,000.00 | 1,11,75,296.00 | 2,24,000.00 | वही |
| 9 | **Baligarh Group** of SVS Scheme under Garhwa Block | Gar-09 | 1,03,95,891.00 | 2,08,000.00 | 10,000.00 | 1,04,04,471.00 | 2,09,000.00 | वही |
| 10 | **Bishunpur Group** of SVS Scheme under Garhwa Block | Gar-10 | 1,24,88,751.00 | 2,50,000.00 | 10,000.00 | 1,26,03,925.00 | 2,53,000.00 | वही |
| 11 | **Naranpur Group** of SVS Scheme under Garhwa Block | Gar-11 | 1,22,29,965.00 | 2,45,000.00 | 10,000.00 | 1,23,15,866.00 | 2,47,000.00 | वही |
| 12 | **Sigsiga kala Group** of SVS Scheme under Chinia Block | Gar-12 | 1,00,58,598.00 | 2,02,000.00 | 10,000.00 | 1,01,19,617.00 | 2,03,000.00 | वही |
| 13 | **Barwadih Group** of SVS Scheme under Chinia Block | Gar-13 | 1,64,78,154.00 | 3,30,000.00 | 10,000.00 | 1,65,28,366.00 | 3,31,000.00 | वही |

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित कर प्रकाशित |
|---|---|---|---|
| 1 | **Date & time of Publication of Tender on Website** | 09.02.2023/12:30 P.M. | **01/02/2023 12:30 P.M.** |
| 2 | **Date & time of Pre-bid Meeting** | 14.02.2023/12:30 P.M. Office of the Rigional Chief Engineer, D.&S.D. Ranchi Zone, Ranchi. | **02/03/2023 12:30 P.M.** Office of the Rigional Chief Engineer, D.&S.D. Ranchi Zone, Ranchi. |
| 3 | **Last date/Time for receipt of Bid** | 20.02.2023/05:00 P.M. | **09/03/2023 05:00 P.M.** |
| 4 | **Last date/Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost (in Hard copy)** | **21/02/2023 10:30 AM to 05:00 P.M.** (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. | **10/03/2023 10:30 AM to 05:00 P.M.** (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. |
| 5 | **Date & time of Opening Tender** | 22.02.2023/04:30 P.M. | **11/03/2023 04:00 P.M.** |

निविदा की तिथि एवं समय :–

नोट – (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।
(iii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर या कार्यालय में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 291090 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

NEWS इन ब्रीफ

## आजसू ने नगर निगम के मनमानी पर रोक लगाने की मांग की

**मेदिनीनगर।** आजसू के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार गुप्ता ने कहा कि नगर निगम मनमानी कर रहा है। गुरुवार को बेलवाटिका से गांधी मैदान स्टेशन रोड के बीच कई गरीब दुकानदार अपना दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। जिनका बिक्री दिन भर मे पांच सौ रुपया नहीं है । लेकिन निगम के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत मनमानी करते हुए पांच सौ रुपये की रसीद थमा दिया गया। स्थानीय दुकानदारों के द्वारा नगर निगम के इस कार्रवाई का विरोध किया गया। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि ऐसी स्थिति रही तो स्टेशन रोड के सभी दुकान बन्द कर विरोध दर्ज कराया जाएगा । वही, बिरसा चौक पर आये दिन बराबर जाम लगा रहता है। लेकिन वहां निगम को स्वच्छता नजर नहीं आती, क्यों कि वहां से मासिक शुल्क बंधी हुई हैं। आजसू पार्टी ने कहा कि नगर निगम अपने हरकत से बाज नहीं आई तो पार्टी उपायुक्त व नगर आयुक्त को मामला संज्ञान में देकर आन्दोलन को बाध्य होगीं।

## बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने याद किया संत गाडगे को

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में संत गाडगे की 147 वीं जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की व संचालन संजय कुमार ने किया। सर्वप्रथम संत गाडगे के तस्वीर पर फुल माला चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि संत गाडगे दलितों एवं वंचितों के दिशावाहक थे। उन्होने सामाजिक बुराईयों, कुरीतियों एवं अंध विश्वास को दूर करने का रास्ता दिखाया। संत गाडगे का मानना था कि ईश्वर न तो तीर्थ स्थानों में है, और न ही मंदिरों, गिरजा घरों में है। दरिद्रनारायण के रूप में सब स्थानों में विद्यमान है। उन्हो ने भूखों को भोजन नंगे को वस्त्र, प्यासे को पानी, बेकार को काम का संदेश दिया। ताकि गरीबों को मुफ्त में ठहरने की व्यवस्था मिल सकें। संत गाडगे 1905 से 1917 तक अज्ञात वास में रहे। उन्हाने आगे बढ़ने के लिए शिक्षा पर बल दिया। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने उपस्थित लोगों से अपील किया की संतो के आदर्शों पर चलने वाला व्यक्ति ही सामाज का सच्चा सिपाही हो सकता है। श्यामसुन्दर बैठा ने कहा की संत गाडगे का जन्म 23 फरवरी 1876 ई० को महाराष्ट्र प्रान्त के अमरावती जिला में हुआ था। वे दीन-दुखियों, वंचितों, की सेवा को ही ईश्वर मानते थे। मौके पर अरविन्द कुमार रजक, नन्हक सिंह, भोला बैठा, राजेन्द्र राम, यशवंत कुमार, रंधिर कुमार, प्रेम कुमार, उपेन्द्र रजक, राहुल कुमार, शिव नरायण साव, लल्लु बैठा, बबन रजक ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अंत में संतन कुमार रजक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## माता शबरी का प्रेम अनूठा थाः लवली

**पांकी।** प्रखंड के लोहरसी में शबरी माता जयंती के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पांकी पूर्वी के पूर्व जिला परिषद सदस्य सह प्रदेश प्रवक्ता भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम सामाजिक समरसता को बढ़ाती है। भगवान राम और माता शबरी की जो भक्ति है । वह सामाजिक समरसता का एक बेमिसाल उदाहरण है। माता शबरी की भक्ति को अपनाने की जरूरत है। उनकी भक्ति से प्रभावित होकर भगवान राम ने शबरी माता के जूठे बेर को खाकर शबरी की भगवान के प्रति भक्ति को अमर कर दिया है। कार्यक्रम का संचालन नगीना भुइंयाा ने किया। मौके पर मुखिया पति अरविंद सिंह, समाजसेवी मुकेश गुप्ता, पूर्व सरपंच सुरेंद्र यादव, अखिल भारतीय भुइयां समाज के प्रखंड अध्यक्ष ललन भुइयां ,सचिव संजय भुइयां ,सूर्यनाथ वैद्य, संतोष गुप्ता, नगीना भुइयां, प्रमोद पासवान, मुकेश भुइयां, राजेश, दुर्गेश सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आचार्य वशिष्ठ स्वामी के सानिध्य में चल रहे यज्ञ का समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के संत आचार्य वशिष्ठ नारायण स्वामी जी महाराज के सानिध्य में उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिला चाची कला शक्ति धाम में छह फरवरी को यज्ञ भूमि पूजन व महावीरी झंडा का पूजन यूपी के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के द्वारा किया गया। सात फरवरी को कलश यात्रा के साथ यज्ञ की शुरूआत हुई। कलश यात्रा के दौरान एमएलसी, यूपी बीजेपी के पूर्व संगठन मंत्री व संरक्षक जय प्रकाश चतुर्वेदी, रार्बटसगंज विधायक, भूपेश चौबे, समाजकल्याण मंत्री संजीव गौड, ओबरा विधायक अनील मौर्या,घोरावल विधायक अजीत चौबे, सोनभद्र बीजेपी के जिला अध्यक्ष सहित अधिक संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ यज्ञ के संरक्षक व पूर्व संगठन मंत्री जय प्रकाश चतुर्वेदी और उप मुख्यमंत्री संतों से आशीर्वाद लेने कुटिया में पहुंचे। 13 फरवरी को यज्ञ की पूर्णाहूति एवं संतो की विदाई हुई । साथ ही 14 फरवरी को भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें अधिक संख्या में लोगों ने भाग लिया। इसी के साथ संत आचार्य वशिष्ठ नारायण स्वामी के नेतृत्व में चल रहा यज्ञ संपन्न हो गया।

## पलामू एसपी ने गंभीर मरीज को उपलब्ध कराया ब्लड

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर सदर अस्पताल में भर्ती मरीज सुमित्रा देवी को ब्लड उपलब्ध कराया गया। जानकारी के अनुसार सुमित्रा देवी की स्थिति काफी गंभीर थी, और उन्हें परिजनों के द्वारा इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें 3 यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी। तभी परिजनों के द्वारा इसकी सूचना पलामू एसपी चंदन सिन्हा को दी गई। जानकारी मिलते ही पलामू एसपी चंदन



सिन्हा के आदेश पर पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे के द्वारा आरक्षी 406 विरेंद्र राम जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रतिनियुक्त था । जो वर्तमान में पांकी में तैनात हैं,लगातार रात दिन ड्यूटी करने के बावजूद भी जवान वीरेंद्र राम के द्वारा वृद्ध माताजी को अपना बहुमूल्य रक्तदान किया । इसका श्रेय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को जाता है । क्योंकि वे अपने पलामू के जवानों को रक्तदान के लिए लगातार प्रेरित करते हैं और जवान का मनोबल बढ़ाते रहते हैं । पूरे पलामू जिला में अगर किसी को ब्लड की आवश्यकता पड़ती है तो वह सबसे पहले जीवन दान देने वाले पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को याद किया जाता है। बताते चलें कि पलामू में किसी भी दुर्घटना में घायल गंभीर मरीज को पलामू एसपी के द्वारा ब्लड दिला कर उसका जान बचाने का काम किया है। किसी भी गंभीर मरीज को जब भी खून उपलब्ध नहीं हो पाता है तो उसका एक ही आसरा रहता है की उनकी मदद एसपी चंदन सिन्हा करेंगे और एसपी उनकी मदद करते भी हैं।

### सहायक अध्यापकों की आंकलन परीक्षा मई में होने की संभवना

# सहायक अध्यापकों को मानदेय में मिलेगा लाभ

■ **चार हजार से अधिक पारा शिक्षक इस परीक्षा में शामिल होने से रह गए वंचित**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के सहायक अध्यापकों के मानदेय की बढ़ोत्तरी के लिए मई में आकलन परीक्षा ली जा सकती है। इस परीक्षा में 43 हजार पारा शिक्षक शामिल होंगे। चार हजार से अधिक पारा शिक्षक इस परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह गए हैं। उन्हें अब दूसरी आकलन परीक्षा का इंतजार करना होगा। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि राज्य में 47,500 पारा शिक्षक जो शिक्षक पात्रता परीक्षा पास नहीं हैं। आकलन परीक्षा में वैसे ही पारा शिक्षक शामिल हो सकते हैं, जिनके डॉक्यूमेंट वेरिफाइड हो चुके हैं। 47,500 पारा शिक्षक में से 45 हजार शिक्षकों के सर्टिफिकेट का वेरिफिकेशन हो सका है। इनमें से



करीब 43 हजार पारा शिक्षकों ने ही आकलन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। राज्य के 25 सौ पारा शिक्षकों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन नहीं हो सका है। ऐसे शिक्षक आकलन परीक्षा के लिए आवेदन नहीं कर सके। 45 हजार डॉक्यमेंट वेरिफाइड पारा शिक्षकों में से 43 हजार ने ही आवेदन किए हैं। दो हजार डॉक्यूमेंट वेरिफाइड शिक्षकों ने आकलन परीक्षा के लिए आवेदन नहीं किया है। इस तरह 45 सौ पारा शिक्षक पहली आकलन परीक्षा नहीं दे सकेंगे। अब ऐसे शिक्षकों को दूसरी आकलन परीक्षा का इंतजार करना होगा। अब तक जो पारा शिक्षक आकलन परीक्षा में सफल होंगे उनके मानदेय में ही 10 फीसदी की बढ़ोतरी होगी। पारा शिक्षकों के मानदेय में जनवरी से चार फीसदी की बढ़ोतरी की गयी है। पर अब तक उन्हें इसका लाभ नहीं मिल सका है। ऐसा जिलों की गलती की वजह से हो रहा है। मानदेय भुगतान से संबंधित गलत रिपोर्ट जिलों से भेजा गया जिस वजह से अब तक मानदेय का भुगतान नहीं हो सका है। जिलों से भेजी गयी गलत रिपोर्ट से शिक्षा विभाग नाराज है। जिलों को अविलंब रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। जिलों के वैसे पारा शिक्षक जिनका सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन हो गया और प्रशासनिक प्राधिकार से सेवा संपुष्टि हुई है उनका चार फीसदी मानदेय बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। वहीं, जिनका सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन होने के बाद भी प्राशासनिक प्राधिकार से स्वीकृति नहीं मिली है उन्हें स्वीकृति मिलने के बाद इसका लाभ मिलेगा।

## 19 को डालटनगंज में लोकगीतों की प्रस्तुति देंगी नेहा राठौर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) की झारखंड राज्य समिति और राष्ट्रीय समिति ने प्रख्यात लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की है। इप्टा ने उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा यूपी में का बा गीत पर समाज में वैमनस्य और तनाव का अनर्गल आरोप लगाए जाने और नेहा से स्पष्टीकरण की कार्यवाही को अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला बताया और कहा कि एक कलाकार की हैसियत से नेहा ने जनता के सवालों को प्रमुखता से उठाया है। इस गीत में कानपुर में बुलडोजर से घर गिराने और मां-बेटी की मौत पर सवाल उठाया गया है जो वाजिब सवाल है और सिर्फ कानपुर ही नहीं पूरे देश की महिलाओं का भी सवाल है। इसलिए इप्टा नेहा सिंह राठौर के साथ खड़ा है। इप्टा के झारखंड राज्य महासचिव उपेंद्र मिश्रा ने उत्तर प्रदेश सरकार से इस अनर्गल और असंवैधानिक कार्यवाही को तत्काल वापस लेने की मांग की है। इप्टा के राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजन समिति के महासचिव शैलेन्द्र ने बताया है कि नेहा सिंह राठौर डालटनगंज (झारखंड) में 17 से 19 मार्च तक इप्टा के राष्ट्रीय सम्मेलन सह जन सांस्कृतिक समारोह में एक विशिष्ट अतिथि कलाकार के रूप में भागीदारी करेंगी। इप्टा मांग करती है की सरकार यह नोटिस वापस ले और अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला बंद करे।

## जेएमएम नेताओं ने मेयर अरुणा शंकर को घेरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर मे झारखंड मुक्ति मोर्चा ने एक बार फिर मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर को कटघरे में खड़ा किया है। महापौर ने पानी और लीज नवीकरण मामले पर राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को पत्र लिख कर उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाने की कोशिश की है। जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता कर पलामू झामुमो ने बताया कि पेयजल संकट और खासमहाल लीज नवीकरण का मामला आज का नहीं है। इन दोनों समस्याओं के समाधान के लिए मंत्री मिथिलेश ठाकुर और राज्य की वर्तमान सरकार पूरी तरह गंभीर है। जो सिर्फ मीडिया में ही जनहितैषी होने का ढोंग रचते हैं। वहीं झामुमो जिला सचिव सानू सिद्दीकी ने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार ने जनहित में कई बड़े कदम उठाये हैं। उन्होंने दावा किया कि पलामू पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नजरें इनायत हैं।

## एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता ने किया क्षेत्र का दौरा

**मेदिनीनगर।** एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह लगातार हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों की समस्या से रुबरू हो रहे हैं। इस बीच लगातार कार्यकताओं के साथ बैठक कर वर्तमान व भविष्य की रणनीति पर विचार विमर्श कर रहे हैं। हैदरनगर देवी धाम परिसर में प्रखंड के गांव गांव के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने की। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि एनसीपी स्वच्छ और धर्मनिरपेक्ष राजनीति में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जिन गांव में विकास के कार्य नहीं हुए हैं, उसे वह प्राथमिकता के आधार पर विधायक व अधिकारियों से बात कर करवाने का काम करेंगे।

## आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में पांकी विधायक बरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में पांकी के विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता का आरोप सिद्ध नहीं होने पर एमपी एमएलए के स्पेशल मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने रिहा कर दिया है। शशि भूषण मेहता पर 25 अप्रैल 2016 को 11:00 से 1:00 बजे दिन में टेंट, सामियाना लगाकर बिना अनुमति के मिसिर दोहर ग्राम में चुनावी सभा को संबोधित करने और वहां पहुंचे लोगों को खाना खिलाने का आरोप था। आदर्श आचार संहिता कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी नंद कुमार मिश्रा ने शशिभूषण मेहता के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी तरहसी थाना में कांड संख्या 24/ 2016 दर्ज कराया था । जो भारतीय दंड विधान की धारा 171 ई,171 एफ,व 134 लोक




प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी । इस मामले में अभियोजन की ओर से गवाहों की गवाही कराई गई थी। 75 पांकी विधानसभा क्षेत्र के तरहसी प्रखंड के मिसिर दोहरी ग्राम पंचायत सेलारी में 25 अप्रैल 2016 रविवार को एक 11 बजे से 1 बजे तक संभावित प्रत्याशी शशिभूषण मेहता के द्वारा टेंट लगाकर चुनावी सभा की और वहां पहुंचे व्यक्तियों को खाना खिलाया था। जो 144 तथा आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला बनता है । इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से राहुल सत्यार्थी ने बहस किया। अदालत ने साक्ष्य के अभाव में अभियोजन के द्वारा केस साबित नहीं करने के कारण इस मामले में शशिभूषण मेहता को बरी कर दिया।

## जिला परिषद सदस्य ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले अंतर्गत गाड़ी पंचायत के गाड़ी गांव में जिला परिषद कोटे की राशि से 200 फिट पीसीसी पथ का शिलान्यास बुधवार को पंडवा जिला परिषद सदस्य माया कुमारी ने किया। कहा कि गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। ग्रामीणों की मांग पर प्राथमिकता के आधार पर गाड़ी गांव में 200 फिट पीसीसी पथ दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ जिताया है उस पर खरा उतरूगी। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता मंजीत कुमार,हरेलाल मेहता, मणिरत्नम, ललन मेहता,राजू मेहता, संगीता देवी , बसंत मेहता समेत दर्जनों उपस्थित थे।

## सरकार की तुष्टिकरण नीति अराजकता के लिए जिम्मेवारः प्रवीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह ने पांकी में हुई सांप्रदायिक हिंसा के लिए राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि हिंसा के बाद पुलिस प्रशासन एकपक्षीय कार्रवाई कर रही है। जिससे वहां के लोग भयभीत है। 15 फरवरी को जिस दिन घटना घटी है। उस दिन सीसीएल दरभंगा हाउस रांची में कार्यरत कर्मियों सहित हरियाणा एवं अन्य राज्यो में गए कामगारों पर भी मुकदमा दर्ज कर उनके परिवार वालों को परेशान किया जा रहा है,जो दुखद है। पांकी दौरे के क्रम में स्थानीय लोगों से बातचीत कर घटना की पूरी जानकारी लिया हूं। फिर पलामू के आईजी एवं एसपी को बताया गया कि घटना में शामिल आरोपियों की जगह बेवजह सीधे-साधे ग्रामीणों को जेल भेजा जा रहा है जो गलत है। एसपी एवं आईजी ने आश्वस्त किया है कि वह इसकी जांच करायेंगे। पलामू जिले के लोग शांतिप्रिय है। यहां कभी भी दंगा ना के बराबर होने का इतिहास है।

## जेएस कॉलेज में एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय जनता शिवरात्रि महाविद्यालय परिसर में गुरुवार कोएआईएसएफ के द्वारा एक दिवसीय संकेतिक प्रदर्शन किया गया। जिसका अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय ने किया। जनता शिवरात्रि महाविद्यालय अध्यक्ष हिमांशु रंजन ने कहा की प्राचार्य से पूर्व में ही शैक्षणिक अराजकता दूर करने हेतु 7 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था मगर उन्होंनो मांगपत्र पर थोड़ा भी ध्यान नहीं दिया। उनको पुनः याद दिलाने हेतु गुरुवार को संकेतिक प्रदर्शन किया गया हैं। जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय ने कहा कि महाविद्यालय में एकात्मक शासन चलाने में इतने लिप्त हैं की वो भूल



गये की देश में लोकतंत्र हैं। प्रदर्शनकारी से मिलने तक का समय नहीं उनके पास। प्राचार्य संकेतिक प्रदर्शन को हल्के में लेने का भूल ना करें। आगे और भी उग्र आंदोलन होगा। उन्होंने साइक्लोजी विभाग पर पैनी नजर बनाने, महाविधालय में 75% उपस्थिति अनिवार्य करने जैसे मांग शीघ्र पूरा करने को कहा। जिला कार्यक्रारी अध्यक्ष राहुल कुमार ने बोला की महाविद्यालय में चारों तरफ भ्रष्टचार फैला हैं। जिसका पुख्ता सबूत हैं, समय आने पर उसको भी सार्जवानिक किया जायेगा। एआईएसएफ किसी भी प्रकार का भ्रष्टचार बर्दास्त नही करेगा । मौके पर सौरव कुमार पाठक, मुकेश कुमार , प्रिंस राज गुप्ता, हरि नारायण यादव , रवि रंजन, जिला महासचिव सह महाविद्यालय प्रभारी कौशल किशोर मौजूद रहे।

## नेहा राठौर के साथ व्यवहार पर हमलाः रूचिर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने ब्यान प्रसारित कर लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि लोक गायिका का मतलब ही होता है वह समाज के लिए समाज में फैल रही कुरीतियों वैमनस्य के लिए गीत गाए और उसी के तहत नेहा सिंह राठौर ने भी गीत गाया है। इससे पहले भी कई एक कलाकार ने इस संबंधित गीत को गाया। परंतु इन लोग पर कोई कार्रवाई पहले भी नहीं हुआ था । लोकगीत के नाम पर गायकों के द्वारा अश्लीलता परोसा जा रहा है आजकल गायकी में अश्लीलता की सारी हदें पार की जा रही है। लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। लेकिन आज इस प्रकार से अनर्गल आरोप लगाए जाने और नेहा सिंह राठौर से स्पष्टीकरण की कार्यवाही को वाक्य एवं अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला बताया। श्री तिवारी ने कहा कि एक कलाकार की हैसियत से नेहा ने जनता के सवालों को प्रमुखता से उठाया है। इस गीत में कानपुर में बुलडोजर से घर गिराने और मां-बेटी की मौत पर सवाल खड़ा किया था, जो वाजिब सवाल था।

**वाहन चेकिंग** — गाड़ी छुड़वाने में लोगों को होती है बहुत परेशानी

# ग्रामीणों को आना पड़ता है मेदिनीनगर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हुसैनाबाद, हरिहरगंज, पाकी, मनातू जैसे प्रखंडों के लोगों को और भी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। बताते चलें कि पुलिस के द्वारा इन प्रखंडों में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान वाहन तो पकड़ लिया जाता है, लेकिन उनका चालान कटवाने के लिए पुलिस के द्वारा मेदिनीनगर डीटीओ के पास भेजा जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने बताया कि जब उनका बाइक पकड़ा जाता है तो उन्हें चालान कटवाने के लिए मेदिनीनगर डीटीओ ऑफिस जाना पड़ता है। यदि चालान काटवाने का व्यवस्था थाना परिसर में ही



हो जाए तो लोगों को काफी राहत मिलेगी। हुसैनाबाद के एक व्यक्ति ने बताया कि बुधवार को हुसैनाबाद थाना के समीप उनका वाहन हेलमेट नहीं रहने के कारण पकड़ा गया था। जब वह अपने हेलमेट का चालान कटवाने के लिए मेदिनीनगर डीटीओ ऑफिस पहुंचे तो वहां पहले से ही तैनात दलालों के द्वारा उन्हें चालान कटवा देने की बात कही गई। चालान कटवाने पहुंचे व्यक्ति ने बताया कि हेलमेट का चालान1117 रुपया था। लेकिन दलाल के द्वारा उनसे 3000 मांगा जा रहा था। और यह भी कहा गया कि 3000 दे दीजिए आप टेंशन मत लीजिए आपको चालान कटवा कर 2 मिनट में दे देंगे। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने पलामू उपायुक्त और पलामू जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन से आग्रह किया है कि पलामू जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में चालान कटवाने की व्यवस्था की जाए और दलालों पर नकेल कसा जाए।

## बाइक धक्के से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के ग्राम पोखराहा में 17 फरवरी को बाइक दुर्घटना में पोखरहा निवासी रामप्रीत चौधरी उम्र 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद परिजनों द्वारा उनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा था। जहां बुधवार की शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जिस बाइक से दुर्घटना हुआ था वह हौंडा शाइन गाड़ी था। जिसका नंबर जेएच 03 एल 3087 है। परिजनों ने बताया कि मृतक की 5 बेटी है और काफी गरीब है। वही इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का सदर अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल था। जानकारी के



अनुसार रामप्रीत चौधरी 17 फरवरी को अपने घर से पैदल जा रहे थे । तभी रास्ते में एक बाइक सवार ने उन्हें धक्का मार दिया था । जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिसमें इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# भवनाथपुर : मनरेगा में जेसीबी व ट्रैक्टर का हो रहा उपयोग





**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** प्रखंड में मनरेगा के बाद 15वें वित्त में अनियमितता सामने आ रहा है। ताजा मामला अरसली दक्षणी पंचायत का है जहां पर 15वें वित्त से खुश मोहम्मद अंसारी के घर से इमामुद्दीन अंसारी के घर तक बन रहे फेवर ब्लॉक पथ निर्माण में लाभुक मंशूर अंसारी द्वारा विभागीय मिली भगत से वन विभाग के कर्मा पहाड़ को जेसीबी द्वारा काट कर ट्रेक्टर द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है जिस में पंचायत के पंचायत समिति सदस्य की संलिप्तता है आपको बता दें कि उक्त योजना ढाई लाख की लागत से 15 वें वित्त से निर्माण कराया जा रहा है निर्माण कार्य मे लाभुक मंसूर अंसारी के द्वारा गांव के ही गुलमोहमद अंसारी के जेसीबी से वन विभाग के कर्मा पहाड़ी से काट कर नसीम अंसारी के ट्रेक्टर से मोरम निकाल कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

### क्या कहते हैं प्रखंड विकास पदाधिकारी

इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि योजना को बंद कर दिया जाएगा एवं जेसीबी मालिक पर प्राथमिकी कराई जाएगी।

### क्या कहते हैं रेंजर

इस संबंध में पूछे जाने पर रेंजर प्रमोद कुमार ठाकुर ने कहा कि अगर पहाड़ की कटाई किया जा रहा है तो बिल्कुल गलत है जांच कर दोषी पर करवाई किया जाएगा।

# केतार: डीलर पर लाभुकों ने राशन गबन करने का लगाया आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
केतार प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत के ताली गांव के ग्रामीणों ने डीलर पर राशन गबन करने का आरोप लगाया है। लाभुकों का आरोप है की सरस्वती महिला समुह के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत जुलाई, अगस्त और सितम्बर माह का राशन लाभुकों के बीच वितरण नहीं किया गया है। इससे प्रतीत होता है की डीलर राशन गबन कर दिया है। जबकि जनवरी माह का राशन वितरण करने में भी बटखारा चढ़ाकर राशन कि कटौती किया जा रहा है। लाभुकों द्वारा डिलर से राशन की मांग करने पर टालमटोल



किया जाता है। लाभुकों ने बताया की इससे पुर्व डिलर की शिकायत बीडीओ सह एमओ मुकेश मछुआ, तत्कालीन उपायुक्त रमेश घोलप से भी किया गया है। लेकिन डिलर पर अब तक कोई करवाई नहीं किया गया है। इस कारण डीलर का मनोबल बढ़ा हुआ है। इस सम्बन्ध में डीलर शनीचरी देवी ने बताया की लाभुकों द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है, आपसी रंजिश के कारण कुछ लोग परेशान करने की साज़िश रच रहे हैं। इस मौके पर पनवा देवी, तेतरी देवी,राजो देवी, सरोज देवी, संगीता देवी, बसंती देवी, फुल कुमारी देवी, वार्ड सदस्य प्रभा देवी, सुनीता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### झामुमो भवनाथपुर प्रखंड अध्यक्ष चंदन ठाकुर ने दिया इस्तीफा



**भवनाथपुर।** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष चन्दन कुमार ठाकुर ने झामुमो प्रखंड अध्यक्ष के पद से त्यागपत्र दे दिया। प्रखंड अध्यक्ष चन्दन ने इस से संबंधित आवेदन झामुमो जिला अध्यक्ष के भेजते हुए लिखा है कि मै निस्वार्थ भावना से पार्टी में लगातार सेवा करते रहता था। विगत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मै प्रखंड प्रमुख का चुनाव में प्रत्याशी था। उस में यहां के नेताओ के कहने पर पार्टी द्वारा प्रमुख के चुनाव में मुझे मदद नहीं किया गया। जिस कारण मै प्रखण्ड प्रमुख के चुनाव में तीसरे स्थान पर रहा। लगातार एक वर्ष से पार्टी को तोड़ने का कार्य किया जा रहा है। पिछले दिनों कार्यकर्ता मिलन समारोह में मेरे उपस्थिति के बावजूद मुझे दोनों नेताओं के इशारे पर मुझे बैकवर्ड समझ कर कार्यक्रम का अध्यक्षता नहीं करने दिया गया। आएदिन मुझे उपेक्षित किया जा रहा है । इस से परेशान होकर मै पार्टी से त्यागपत्र दे रहा हूं।

### विजय ऑटो पार्ट्स का उद्घाटन

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय के लाल चौक विष्णु मंदिर रोड में विजय ऑटो पार्ट्स दुकान का उद्घाटन हुआ। दुकान का शुभारंभ विशुनपुरा थाना प्रभारी बुधराम सामद एवं विशुनपुरा भाजपा मंडल प्रभारी कृपाल सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। थाना प्रभारी ने दुकान के मालिक को शुभकामनाए दी। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा,त्रिदीप मिश्रा, डॉ सीताराम यादव, जितेंद्र दीक्षित, गोविंद सोनी, विजय चौरसिया, हुसैनी शर्मा, मंटू पाण्डेय, आशीष सिंह, अशोक मेहता, सहित कई लोगो ने दुकान के मालिक को शुभकामनाएं दी।

### फूलचंद लकड़ा को अंगवस्त्र देकर किया गया सम्मानित

**श्री बंशीधर नगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने जमशेदपुर से दिल्ली साइकिल द्वारा जा रहे फूलचंद लकड़ा को नगर उंटारी थाना के निकट अंगवस्त्र देकर पलामू चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों ने सम्मानित किया। फूलचंद लकड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐसे भक्त हैं, जो जमशेदपुर से साइकिल द्वारा दिल्ली के लिये रवाना हुये हैं। उन्होंने कहा कि मोदी हमारे दिल मे बसे हैं दिल्ली जाकर वे प्रधानमंत्री से मिलकर उनसे कुछ सीखने की इच्छा रखते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी भक्ति मुझे दिल्ली साइकिल से जाने के लिए मजबूर कर दिया उन्होंने कहा कि वे 16 फरवरी को 10 बजे जमेशदपुर से साइकिल से निकले हैं। उन्होंने बताया कि वे पहला विश्राम बुंडू में किये है। 17 फरवरी को टोरी,18 फरवरी को खलारी, 19 व 20 फरवरी को लातेहार, 21 फरवरी को मेदिनीनगर, 22 फरवरी को गढ़वा में विश्राम किये तथा 23 फरवरी को नगर उंटारी पहुंचे है। मौके पर चेम्बर अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर,सचिव गोपाल जायसवाल, सहित अन्य उपस्थित थे।

## गढ़वा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक के साथ हुई मारपीट

# 20-25 की संख्या में जेएमएम नेताओं ने किया हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
हजारीबाग में डीसीसी के बाडीगार्ड द्वारा चिकित्सक के साथ बदसलुकी का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि गढ़वा में भी चिकित्सक के साथ मारपीट की घटना सामने आ गई। गुरुवार को सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में 20-25 की संख्या में पहुंचे झामुमो कार्यकर्ताओं ने जमकर बवाल काटा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग में हुए कार्यों का हिसाब की मांग करते हुए सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा. अवधेश सिंह को निशाने पर ले लिया और उनके साथ मारपीट भी कर दी। सिविल सर्जन कार्यालय में गाली-गलौज व हंगामा करीब आधे घंटे तक चलता रहा।




झामुमो के किसी कार्यकर्ता ने सिविल सर्जन या किसी चिकित्सक के साथ अभद्रता नहीं की है। हमलोग सिर्फ बातचीत के लिए गए थे। बातचीत कर वापस आ गए।

**-तनवीर आलम खान, जिला अध्यक्ष, झामुमो, गढ़वा।**

जिप अध्यक्ष व जिला बीस सूत्री अध्यक्ष के नेतृत्व में लोग उनके कार्यालय में आकर स्वास्थ्य विभाग में हुए कार्यों को लेकर हिसाब मांग रहे थे। इस दौरान नाराजगी जताते हुए हल्ला हंगामा हुआ है।

**- डा. अनिल कुमार, सिविल सर्जन, गढ़वा।**

### स्वास्थ्य विभाग में कार्य हथियाने को लेकर नाराजगी बना है कारण

स्वास्थ्य विभाग में ठेकेदारी को लेकर झामुमो के लोगों नाराजगी की बात सामने आ रही है। जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, बीस सूत्री के जिला अध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, झामुमो नेता ताहिर अंसारी समेत 20-25 की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शाम करीब 3:30 बजे सिविल सर्जन कार्यालय में पहुंचे थे। नेताओं ने सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार से सदर अस्पताल समेत स्वास्थ्य विभाग में हुए विकास कार्यों के बारे में हिसाब मांगा। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के सभी कार्यों की ठेकेदारी झामुमो कार्यकर्ताओं को देने का दबाव बनाने लगे। इस दौरान उनलोगों ने सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा. अवधेश सिंह पर अभद्रता से बातचीत करने का भी आरोप लगा दिया। साथ ही समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराए जाने को लेकर उन पर नाराजगी जताई। बताया गया कि जब डा. अवधेश सिंह ने अपनेउपर लग रहे आरोप गलत बताते हुए झामुमो नेता को कसम खाने की बात कही तो उनके साथ मारपीट की गई। इसके बाद डा. अवधेशसिंह सिविल सर्जन कार्यालय से निकल कर चले गए। जब उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने काल रिसीव नहीं किया। इधर, इस घटना को उपायुक्त के तबादले से जोड़कर देखा जा रहा है। लोगों की मानें तो ऐसी घटनाएं पहले ही घटित हो सकती थी। लेकिन रमेश घोलप के उपायुक्त पद पर आसीन होने के कारण झामुमो के लोग मुखर होकर कुछ नहीं कर पा रहे थे। गुरुवार को नए उपायुक्त के पदभार ग्रहण करने के दो घंटे के भीतर ही इस तरह की घटना घटित होना लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा मंत्री मिथिलेश का गुंडाराज हावी है!

**भाजपा** जिला महामंत्री संतोष दुबे ने झामुमो मंत्री मिथलेश ठाकुर पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि गढ़वा में मंत्री के ईसारे पर गुंडाराज चल रहा है उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल गढ़वा में उपाधीक्षक अवधेश सिंह को झामुमो नेता सह गढ़वा जिला बीस सुत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह द्वारा झामुमो के स्थानीय गुंडो को बुलाकर सीएस आफिस में दिनदहाड़े खुलेआम मारपीट किया गया। उन्होंने कहा कि मारपीट के इस घटना से जिला में भय का वातावरण बना हुआ है पदाधिकारी से लेकर कर्मी तक भयभीत हो चुके हैं। झामुमो के लोग पदाधिकारी के ऊपर गलत काम करने को लेकर दबाव बनाते है जो पदाधिकारी गलत काम नहीं करते हैं उनके साथ खुलेआम मारपीट किया जाता है और उसके बाद पदाधिकारी पर मुकदमा नहीं करने



के लिए गलत तरीके से जबरदस्ती दबाव बनाया जाता है उन्होंने कहा कि भाजपा गढ़वा जिला प्रशासन से यह मांग करती है कि 23 फरवरी 2023 का समय 2:30 बजे से 4: 30 बजे तक का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराए। जिससे घटना की सत्यता सामने आ सके। जिस तरह से मारपीट किया गया है इससे अस्पतालकर्मियों के साथ साथ जिला के पदाधिकारी कर्मचारी में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रशासन झामुमो के गुंडो के ऊपर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुकदमा दायर कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे। अगर दोषी पर कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा में गुण्डाराज नहीं चलेगा जनता आर पार के लिए तैयार बैठा है झामुमो के लोग सत्ता के हनक में गुण्डाराज कायम कर चुके हैं। लेकिन अब भाजपा कार्यकर्ता ईट से ईट बजाने के लिए तैयार हो चुके हैं। गढ़वा में गुंडाराज नहीं चलेगा।

# शेखर जमुआर ने संभाला गढ़वा उपायुक्त का पद




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिले के 32वें उपायुक्त के रूप में गुरुवार को शेखर जमुआर ने निवर्तमान उपायुक्त रमेश घोलप से पदभार ग्रहण किया। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में निवर्तमान उपायुक्त ने नव नियुक्त उपायुक्त को पुष्प गुच्छ भेंट कर गढ़वा जिला में स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दी। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उपायुक्त ने समाहरणालय के सभागार में उपस्थित जिले के पदाधिकारियों से परिचय लिया एवं एक साथ मिलकर गढ़वा जिले के विकास के लिए कार्य करने की बात कही। उन्होंने जिले के विकास कार्यों को आगे ले जाने एवं सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने को लेकर सभी विभागों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाते हुए प्राथमिकता के आधार पर ससमय कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बिना किसी कारण कार्यों को लंबित न रखने का निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय समेत जिला के अन्य वरीय पदाधिकारियों ने उपायुक्त को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# रसोइये की इलाज के दौरान मौत

### सीआरपी और शिक्षकों में शोक की लहर व्याप्त

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
चिनिया थाना क्षेत्र के बेता पंचायत की बेसरी गांव में स्थित नव प्राथमिक विद्यालय की रसोईया बर्ती कुंवर खाना बनाने के क्रम में गिरकर बेहोश होकर लकवा ग्रस्त की मौत इलाज के दौरान संगबरिया अस्पताल मे गुरुवार को हो गई। जिससे उसके परिवारजनों एवं शिक्षा विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। बताते चले कि 20 फरवरी 2023 को रसोईया बरती कुंवर स्कूल में ही खाना बनाने के क्रम में गिरकर बेहोश हो गई थी। जहां इलाज कराने के उपरांत रसोइया का लकवा का इलाज हो रहा था तथा 3 दिनों से संगबरिया अस्पताल में बर्ती कुंवर भर्ती थी,जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।
रसोईया बर्ती कुवर वर्ष 2005 से उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बेसरी में कार्यरत थी, जो पिछले 20 फरवरी को खाना बनाने के दौरान गिरकर बेहोश हुई थी थी, जिसे



तत्काल सीआरपी एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक हरिलाल यादव द्वारा बेहतर इलाज करवाने के लिए गढ़वा अस्पताल ले जाया गया था। पुनः गढ़वा अस्पताल से उसे बेहतर इलाज के लिए संगबरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु की खबर सुनते ही सीआरपी मंदीप राम,प्रभारी प्रधानधयापक हरिलाल यादव, सूरज नारायण यादव, संजय कुमार आदि ने शोक व्यक्त किया है। वहीं परिजनों ने बताया कि रसोइया बरती कुँवर को कई महीनों से मानदेय नहीं मिला था। मानदेय नहीं मिलने से वह सही से अपना इलाज नहीं करा पा रही थी। इधर सव घर पर पहुंचते ही परिवार वालों में रो-रो कर कोहराम मच गया, बता दु कि बर्ती कुंवर घर में अकेला कमासुख सदस्य थी जो अब उनके चले जाने से परिवार वालों के सामने एक बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न हो जाएगी ।

# उग्रवाद का ही देन है कि विधायक बने हैं भानू प्रताप : धर्मराज

**केतार।** भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही पर अमर्यादित टिप्पणी सोशल मीडिया पर करने को लेकर जयंत विश्वकर्मा पर विधायक प्रतिनिधि विकर्मा सिंह के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराने को लेकर केतार थाना में आवेदन दिया गया है। इस कारण प्रखंड में झामुमो और भाजपा कार्यकर्ताओं का राजनीतिक पारा चढ़ गया है। दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं में आमने -सामने आने की स्थिति बनी हुई है। विधायक प्रतिनिधि विकर्मा सिंह द्वारा दिये गये आवेदन के विरुद्ध झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार की शाम कपूर्री गेट के समीप नुक्कड़ सभा किया। इससे पुर्व झामुमो कार्यकर्ताओं ने सब्जी बाजार से कपूर्री गेट तक विधायक भानु के विरोध में हाथों में तख्ती लेकर जमकर नारेबाजी की। तत्पश्चात सभा कर थाना में आवेदन के खिलाफ विरोध प्रकट किया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए झामुमो नेता धर्मराज पासवान ने कहा की विधायक भानु ने स्वयं मुकुन्दपुर में विगत सोमवार को कहा था की मेरे उपर उग्रवाद का एक भी मुकदमा दर्ज होगा तो विधायक से स्थिफा दें दुंगा। उन्होंने कहा की संविधान के किस अनुच्छेद में लिखा है की सोशल मीडिया पर विधायक पर अमर्यादित टिप्पणी करने पर उनके बदले उनके प्रतिनिधि थाना में आवेदन देंगे। धर्मराज पासवान ने यह भी कहा की उग्रवाद का ही देन है की आज भानू प्रताप शाही विधायक बने है। उन्होंने कहा की नगर स्थित इनके मकान पर इडी का बोर्ड लगा है, इन पर दवा घोटाला सहित अनेकों एफआईआर दर्ज है।जो विधानसभा के लिए निंदनीय है। इस मौके पर झामुमो नेता सह उप प्रमुख शम्भु सिंह, कामेश्वर सिंह, छोटन सिंह, मनोरंजन गुप्ता, नागेन्द्र ठाकुर, शुशील यादव, शिवकुमार सिंह, सुरेश प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# फसल को बर्बाद कर रहे हैं नीलगाय

**धुरकी।** धुरकी प्रखंड के पंचायत गनियारी कला सहित क्षेत्र में इन दिनों नीलगायों के आतंक से किसान परेशान हैं। दर्जनों के झुंड में नीलगाय खेतों में घुसकर किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। क्षेत्र के करवा पहाड़, फाटपानी, गनियारी खुर्द , गनियारी कला, टाटीदीरी सहित कई दर्जनों गांवों में नीलगाय से किसान परेशान हैं। वहीं इस तेज सर्दी के कारण किसान जहां खेत की रखवाली नहीं कर पा रहे है। दूसरी और नील गाय रातों रात उनकी बोई हुई फसल को चट कर रही हैं। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि इन दिनों गेहूं, सरसों, चना सहित अन्य फसलों की पक कर तैयार है और अनुकूल मौसम के चलते फसल की पैदावार अच्छी होने की संभावना है, लेकिन नीलगाय के झुंड फसलों को बर्बाद करने लगे है। प्रतिदिन नीलगाय फसलों को रौंद कर खराब कर रहे हैं। किसान राजेंद्र चौधरी, दशरथ गोड, सोहन गोड, विरेंद्र गोड ने बताया कि दर्जनों के झुंड में नीलगाय खेतों में घुसता है जहां से गुजरते हैं, वहां की फसल खत्म हो जाती है। सुखाड़ के चलते धान की खेती नहीं हो पाई है हम लोग को केवल भरोसा गेहूं चना मटर आदि लगाए फसलों पर भरोसा है जिसे प्रतिदिन नीलगाय फसल को नष्ट कर देते इसके बावजूद भी इस समस्या से वन विभाग अनजान बना हुआ है।

# पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**डंडाई।** थाना प्रभारी सुनील कुमार पटेल की उपस्थिति में गुरुवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत उनके ओर से चलाए गए अभियान में मुख्य रूप से दो पहिया वाहन का चेकिंग किया गया। इस दौरान बिना हेलमेट के वाहन चला रहे लोगों के वाहन को जब्त कर उनके द्वारा थाना में लगा दिया गया। इस बीच पुलिस की ओर से 14 दोपहिया वाहन को जप्त करने का काम किया गया। इस दौरान कई लोगों के द्वारा अपने अपने वाहन को छुड़ाने का काफी प्रयास किया गया। लेकिन थाना प्रभारी पर उसका तनिक भी असर नहीं पड़ा। उनके वाहन को भी थाना परिसर में उनके द्वारा लगवाने का काम किया गया। इस बीच शौकीन के शुमार युवक को सर के बजाए हाथ में हेलमेट लगा वाहन चलाना काफी महंगा पड़ गया। थाना प्रभारी ने उक्त प्रक्रिया को वाहन चेकिंग अभियान का उल्लंघन मानते हुए युवक के भी वाहन को जब्त कर थाना में लगवा दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है।

## आयोजन: उ.म.वि. चिनीया में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन

# छात्र-छात्राओं के बीच स्कूली कीट वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। चिनीया**
चिनिया प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में गुरुवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया, इस गोष्टी आयोजन में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी रामवृक्ष यादव उर्फ मुखिया जी मौके पर उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामसागर यादव ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए छात्र व छात्राओं को ससमय विद्यालय आने की बात कहीं। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई-लिखाई करने की सलाह दीं। साथ ही उन्होंने अभिभावकों को बताया कि अपने बच्चों पर ध्यान



देते हुए समय से तैयार कराके विद्यालय प्रतिदिन अवश्य भेजें। वहीं शिक्षकों को भी निर्देश देते हुए कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य हैं। इनके भविष्य बनाने में कोताही न बरतें, मौके पर उपस्थित कई महिलाओं ने भी अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए शिक्षकों से आग्रह किया। साथ ही विद्यालय का बाउंड्रीवॉल मे गिरे हुए बाउंड्री को जल्द से जल्द दुरुस्त कर विद्यालय के समय तक गेट बंद रखने की बात कही तथा अनावश्यक रूप से बच्चों को बाहर नहीं जाने को कहा। मौके पर अभिभावकों की उपस्थिति में कक्षा 1 से लेकर 8 तक के सैकड़ों छात्र-छात्राओं के बीच स्कूली कीट का भी वितरण किया गया। मौके पर समाजसेवी रामवृक्ष यादव, उफ मुखिया जी शिक्षक ब्रजेंद्र पांडे,तनवीर अंसारी, गोविंदा कुमार,राजीव रंजन तिवारी, समीर राज,उपेंद्र प्रसाद शिक्षिका रेशमा डुंगडुंग, अस्मिता कुमारी, तथा लिपिक सुजीत कुमार आदि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# खड़ी हाइवा में लगी आग, हाइवा के चालक की हुई जलकर मौत

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू** थाना क्षेत्र के फुलबसिया साइडिंग में आर के टी सी कंपनी के हाईवा चालक का संदिग्ध अवस्था में पुलिस ने जली हुई शव को बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार हाईवा वाहन 2 दिनों से ब्रेकडाउन था और ब्रेक डाउन होने की कारण बैट्री वायर गियर बॉक्स निकाला हुआ था। जिससे शॉट सर्किट होने की कोई संभावना नहीं थी। हाईवा वाहन का चालक नवा खाप निवासी रूपलाल महतो (26 वर्ष) पिता शीलनाथ महतो उर्फ दीपू महतो पचड़ा पंचायत केरेडारी थाना क्षेत्र के निवासी था। जो आरकेटीसी कंपनी में हाईवा वाहन नंबर जेएच 01डीटी 8380 का चालक था। वाहन में चालक व वाहन को जला हुआ देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दिया। घटना की सूचना मिलते ही बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी सदलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे, इस घटना के विषय में ग्रामीणों से पूछताछ की। और जली हुई शव को कब्जे में लेकर अन्तः परीक्षण के लिए लातेहार भेज दिया गया और इधर समाजसेवी ईश्वर साव, कामेश्वर महतो, मगध आम्रपाली एटक यूनियन वे यूपीआस1 क्यूडब्ल्यूएस बिहारी पासवान, चालक मो अख्तर अंसारी सहित आरकेटी सी कंपनी के कई दर्जनों हाईवा चालकों ने कंपनी से मृतक के परिवारों को 15 लाख मुआवजा राशि व पत्नी के लिए नौकरी की मांग की। और उचित जांच कर दोषियों को गिरफ्तारी की मांग कर की गई। साथ में साइडिंग की कोयला ढुलाई कार्यों को समाचार लिखे जाने तक बंद था इधर घटना की सूचना मिलते ही 20 सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गांझू ने घटना स्थल पर पहुंच प्रशासन से निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की। साथ में कहा कि मृतक के परिजनों को आर के टी सी कंपनी 20 लाख मुआवजा राशि के साथ पत्नी को नौकरी दें।वहीं पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव पहुंचकर परिवार जन को 20 लाख व भरण पोषण के लिए प्रत्येक माह बीस हजार मुवाजा राशि देने की आरकेटी सी कंपनी से मांग की ।मृतक के पत्नी मानमती देवी पुत्र दुलेश्वर (7वर्ष) कपिल कुमार (5वर्ष) व मृतक का मां सहित सभी परिवार को रो रो कर बुरा हाल था। वहीं इस घटना को लेकर क्षेत्र में सनसनी है।

## जिप उपाध्यक्ष विज्ञान प्रदर्शनी मेले में हुए शामिल

**चतरा/सिमरिया।** गुरुवार को सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी सह तालमुंडा मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी शामिल हुए। परिसर में शिक्षण में कला और शिल्प का एकीकरण विषय पर छात्र छात्राओं के लिए सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी एवं टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। उपाध्यक्ष श्री तिवरी व जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी एवं टीएलएम मेले का संयुक्त रुप से उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर उन्होंने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम में बच्चों की उत्सुकता बच्चों के कौशल विकास को प्रकट करता है।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना को लेकर शिविर आज से

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** कामता पंचायत के ग्राम भुसाढ़ में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ बिमार लोगों को दिलाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 - 25 फरवरी को आयोजित शिविर का प्रचार प्रसार को लेकर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान की अगुवाई में बैठक किया गया।

बैठक में पंसस अयुब खान ने इस योजना के बारे में लोगों को से चर्चा करते हुए बताया कि कल्याण विभाग के द्वारा स्वास्थ सहायता योजना के तहत छोटे बिमारी में तीन हजार रुपए से लेकर दस हजार रुपए तक का अनुदान राशि दिया जाता है। बड़े गंभीर बिमारियों में स्वास्थ्य विभाग लाखों रुपए तक ईलाज के लिए सहायता राशि देती है। गांव में कोई बिमार हैं, अथवा कोई रोग से पीड़ित हैं और बाहर के किसी डॉक्टर की ईलाज दवा चल रही है और आप गरीब राशनकार्ड धारक हैं तो शिविर में सभी आवश्यक कागजात लेकर पहुंचे, आवेदन करें, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आपके आवेदन पर चिकित्सा सहायता राशि के लिए अनुसंशा कर जिला कल्याण विभाग को भेज देंगे, यहां से आपके खाते में चिकित्सीय अनुदान राशि आ जाएगी। यह राशि सहायता के रूप में सरकार द्वारा दवा ईलाज और पॉस्टिक आहार के लिए दी जाती है। आवेदन के साथ ईलाज की पूर्जा, जाति, आवासीय, राशनकार्ड, आधार, बैंक पासबुक की छाया प्रति देना होगा। आगे कहा कि प्रखंड में निवास करने वाले अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति एवं अल्पसंख्यक लोगों को सरकार द्वारा स्वास्थ्य सहायता राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने शिविर का प्रचार प्रसार कर शिविर की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील उपस्थित लोगों से की।

## अवैध शराब कारोबारियों पर की छापामारी

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब कारोबारियों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित छापामारी जारी है ।इसी क्रम में बुधवार शाम छिपादोहार थाना प्रभारी अभिषेक कुमार नेतृत्व में थाना अंतर्गत ग्राम कुचीला, भट्ठीमुहल्ला एवं खैराही टोला मे अबैध शराब के बिरुद्ध छापमारी करते हुए पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत राम साथ सहायक अवर निरीक्षक सुरेश यादव आईआरबी सस्त्र बल के साथ मिलकर 40 चालीस लीटर महुआ शराब एवं 60 लीटर जावा महुआ को बिनस्ट किया गया ।छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, जब तक क्षेत्र से पूरी तरह अवैध शराब कारोबारियों पर अंकुश नहीं लग जाता। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देसी शराब बनाने वाले लोगों शराब नष्ट कर चेतावनी देकर छोड़ दिया जा रहा है ।लेकिन दूसरी बार इन घरों से अवैध शराब बनाए जाने की समान जप्त किए जाने के बाद गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।

# डीएमओ ने तुबैद में मारा छापा



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** लातेहार में रात के अंधेरे में हो रहा कोयला का अवैध कारोबार शीर्षक से खबर चलने पर जिला खनन टास्क फोर्स की टीम ने बुधवार की रात डीवीसी को आवंटित तुबैद कोल माइंस के क्षेत्र में छापमारी की। इस दौरान टीम ने अवैध खनन कर कोयला ले जाते दो बाइक पकड़ी और चार क्विटंल कोयला जब्त किया। बाइक चालकों समेत अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई। टीम ने छापेमारी के दौरान खनन क्षेत्र में डीवीसी के कर्मियों को नहीं पाकर अवैध खनन में उनकी संलिप्तता की जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार जिले में अवैध खनन की सूचना पर उपायुक्त के निर्देश के आलोक में बुधवार की रात्रि 11 बजे जिला खनन टास्क फोर्स की टीम के द्वारा तुबेद कोल माइंस क्षेत्र में छापेमारी की गयी। छापेमारी टीम में जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह एवं जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार शामिल रहे। छापेमारी में खनन क्षेत्र से अवैध कोयला खनन कर ले जाते दो बाइक पकडा गया एवं बाइक में लदे चार टन कोयला को भी जप्त किया गया एवं बाइक चालक समेत सभी अज्ञात संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ लातेहार थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी। छापेमारी के दौरान अंधेरे का फायदा उठा कर आठ से दस बाइक एवं साइकिल चालक जिसमें कोयला लदा हुआ था भागने में कामयाब हो गए। जिला टास्क फोर्स की टीम को सबसे चैंकाने वाली बात यह भी की अवैध खनन पर रोक लगाने या निगरानी करने के लिए एक भी डीवीसी के कर्मी नहीं थे जिसके बाद डीएमओ के द्वारा डीवीसी के कर्मी की संलिप्ता का संदेह किया एवं जांच करने का भी निर्देश दिया गया है। जिला खनन टास्क फोर्स की टीम के द्वारा छापेमारी के दौरान खनन क्षेत्र में किसी भी स्थान पर तुबेद कोल माइंस के एक भी कर्मी नहीं दिखें जिससे अवैध खनन करवाने में डीवीसी कर्मी की संलिप्ता से इंकार नहीं किया जा सकता है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि तुबेद खनन क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना प्राप्त हो रही थी,जिसको लेकर बुधवार की रात्रि में छापेमारी की गयी जिसमें अवैध खनन कर कोयला ले जाते दो बाइक को पकड़ा गया है,सबसे बड़ी बात है कि अवैध खनन को रोकने के लिए एक भी कर्मी खनन क्षेत्र में नहीं मिले जो अवैध खनन कार्य को बढ़ावा देने में कर्मियों की संलिप्ता से इंकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन को लेकर डीवीसी कर्मियों की संलिप्ता पर जांच के आदेश दिए गए है,संलिप्ता उजागर होने पर कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने कहा है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ऐसे हुई कार्रवाई

उपायुक्त को तुबेद कोल माइंस क्षेत्र में अवैध कोयले की खनन की सूचना मिल रही थी जिसके बाद डीटीओ संतोष सिंह एवं डीएमओ आनंद कुमार समेत जिला खनन टास्क फोर्स में शामिल धर्मेन्द्र नाथ राय,सहायक पुलिस अवर निरीक्षक के द्वारा बुधवार की रात्रि 11:10 में तुबेद कोल ब्लॉक क्षेत्र हेरहंज के रास्ते में अवैध कोयला बाइक एवं साइकिल पर ले जाते दस से 12 की संख्या में दिखायी दिए। जिसके बाद टास्क फोर्स की टीम दो बाइक जेएच 19सी-4678 मालिक सुनील उरांव, पिता वठन उरांव, सोहदाग, कैमा एवं बाइक संख्या जेएच-01ए-9145 वाहन पोर्टल पर निबंधित नहीं था उसे पकड़ा गया एवं बाइक में लदे चार टन कोयले को जप्त कर लिया। वही अन्य बाइक चालक एवं साइकिल रात्रि का फायदा उठा कर भागने में गए। जिसके बाद वाहन चालक समेत संलिप्त व्यक्तियों

# चन्द्रगुप्त कोल परियोजना के अनापत्ति को लेकर हुई सुनवाई



**नवीन मेल संवाददाता।** टंडवा गुरुवार को सीसीएल के चंद्रगुप्त कोल उत्खनन परियोजना को लेकर टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत उड़सू में पर्यावरणीय अनापत्ति को लेकर लोक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अशोक यादव व संचालन डीसीएलआर गौरांग महतो ने किया। लोगों को जानकारी देते हुवे जीएम एके सिंह ने बताया कि 973 करोड़ रुपए की लागत के प्रस्तावित 1495 हेक्टेयर भूमि में 709 मिट्रिक टन कोल भंडारण में से 15 से 20 मिट्रिक टन प्रति वर्ष कोल उत्पादन का लक्ष्य है। जिसकी स्वीकृति सीआइएल द्वारा 14 अगस्त 2020 को दिया गया था। ओपेन कोल क्षेत्र में 1 से 8 मीटर कोयले की परत है। इससे 12 हजार लोगों का रोजगार सृजन होगा, जिसमें 1247 प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ेंगे। मंत्रालय से पर्यावरणीय स्वीकृति के पश्चात प्रदूषण नियंत्रण के लिए फॉग कैनन व अन्य तरीके से पानी छिड़काव लगातार किया जाएगा। आरएंडआर पॉलीसी के तहत रैयती, गैरमजरुआ खास व जीएमजेजे भूमि का सत्यापन होने के बाद दावेदारों को नौकरी सहित अन्य लाभ निर्धारित मापदंडों के अनुरूप दिए जाएंगे। वहीं रैयतों में अमर यादव ने स्थानीय बेरोजगारों के नियोजन को लेकर आम्रपाली परियोजना में विफल होना बताया। जबकि राहुल उरांव ने भूमि सत्यापन में व्यवधानों का सामना करने, राजकुमार नारायण दास ने घोषणाओं के अनुरूप अनुपालन नहीं करने, गंगा देवी ने जीएम-जेजे भूखंडों को रैयती के समतुल्य लाभ देने व फर्जी जमाबंदी निरस्त करने, जोजिला कुजूर ने भारी प्रदूषण से जीवन व जीविका प्रभावित होने, जैरू. उरांव ने कैंप लगाकर आन स्पॉट भूमि सत्यापन, शोषण, दमन और धांधली बंद करने की मांग की। गौरव गुप्ता ने क्षेत्रीय आधार पर मुआवजे में भारी अंतर होने की बात कही। जिसका कोई भी जबाव नहीं मिला। वहीं सीओ विजय दास ने जीएम से अविलंब प्रदूषण नियंत्रण करते हुए वृक्षारोपण करने का आग्रह किया। कहा सही तरीके से भूमि सत्यापन एक जटिल प्रक्रिया है। हालांकि उनके कार्यकाल में यह बेहद हीं पारदर्शी हो चुका है। मौके पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से कुमार गौरव जैन, जीएम अवनेश कुमार, नोडल अधिकारी पीके सिन्हा, पीओ मनोज कुमार, इंस्पेक्टर विजय सिंह, खनन सुशी माइनिंग कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट एके दत्ता, जीएम आरएस यादव समेत जनप्रतिनिधि, ग्रामीण आदि मौजूद थे।

# मनिका डिग्री कॉलेज में कॉमन कंप्यूटर सर्विस सेंटर शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** प्रखंड मुख्यालय स्थित डिग्री कॉलेज में कॉमन सर्विस सेंटर की सेवा शुरू हो गई है। मौके पर पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह और प्राचार्य डॉ बिमल कुमार सिंह ने दीप जलाकर और फीता काटकर कॉमन सर्विस सेंटर का उद्घाटन किया। मौके पर जिला शिक्षा प्रबंधक पवन कुमार सिंह ने बताया कि कॉलेज में कॉमन सर्विस सेंटर डिग्री कॉलेज में स्टूडेंट फेसिलेटेड सेंटर के रूप में कार्य करेगा। इसके माध्यम से छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा, ऑन लाइन फार्म भरना,परीक्षा फार्म भरना,आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र बनाना, जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र बनाना समेत लगभग चार सौ कोर्स की व्यवस्था की गई है। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि कॉलेज में कॉमन सर्विस सेंटर खुलने से यहां के छात्रों को भरपूर लाभ मिलेगा।उन्होंने कहा कि अब छात्रों को फार्म भरने आदि के लिए अन्य जगहों पर भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने जीवन में लक्ष्य तय करना चाहिए।वहीं उन्होंने कहा कि डिग्री कॉलेज का छात्र यहां दी जा रही व्यवस्था से योग्य बनकर कॉलेज का नाम रौशन करेंगे।

मौके पर प्राचार्य डॉ बिमल कुमार सिंह ने कहा कि आज बड़ा खुशी का क्षण है।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की तमाम योजनाओं लाभ छात्रों तक पहुंचे और स्किल डेवलपमेंट हो इसके लिए कॉमन सर्विस सेंटर खुला है। मौके पर जिला प्रबंधक अमित कुमार, शोएब अख्तर, वीएलई सतीश कुमार,प्रीति कुमारी, मंदीप कुमार, संध्या कुमारी, अजीत कुमार, छोटू राजा समेत सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

## री-एडमिशन के नाम पर वसूली करने वाले पर स्कूल पर नकेल

**बरवाडीह।** प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की जिप सदस्य संतोषी शेखर द्वारा प्रखंड के कई निजी विद्यालयों द्वारा री एडमिशन के नाम पर अभिभावकों से प्रत्येक वर्ष मोटी रकम वसूलने की शिकायत जिला परिषद की बैठक में किए जाने के बाद जिला शिक्षा विभाग हरकत में आ गई है और री एडमिशन के नाम पर रकम वसूलने वाली निजी विद्यालय पर नकेल कसने की तैयारी में शुरू कर दिया गया है।इस सम्बंध में जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र सिंह को निर्देश देते हुए कहा गया है कि जिप सदस्य द्वारा प्रखंड में कई निजी विद्यालयों के द्वारा री एडमिशन के नाम पर अभिभावकों से पैसे वसूलने की तैयारी की जा रही है जो किसीभी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के माध्यम से सभी निजी विद्यालय को नोटिस भी जारी किया गया है और री एडमिशन के नाम पर अवैध वसूली ना करने की हिदायत दी गई है।

# साक्षरता केंद्र का मुखिया ने किया विधिवत रूप किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)** गुरुवार को जेएसएलपीएस के तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता तथा डिजिटल लेनदेन के बढ़ावा को लेकर मयूरहंड प्रखंड के कदगावांकला पुराना पंचायत भवन में वित्तीय साक्षरता केंद्र खोला गया। जिसका उद्घाटन मुखिया अशोक कुमार भुईयां ने विधिवत पूजा अर्चना व फीता काटकर किया। केंद्र के माध्यम से समूह से जुड़ी सखी मंडल की महिलाओं तथा ग्रामीणों के बीच वित्तीय साक्षरता तथा डिजिटल लेनदेन के बारे में जानकारी देने के साथ लोगो को वित्तीय सेवा प्रदान किया जाएगा। मुखिया व बीपीएम एलबनुस एका ने समूह से जुड़ी महिलाओं को जानकारी देते हुए कहा कि वित्तीय साक्षरता केंद्र के माध्यम से ग्रामीण परिवेश में रहने वाले हर एक परिवार को वित्तीय साक्षर किया जाएगा। ताकि लोग बचत कैसे करें साथ हीं बीमा क्यो करवाना चाहिए ? पेंशन क्या है, ? बैंक क्यो जरूरी है सहित अन्य कई विषयों की जानकारी खेल खेल के माध्यम से लोगो जागरूक हों। साथ ही बताया गया कि डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिजिटल भारत के तहत डिजिटल ग्रामीण परिवार की भी शुरूआत की गई है। जिससे गांव व पंचायत स्तर पर ट्रांजेक्शन को बढ़ावा मिलेगा। मौके पर बैंक सखी तथा बड़ी संख्या में सखी मंडल की महिलाएं आदि उपस्थित थे।

## दगाबाज दोस्त ने दोस्त की पत्नी से ही रचा ली शादी

**गिद्धौर (चतरा)।** प्यार में सब जायज है के कहावत को चरितार्थ किया है जिले के गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय निवासी एक युवक ने अपनी दोस्त की पत्नी से शादी रचा कर। स्थानीय लोगों की माने तो आठ माह पूर्व हुई शादी के पश्चात ही विवाहिता ने अपनी पति के दोस्त को ही दिल दे बैठी और देखना क्या था गुरुवार को ग्रामीणों की उपस्थिति में दोनों प्रेमी युगल का विवाह प्रखंड के जपुआ मंदिर में संपन्न करा दी गई। बताया जाता है कि गिद्धौर के राजेंद्र दांगी के पुत्र दीपक कुमार की पत्नी अंशु कुमारी गांव के ही सुनील दांगी के पुत्र राजकुमार राज से पिछले आठ नौ माह से प्यार कर रही थी। परंतु अंशु के घर वालों ने बगैर प्रवाह किए उसकी शादी सात जुलाई 2022 को गिद्धौर के दीपक कुमार के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ करा दिया। परंतु दोनों के बीच प्रेम प्रसंग लगातार चलता रहा।

## टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत

**बरवाडीह।** बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन,चिकित्सक अनुपमा एक्का एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी शोभना टोप्पो द्वारा संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

साथ ही यक्ष्मा रोग से पीड़ित रोगियों के बीच पोषण कीट का वितरण किया गया ।प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र , सेंट्रल कोलफील्डस लिमिटेड (सीसीएल) के सीएसआर अंतर्गत टीबी रोगियों के लिये अतिरिक्त पोषण आहार का वितरण 6 महीनों तक सिनी संस्था द्वारा क्रियान्वित करने का संकल्प लिया गया ।इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन ने कहा कि टीबी रोग एक ऐसा बीमारी है जो कि संक्रमण वाला बीमारी है और समय रहते इसकी पहचान कर लेने के बाद नियमित उपचार के बाद इसे ठीक किया जा सकता है।

## हौसला जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

# 500 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



नवीन मेल संवाददाता। चतरा चतरा कॉलेज चतरा में गुरुवार को नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत जी 20, वाई 20 पर अतिथियों द्वारा विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में सभी प्रखंडों से करीब 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्य वक्ता के रूप में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी ने जी 20, वाई 20 विषय पर अपना मंतव्य युवाओं के बीच रखते हुए कहा कि संपूर्ण विश्व व्यवसायिक तथा आर्थिक समस्याओं तथा आंशिक समस्याओं जूझ रहा है। आगामी चंद दिनों में यह संगठन विश्व का सबसे शक्ति और मजबूत संगठन साबित होगा। साथ ही वक्ताओं ने कहा कि वाई 20 का प्रमुख उद्देश्य आज के युवाओं में नशा मुक्त, पर्यावरण के विषय में जागरूक एवं स्वरोजगार सिर्जन का विकास वित्तीय मामले में मजबूती प्रदान करेगा। कार्यक्रम में अफीम की खेती नहीं करते हुए किसानों से खेतों में हरे-साग सब्जी और फूलों की खेती करने की अपील की गई। इसमें इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय, गर्ल्स हाई स्कूल व कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिप सदस्य निशा भारती, प्रिंसिपल आरपी राय, नेहरू युवा केंद्र की डीडी ललिता कुमारी, डीओसो तुलसी राम, गंधरिया मुखिया अनीता यादव, ज्योति सिस्टर, बीएड के प्रो. नंदकिशोर आदि उपस्थित थे।

## अदालतों में सरकारी गवाह नहीं पेश हो सके

**लातेहार :** इकलौते लोक अभियोजक के अवकाश में होने के कारण व्यवहार न्यायालय के किसी भी अदालत में सरकारी गवाहों को गुरुवार को पेश नहीं किया जा सका। मालूम हो यहां कुल 18 कोर्ट कार्यरत हैं, जबकि सिर्फ एक एपीपी की यहां पदस्थापना है। ए पी पी अशोक कुमार दास 23 एवं 24 फरवरी को अवकाश पर हैं। इसके अलावा लोक अभियोजक व अपर लोक अभियोजक का पद महीनों से रिक्त है। लोक अभियोजक के नहीं रहने की वजह से न्यायालयों में गवाही हेतु सरकारी स्तर पर गवाहों को पेश नहीं किया जा सका। इस संबंध में पूछे जाने पर वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य के गृह विभाग मुख्यालय में पांच ऐसे रक्षित अवकाश के तहत लोक अभियोजकों की पोस्टिंग किया है जिन्हें आपात स्थिति में राज्य के किसी भी जिला में कार्य करने कीअनुमति प्राप्त है। जिस दिन जिस जिला में लोक अभियोजकों की उपस्थिति शून्य होगी उस दिन रक्षित अवकाश के लिए तैनात लोक अभियोजक को उस जिला में भेजा जाएगा।

# डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने को कार्यशाला

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड कार्यालय सभागार में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। का उद्घाटन कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जेएसएलपीएस द्वारा किया गया था। कार्यकर्म में ग्रामीणों के बीच डिजिटल लेनदेन संबंधी जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता की समझ बढ़ाना , डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान के तहत मूलभुत बैंकिंग सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य है तथा डिजिटल ग्रामीण भारत अंतर्गत डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देना मुख्य रूप से शामिल है। इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए एफएलसीआरपी, बैंक सखी एवं बीसी सखी और डीजीपी सखी को जोर शोर से जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में बैंक और जेएसएलपीएस के सामूहिक प्रयास से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का बढ़ावा दिया जा सकता। कार्यक्रम में उपस्थित दीदियों को वित्तीय समावेशन अंतर्गत विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया, जिसमे मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा योजना, डिजिटल लेन देन से लाभ एवं डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम में मुद्रा लोन पर विस्तृत चर्चा करते हुए इसके लाभ को लोगों को बताया गया। कार्यक्रम में 28 ग्रामीणों को सामाजिक सुरक्षा योजना से आच्छादित किया गया एवं 8 दीदी का बचत खाता भी खोला गया।

NEWS इन ब्रीफ

### 56 शिक्षकों का छठा बैच का प्रशिक्षण समाप्त

**बानो।** एफएलएन प्रशिक्षण के तहत 56 शिक्षकों का का छठा बैच बानो में समाप्त हुआ। इस प्रशिक्षण में कोलेबिरा, जलडेगा तथा बानो के कुल 56 शिक्षकों ने प्रशिक्षण लिया। इस प्रशिक्षण में भाषा, गणित, समाजिक भावनात्मक विकास, विद्या प्रवेश, पाठ योजना तथा रचनात्मक आकलन कैसे करें इस पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। तथा प्रशिक्षकों के द्वारा कुछ गतिविधि कराकर अच्छी तरह से जानकारी दी गयी। यह प्रशिक्षण चार दिवसीय था। इस प्रशिक्षण का मॉनिटरिंग बानो प्रखंड के बीपीओ नीलिमा लिंडा कर रहे थे। प्रशिक्षक के रूप में ओमप्रकाश ओहदार, केदारनाथ सिंह, संध्या सिंह तथा प्रेम किशोर नायक थे। प्रशिक्षणार्थियों में बसंत कोंगाड़ी, एंटोनी एक्का परमानंद ओहदा, प्रेम प्यारेलाल, उमाशंकर सिंह, के अलावे अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### ससुर ने बहु के विरुद्ध कराया प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु ग्राम में एक ही परिवार के बीच पैसा लेन देन का मामला में हुआ। विवाद के पश्चात बहु ने सास को मार जख्मी किया जिससे मामला सेन्हा थाना पहुंचा। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि अरु निवासी गफूर अंसारी के पुत्र उसमान अंसारी ने थाना को आवेदन देते हुए अवगत कराया कि रजीना खातून और उसके सौतन सगीरा खातून के बीच पैसा लेनदेन को लेकर विवाद हुआ। जिसमें रजीना खातून अपने सास शाजहां खातून को धक्का देते हुए लकड़ी के बेट से मार कर सर फोड़ दिया और बांया हाथ तोड़ दिया। घटना के पश्चात उसमान अंसारी ने थाना में अर्जी देते हुए बहु रजीना खातून के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। वही थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में मामला का जांचोपरांत कांड संख्या 26/23 दर्ज कर धारा 341,323,325 एवं 504 आईपीसी के तहत पुलिस द्वारा कारवाई आरम्भ की है।

### दो छात्राओं की बिगड़ी तबीयत, भर्ती कराया सदर अस्पताल में

**सिमडेगा।** सिमडेगा एसएस प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय की 2 छात्राओं की गुरुवार को दोपहर में अचानक तबीयत बिगड़ गई जिन्हें बेहोशी की हालत में सहपाठी एवं शिक्षकों के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया गया। दोनों छात्राओं में एक छात्रा गुटबहार निवासी पुनिया बड़ाईक की 14 वर्षीय पुत्री संतोषी कुमारी के रूप में हुई, जबकि दूसरी सेवई निवासी अमित कुमार की 15 वर्षीय बेटी करिश्मा कुमारी के रूप में हुई। शिक्षकों ने बताया कि दोपहर के भोजन के पश्चात अचानक करिश्मा कुमारी गिरकर बेहोश हो गई और उसे देखकर सदमे की वजह से दूसरी छात्रा संतोषी कुमारी भी बेहोश हो गई इधर तत्काल दोनों ही छात्राओं को सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया है।

# कुड़ू: होटल संचालक की हत्या, सड़क किनारे मिला शव





### घटना के विरोध में कुड़ू रहा स्वतः स्फूर्त बंद, चक्का जाम

### अन्यत्र हत्या कर शव को कुड़ू में फेंके जाने की आशंका, जांच मे जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। कुड़ू**

कुड़ू थाना क्षेत्र में फिर एक व्यवसायी की हत्या हो गई। उसका शव को ढुलूवा खुटा पुल के नजदीक से पुलिस ने बरामद किया है। मृतक व्यवसायी की पहचान ब्लॉक मोड़ स्थित होटल चलाने वाला चतुर्भुज साहू के 52 वर्षीय पुत्र प्रदीप साहू के रूप में किया गया है। मृतक का चेहरा व सर में तेजधार हथियार या गोली मारकर हत्या करने के बाद शव को उक्त स्थान पर फेकने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

हालांकि उसकी हत्या कैसे हुई इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पायेगा। घटना के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने सभी दुकाने बंद कर दिया है और इंदिरा गांधी चौक , ब्लॉक मोड़ सहित कई जगहों पर सड़क जाम कर दिया है। जिससे जाम में सैकड़ों छोटी-बड़ी बहाने फंसे हुए है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रदीप साहू बुधवार की रात ब्लॉक मोहल्ला स्थित अपने एक मित्र के यहां शादी समारोह में भाग लेने गया था। वहां रात 10 बजे तक वहा था, उसके बाद से ही वह गायब हो गया। रात में घर नहीं पहुंचने पर उसकी पत्नी व आसपास के ग्रामीणों ने कुड़ू थाना पहुंचकर लापता होने की सनहा दर्ज करा ही रहे थे, तभी पुलिस को सूचना मिली की एनएच 75 कुड़ू-रांची रोड पर ढुलूवा खूंटा पुल के नजदीक एक युवक का शव पड़ा हुआ है।

सड़क जाम कर रहे लोगो व परिवारजनों ने आरोप लगाया है कि अज्ञात अपराधियों ने शादी समारोह से घर जाने के क्रम में ही प्रदीप का अपहरण कर उसकी हत्या अन्यत्र स्थान पर करने के बाद लाश को दिन के उजाले में उसके घर से लगभग दो किलोमीटर दूर कुड़ू-रांची रोड पर ढुलूवा खुटा पुल के नजदीक फेंक दिया। हालांकि पुलिस इस मामले को हत्या के साथ दुर्घटना की बात मानते हुए जांच कर रही है। लेकिन स्थानीय लोगो का कहना है कि उसका बाइक और कार सब घर में ही पड़ा है। इसके बावजूद वह वहां तक कैसे पहुंच गया है घटनास्थल देखने पर भी लोगों ने आशंका व्यक्त की है कि हत्या कहीं और का है।

# कोलेबिरा विधायक ने ग्रामीणों की सुनी समस्या

**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**

ठेठईटांगर के कोरोमिया पंचायत के कदमडीह गांव में जन समस्या का समाधान के लिए विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए। साथ ही गांव वालो ने अपनी अपनी समस्या को आवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया की पानी, बिजली सड़क आदि चीजों के क्षेत्र में काफी समस्या है जिससे दूर करने की आवश्यकता है सभी प्रकार के समस्याओं को सुनने के बाद कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा की आप लोगो का हर समस्या को अच्छी तरह से समझ रहे हैं आपलोगो ने क्षेत्र की समस्या का समाधान कराने के लिए ही मुझे विधायक बनाया है ताकि मैं हर समस्या का समाधान कर सकू। क्षेत्र की सभी समस्याओ को प्राथमिकता के तौर पर दूर करने का कार्य किया जाएगा उन्होंने ने कहा क्षेत्र के बड़े-बड़े समस्या भी थे जैसे सड़क पुल पुलिया उन सभी समस्या को दूर करने साथ ही जनता की हर छोटी बड़ी समस्या का भी समाधान कराने के लिए हमेशा जनता के साथ हुं। वही विधायक ने सभी गांव वालो को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जायेगा। कार्यक्रम से पूर्व विधायक का ग्रामीणों ने भव्य तरीके से स्वागत किया एवं सम्मानित भी किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, बीससूत्री अध्यक्ष राजेश डुंगडुंग, इलियाजर टोपनो सुलेमान टोपनो, मुकुल डुंगडुंग समिति सदस्य प्रीशीला डुंगडुंग, वार्ड सदस्य मार्टिना तिर्की, अटल लुगुन, आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक संपन्न

# ऐसे दस्तावेजों का सही रहना है जरूरी : डीसी सुशांत गौरव

### उपायुक्त ने किसी भी स्वास्थ्य केंद्र में जन्मे हुए बच्चों को 24 घंटे के अंदर जन्म प्रमाण पत्र देने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

कलेक्ट्रेट स्थित उपायुक्त सभाकक्ष में गुरुवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जन्म मृत्यु पंजीकरण से संबंधित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। उपायुक्त ने बताया कि जन्म-मृत्यु निबंधन एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसके माध्यम से जनसंख्या एवं अन्य योजना के लिए कार्य किया जाता है अतः ऐसे दस्तावेजों का सही रहना आवश्यक है।

बैठक के दौरान जिले में जनवरी से दिसंबर 2022 तक के जन्म निबंधन की प्रखंडवार समीक्षा की गई। बताया गया कि नगर परिषद व नगर पंचायत में इस अवधि में 31064 प्रतिवेदनों का निबंधन करते हुए जन्म प्रमाण पत्र बनाया जा चुका है। वहीं जनवरी 2023 में कुल प्राप्त 3319 प्रतिवेदन के आलोक में शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करते हुए जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया है।

मृत्यु निबंधन की समीक्षा करते हुए पाया गया कि माह जनवरी से दिसंबर 2022 तक 4964 मृत्यु निबंधन प्रतिवेदित का सीआरएस पोर्टल में ऑनलाइन मृत्यु निबंधन किया जा चुका है। वहीं माह जनवरी 2023 में 481 मृत्यु निबंधन प्रतिवेदित के आलोक में शत प्रतिशत निबंधन करते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इसी संबंध में उपयुक्त ने जन्म, मृत्यु एवं मृत जन्म का जिले में शत-प्रतिशत ऑनलाइन निबंधन आधिकारिक वेबसाइट यूनिफार्म सीआरएस सॉफ्टवेयर पोर्टल पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में अपने अधीनस्थ क्षेत्र के प्रखंड विकास पदाधिकारी से विस्तृत रूप से जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी या किसी अस्पताल में बच्चों के जन्म लेने के 24 घंटे के भीतर जन्म प्रमाण पत्र बनाते हुए परिवारजनों को सौंपे। उपायुक्त ने कहा कि लोग पंचायत सचिव द्वारा जन्म- मृत्यु के 21 दिनों के भीतर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है व शहरी क्षेत्र में कार्यपालक पदाधिकारी से 21 दिनों में प्राप्त कर सकते है। 21 दिनों के बाद विलंब शुल्क मात्र एक रुपया देकर जन्म-मृत्यु पंजीकरण प्रमाण पत्र हासिल किया जा सकता हैजन्म झ मृत्यु का निबंधन कराना अनिवार्य है। उन्होंने आम लोगों से जन्म एवं मृत्यु का निबंधन आवश्यक कराने की अपील भी की।

बैठक में बताया कि जन्म-मृत्यु का पंजीकरण ऑनलाइन भी किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग नजदीकी पंचायत में जाकर पंचायत सचिव से निबंधन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं एवं शहरी क्षेत्र में नगर परिषद-निगम में जाकर जन्म झ मृत्यु निबंधन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। उपायुक्त ने लोगों को फर्जी जन्म मृत्यु रजिस्ट्रेशन से बचने की अपील की उन्होंने कहा कि केवल मान्यता प्राप्त कार्यालयों व कर्मियों के हाथों ही निबंधन कराएं अन्यथा ठगी का शिकार हो सकते हैं। उपायुक्त ने इस संबंध में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को पंचायत कार्यालय एवं संबंधित भीड़ भाड़ वाले स्थानों के बाहर इस उक्त प्रमाण पत्र के निबंधन के संबंध में समुचित जानकारी का दीवार लेखन करने का निर्देश दिया। साथ ही लोगों को जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के रजिस्ट्रेशन करवाने की महत्ता के बारे में जागरूक करने की भी बात कही। बैठक में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया किस्को के परहेपाट पंचायत का दौरा

# परहेपाट में निर्मित अमृत सरोवर व पुस्तकालय का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**

उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने गुरुवार को किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परहेपाट परहेपाट क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं का निरीक्षण कर बारीकी से स्थिति वस्तु का मुआयना किया। इस दौरान डीसी डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा परहेपाट गांव में निर्मित अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण कर संबंधित विभाग के कनीय अभियंता से अमृत सरोवर तालाब की लम्बाई, चौड़ाई और गहराई की मापी कराये एवं संतुष्ट हुए। साथ ही उपायुक्त के द्वारा किस्को मुख्य चौक पर संचालित स्कूली बच्चों हेतु बनाई गई लाइब्रेरी का निरीक्षण कर अवलोकन किया गया एवं पुस्तकालय के नियमित संचालन हेतु यथाशीघ्र टीम का गठन कर विस्तार कराने का निर्देश बीडीओ बुडाय़ं सारू को दिया। मौके पर डीसी डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को ससमय निराकरण कराने में सभी विभागीय पदाधिकारी और कर्मी बगैर कोई लोभ लालच के पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाने का कार्य करें। इधर उपायुक्त के दौरा के क्रम में बीडीओ सह सीओ बुडाय़ं सारू, प्रधान सहायक बिफई उरांव, मुखिया जतरू उरांव, अमृत सरोवर के अध्यक्ष गंदूर मुंडा, संबंधित विभागीय पदाधिकारी और कर्मी के अलावा मेराज अंसारी, फिरोज अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### शिक्षा विभाग की बैठक में डीसी ने दिये निर्देश

**उपायुक्त** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरूवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में ई-विद्यावाहिनी एप में शिक्षकों की दैनिक उपस्थिति/इंट्री, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, बायोमैट्रिक में इंट्री, एचडीएमआईएस में इंट्री, पोशाक वितरण, पाठ्य पुस्तक का वितरण, स्कॉलरशिप की स्थिति, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में बच्चों का नामांकन व रिक्त सीट, नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय में बच्चों का नामांकन, शिक्षकों की नियुक्ति की स्थिति, विभिन्न मदों में आवंटन व व्यय की स्थिति आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गई और आवश्यक निदेश दिये गये। कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों में बच्चों के नामांकन हेतु मार्च माह में बेहतर तरीके से प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया गया। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और आदर्श विद्यालय योजना अंतर्गत शिक्षकों के रिक्त पदों को भरे जाने हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा, कस्तूरबा विद्यालय प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### भूमि संरक्षण विभाग की हुई बैठक

**उपायुक्त** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में भूमि संरक्षण विभाग की बैठक हुई। बैठक में राज्य योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में कृषकों, महिला/सहायता समूहों को कृषि यंत्रों के वितरण हेतु विभिन्न प्रखण्डों से प्राप्त पम्प सेट व मिनी ट्रैक्टर के विरूद्ध प्राप्त आवेदनों की संख्या समीक्षा बैठक हुई। बैठक में 1.5 एचपी-3.00 एचपी पम्प सेट तक का लक्ष्य पूर्ण पाया गया। वहीं 3.5 एचपी-5.00 एचपी तक पम्प सेट योजना में 12 पम्प सेट टाना भगतों को दिये जाने का निदेश दिया गया। वहीं मिनी ट्रैक्टर की योजना में स्वयं सहायता समूहों 03 योजना का लाभ टाना भगत समुदाय के स्वयं सहायता समूह को दिये जाने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार मिनी ट्रैक्टर के व्यक्तिगत योजना में 05 योजना का लाभ टाना भगतों को दिये जाने का निदेश दिया गया। टाना भगतों की ओर से चुकायी जानेवाली राशि टाना भगत विकास प्राधिकार से मांग किये जाने का निदेश दिया गया।

# पीएमईजीपी व पीएमपीएमई से संबंधित समीक्षात्मक बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिला उद्योग महाप्रबंधक पूजा कुमारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग केंद्र, लोहरदगा के सभाकक्ष में गुरूवार को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमपीएमई) संबंधित समीक्षात्मक बैठक बैंक ऑफ इंडिया के सभी शाखा प्रबंधकों के साथ हुई। बैठक में जिला उद्योग महाप्रबंधक द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में निर्धारित दोनों ही योजना की शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करने एवं सहयोगात्मक रुख अपनाने का निर्देश सभी शाखा प्रबंधकों को दिया गया। कहा गया कि दोनों योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं को किसी भी स्थिति में अस्वीकृत नहीं किया जाय। बैठक में सभी शाखा प्रबंधकों को सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में अपना पूर्ण सहयोग देने की अपील की गई।

### संबलपुर एक्सप्रेस 7 घंटे तक बानो स्टेशन पर रही खड़ी

**बानो।** बानो रेलवे स्टेशन में जम्मूतवी सम्बलपुर एक्सप्रेस ट्रेन सात घंटे खड़ी रही। मिली जानकारी के अनुसार झारसुगुड़ा में रेल रोके जाने के कारण राउरकेला हटिया रेल खंड के पूरी हटिया तपस्वनी एक्सप्रेस, राउरकेला हटिया मेमो पैसेंजर अप व डाउन दोनों तरफ की ट्रेन रद्द थी। जयनगर राउरकेला एक्सप्रेस अपने समय पर चली जबकि जम्मूतवी सम्भलपुर एक्सप्रेस अपने नियत समय पर चलते हुए बानो पहुंची। बानो 11:30 से लगभग सात घण्टा बानो स्टेशन में खड़ी रही।

# विक्रम संवत व होली पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जय श्री राम समिति की बैठक दुगार्बाड़ी मंदिर प्रांगण में कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह अजय सोनी, पूर्व अध्यक्ष रोहित साहू, पूर्व अध्यक्ष संजय नायक उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से नववर्ष विक्रम संवत एवं होली को लेकर खास चर्चा हुई बैठक में जिला, नगर, प्रखंड, पंचायत के सभी पदाधिकारी सर्वसम्मति से इस बार भव्य शोभा यात्रा निकालने पर जोड़ दिया। नववर्ष के उपलक्ष पर इस बार की शोभायात्रा में मुख्य रूप से झांकी आकर्षक का केंद्र होगा। संरक्षक सुषमा सिंह ने कहा नव वर्ष विक्रम संवत सनातन धर्मलंबियो के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन सुबह से ही सभी मंदिरों में पूजा पाठ होती है। घरों में अच्छे-अच्छे पकवान बनाने की परंपरा रही है। साथ ही शोभायात्रा में अत्यधिक संख्या में लोग शामिल होते हैं। तत्पश्चात संध्या में सभी घरों के बाहर दीप जला कर उत्सव मनाते हैं। सभी सनातन धर्मलंबियो को शोभायात्रा में शामिल होनी चाहिए एवं होली को भी लेकर सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा होली धूमधाम से मनाएं। परंतु नशा पान से दूर रहे और लोगों को दूर रहने का सलाह दें। पंचायत अध्यक्ष बंधन भगत एवं राम लखन लोहरा ने कहा इस बार शोभा यात्रा में जनजातीय समाज की भागीदारी अधिक से अधिक होगी। साथ ही सनातन एकता का प्रतीक शोभायात्रा में दिखेगी। मौके पर जिला पदाधिकारी, नगर पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी समेत पूर्व पदाधिकारी मौजूद थे।

### जंगली हाथियों ने किया नुकसान, मिला मुआवजा

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार के पास जंगली हाथियों द्वारा नुकसान के एवज में बाटा गया मुआवजा इस मौके पर बताया गया कि बोलबा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में जंगली हाथियों द्वारा मकान, फसल एवं अन्य नुकसान के एवज में वन विभाग के द्वारा मुआवजा बांटा गया। इस मौके पर वन विभाग के अधिकारियों ने बताया की 72 लोगो के बीच 735000 बाटा गया। इसके साथ ही बताया गया कि जंगली हाथियों को नहीं चढ़े हाथियों के नजदीक नहीं जाएं।

**बैठक** सेन्हा में प्रखंड स्तरीय लेवलीहुड समिति का हुई बैठक

# 11 सौ महिला लखपति की श्रेणी में : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय लेवलीहुड समिति का बैठक गुरुवार को संपन्न हुआ। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में 11 सौ से अधिक महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़े हुए हैं। और स्वरोजगार अपना कर आगे बढ़ रहें है जिसमें लगभग सभी 11 सौ महिला लखपति की श्रेणी में आ चुके हैं। इस तरह की आंकड़ा जेएसएलपीएस एवं महिला स्वयं सहायता समूह से मिला है। महिलाए आर्थिक क्षेत्र में आगे आ रहीं है। अच्छी बात है उन्होंने कहा कि अन्य महिलाओं को भी लखपति महिलाओं की श्रेणी में चिन्हित करते हुए लाए और उनकी रोजगार उत्पादन आदि का निगरानी करते हुए उनको और बेहतर ढंग से आगे बढ़ाने की दिशा में हर संभव प्रयास करें। मासिक बैठक में उनको आय अर्जित करने की विधि का व्यापक जानकारी दें। ताकि अन्य महिला भी लखपति की श्रेणी में पहुंचकर सबल एवं स्वालंबी बन सके इसके अलावा इन महिलाओं का कार्यक्षेत्र की जानकारी लेते हुए इन लोगों को कार्य के लिये प्रेरित करने की आवश्यकता है। इस पर विशेषकर सीएफटी के सदस्यों द्वारा जागरूकता चलाने की जरूरत है। इस समिति में जितने भी सदस्य हैं सबका दायित्व बनता है। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, बीपीओ निलेंद्र कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमूल कुमार तिर्कीजयंत कुमार कुंडुलना, आदि उपस्थित थे।

### बीडीओ की पहल : लोकल भाषा में कर रहे आवास निर्माण के लिए जागरूक




**कैरो।** प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने वर्षो से लंबित प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य को पूर्ण कराने को लेकर अनोखी पहल की है कभी कुडुख भाषा मे वीडियो जारी कर तो कभी पूर्ण लाभको की पगड़ी पेशी कर प्रेरित करने का काम किया है वहीं गुरुवार को एक नई पहल निद्रा छोड़ो दीवार जोड़ो कार्यक्रम की सुरुआत किया जिसके तहत प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत पहुंचकर प्रखंड कर्मियों व जनप्रतिनिधियों व गण्यमान्य लोगों के साथ मिलकर जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान निद्रा छोड़ो दीवार जोड़ो, नही मिलता आवास तो चिल्लाते हो मिलने पर इतराते हो, जब घर से होता सपना पूरा फिर आवास निर्माण क्यो रहता अधूरा आदि नारा लगा रहे थे। इस दौरान प्रखंड कर्मी व जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान कर कुछ घरों में इट की जुड़ाई भी किये। मौके पर बीडीओ पवन कुमार महतो ने कहा कि सरकार गरीब योग्यता धारी लाभको को आवास की स्वीकृति दी जाती परन्तु कुछ लाभुक समय से निर्माण कार्य पूर्ण नही करते है जिससे लक्ष्य को पूरा करने में बाधा उत्पन्न होती है।उन्होंने लाभुकों को प्रेरित करते हुए जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश देते हुए कहा कि अब भी समय से पूर्ण नही किया जाता है तो बाध्य होकर कानूनी करवाई करनी पड़ेगी। मौके पर बीपीओ मृणाल प्रकाश, पीएम आवास प्रखण्ड समन्वयक दिनेश कुमार, आकाश कुंवर, अमन कुमार, मुखीया सुमित्रा उरांव, सुमन उरांव, उप मुखिया जगबन्धन भगत, पंचायत समिति सदस्य सिमा भगत,स्वयंसेवक समीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

# जविप्र दुकानदार को उपलब्ध कराई गई ई-पॉश मशीन

## भगवान भरोसे लाभुकों को नहीं मिल रहा समय से राशन

### निराश होकर लौटने को विवश कार्डधारी




**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को उपलब्ध कराए गए ई पॉश मशीन सही से काम नही करने से फरवरी महीना खत्म होने के समय तक प्रखंड क्षेत्र के अधिकतर राशन कार्डधारियों को अबतक राशन नही मिल पाया है जिससे लाभूको को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनवितरण प्रणाली दुकानदारों का कहना है कि जब से राशन का उठाव किये है मुश्किल से दो तीन दिन ही ई पाश मशीन जैसे तैसे काम की इसके बाद तो नेट इतना स्लो हो गया कि दुकान के आस पास अंगूठा लेने का नाम ही नही ले रही है। राशन कार्डधारी भी बड़ी उम्मीद से प्रतिदिन दुकान आ-आ कर निराश ही लौट रहे है। कुछ दुकानदार लाभको की परेशानी को देखते हुए अंगूठा लेने का नया तरकीब निकाल रहे हैं ऐसे ही कैरो नवाटोली स्थित जनवितरण प्रणाली दुकानदार हैं नासिर आलम खान जिनके दुकान के आस पास भी इधर कुछ दिनों से ई-पाश मशीन काम नही कर रही है तो उन्होंने गुरुवार को मशीन, बटखरा आदि को लेकर दुकान से लगभग 1 किलोमीटर दूर कैरो जिंगी मुख्य पथ पर कब्रिस्तान के पास चले गए जहां पर मशीन काम कर रही थी यहीं पर कार्डधारी पहुंचकर अपना अपना अंगूठा लगा रहे थे तब लंबे इंतजार के बाद उन्हें राशन दिया जा रहा था। राशनकार्डधारी मौलाना जाहिद खान,शोएब अख्तर, सावित्री देवी, गुलाम अंसारी, पार्वती देवी, गुलनाज खातून आदि का कहना है कि ई पाश मशीन सही से काम नही करने से हमलोगों को कई कई दिन वापस होना पड़ता है अंगूठा लगाने के भी दूर दराज खेत, खलिहान जाना पड़ता है तब जाकर राशन मिलता है।

# बुढ़ापे में नहीं रहेगी पैसों की टेंशन, मिलेगी मोटी पेंशन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगर आपको अपने बुढ़ापे की चिंता सता रही है, तो अभी से आपको अपनी रिटायरमेंट प्लानिंग कर लेनी चाहिए. देश की सबसे बड़ी और भरोसेमंद बीमा कंपनी एलआईसी समय-समय पर कई तरह के प्लान समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर लाती रहती है। इस बार एलआईसी एक शानदार पेंशन प्लान लेकर आई है। इस प्लान की मदद से आपको रिटायरमेंट के बाद रोजाना के खर्चों में आर्थिक सहयोग के लिए पेंशन के तौर पर पैसा मिलता रहता है। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के कई तरह के पेंशन प्लान मार्केट में है। एलआईसी की इस योजना का नाम न्यू जीवन शांति है, इसका प्लान नंबर. 858 है. आपको इसमें निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लेनी चाहिए। इसमें निवेश करने से आपको रिटायरमेंट के बाद जीवनभर पेंशन की सुविधा मिलती है। अगर आपको नौकरी में किसी कारण समय से पहले रिटायरमेंट होना पड़ता है, तो भी इस प्लान के कई फायदे है। रिटायरमेंट के बाद अक्सर लोगों की आय का जरिया खत्म हो जाता है। जिसके बाद



हर व्यक्ति को अपने दैनिक खर्चो का बोझ अचानक बढ़ जाता है। एलआईसी की न्यू जीवन शांति स्कीम एक एन्युटी प्लान है। आप इसे लेते समय ही पेंशन की राशि फिक्स्ड करा सकते है। आपको हर महीने पेंशन की सुविधा मिलती है। इस प्लान में आपको दो तरह के विकल्प मिलते है. इसमें पहला विकल्प डेफर्ड एन्युटी फॉर सिंगल लाइफ है। वहीं दूसरा डेफर्ड एन्युटी फॉर जॉइंट लाइफ है। पहले ऑप्शन में आप एक व्यक्ति के लिए पेंशन स्कीम को खरीद सकते है। पेमेंट का तरीका अर्धवार्षिक, त्रैमासिक और मासिक है। एन्युटी पेमेंट 1 वर्ष, 6 महीने, 3 महीने और वार्षिकी के निहित होने की तारीख से 1 महीने के बाद होगा, यह इस बात पर निर्भर होती है कि एन्युटी पेमेंट का तरीका वार्षिक, अर्धवार्षिक, त्रैमासिक है या नहीं। पॉलिसी की शुरूआत में वार्षिकी दरों की गारंटी दी जाती है और एन्युटी तब देय होती है जब डेफर्ड पीरियड खत्म हो जाता है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें रहीं स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में गिरावट का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव घटकर 81 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल का भाव 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है।

# लाल निशान पर शेयर बाजार बंद, सेंसेक्स 139 अंक लुढ़का

**एजेंसी। नई दिल्ली**



शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गुरुवार को भी गिरावट जारी रहा। आज कारोबारी सत्र के दौरान घरेलू शेयर बाजार में दिनभर उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन कारोबार के अंत में शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 139.18 अंक यानी 0.23 फीसदी लुढ़कर 59,605.80 के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सेचज (एनएसई) का निफ्टी 43.05 अंक यानी 0.25 फीसदी टूटकर 17,511.25 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 शेयरों में गिरावट रही है, जबकि 13 शेयरों में तेजी रही। सेंसेक्स के प्रमुख शेयरों में एक्सिस बैंक, एसबीआई, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, आईटीसी, मारुति, सनफार्मा, टीसीएस, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक और एचसीएल फायदे में रहे है, जबकि हिंदुस्तान लीवर, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, नेस्ले आदि के शेयर नुकसान में रहे। इसी तरह निफ्टी में आईटीसी, अपोलो, कोल इंडिया, यूपीएल और टीसीएस के शेयर फायदे में रहे है, जबकि एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसीलाइफ, टाइटन, एचडीएफसी बैंक आदि नुकसान में रहे। आज के कारोबार में अडाणी समूह के 10 शेयरों में से 9 शेयरों में गिरावट रही है। वहीं, समूह की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज में 3 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज हुई है। अडाणी पोर्ट का शेयर भी करीब आधा फीसदी गिरा है। इसके साथ ही अडाणी पावर, ट्रांसमिशन, ग्रीन एनर्जी, टोटल गैस के शेयर भी 5-5 फीसदी टूटे हैं। इसके अलावा विल्मर के शेयर में करीब 4 फीसदी की गिरावट है।

### बजट के बाद वेबिनार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले

# हरित ऊर्जा निवेशकों के लिए सोने की खान से कम नहीं



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 'हरित विकास' पर बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा 'यह बजट वैश्विक हरित ऊर्जा बाजार में भारत को एक अगुआ के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसीलिए आज मैं ऊर्जा जगत के प्रत्येक हितधारक को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित करता हूं। यह वेबिनार केन्द्रीय बजट 2023 में घोषित की गई विभिन्न पहल के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विचारों एवं सुझावों की खोज के उद्देश्य से सरकार द्वारा आयोजित 12 बजट उपरांत वेबिनारों की श्रृंखला की पहली कड़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद देश में प्रस्तुत किए गए सभी बजट वर्तमान चुनौतियों का समाधान खोजने के साथ-साथ नए युग के सुधारों को आगे बढ़ाते रहे हैं। उन्होंने हरित विकास और ऊर्जा संचरण के तीन स्तंभों का उल्लेख किया। इन स्तंभों में पहला, नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाना; दूसरा, अपनी अर्थव्यवस्था में जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम करना; और आखिरी, देश को तेजी से गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ाना शामिल है। इस रणनीति ने पिछले कुछ वर्षों के बजट में इथेनॉल ब्लेंडिंग, पीएम कुसुम योजना, सोलर मैन्यूफैक्चरिंग के लिए प्रोत्साहन, रूफटॉप सोलर स्कीम, कोयला गैसीकरण और बैटरी स्टोरेज जैसे उपायों की घोषणाओं को रेखांकित किया है। पिछले वर्षों के विभिन्न बजटों में की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री ने इस वर्ष के बजट में उद्योगों के लिए हरित ऋण, किसानों के लिए पीएम प्रणाम योजना, गांवों के लिए गोबर-धन योजना, शहरों के लिए वाहन स्क्रैपिंग नीति, हरित हाइड्रोजन और आर्द्रभूमि संरक्षण जैसी योजनाओं पर प्रकाश डाला।

## बायोगैस क्षेत्र की संभावनाओं का लाभ उठाएं युवा : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्यमियों से गोबर, फसलों के डंठल और शहरी ठोस कचरे आदि से जैव-ईंधन बनाने की विशाल संभावनाओं को सार्थक करने और इसके प्रोत्साहन के लिए प्रस्तुत नीति का लाभ उठाने का गुरुवार को आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में युवाओं, स्टार्ट अप इकाइयों सहित छोटी-बड़ी सभी प्रकार की इकाइयों के लिए अवसर हैं। मोदी ने बजट 2023-24 के बजट के पर इस वर्ष की वेबीनार श्रृंखला की पहली कड़ी का उद्घाटन करते हुए कहा , ह्यह्य भारत में गोबर से 10 अरब घन मीटर बायोगैस और कृषि अपशिष्ट 150 अरब घन मीटर गैस के उत्पादन की संभावना है। इससे हमारे देश में सिटी गैस वितरण में आठ प्रतिशत तक का योगदान हो सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन्हीं संभावनाओं की वजह से आज गोबरधन योजना, भारत की जैवईंधन रणनीति का एक अहम हिस्सा है।

## मोटे अनाज के खाद्य मानक सितंबर से होंगे प्रभावी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने बाजरा, ज्वार, कुट्टू तथा चौलाई जैसे 15 मोटे अनाजों की खपत बढ़ाने और इनको लोकप्रिय बनाने के लिए इनके गुणवत्ता मानक सितंबर 2023 से प्रभावी करने का फैसला किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि मोटे अनाज के मानक तय करने के लिए भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने खाद्य संरक्षा एवं मानक दूसरा संशोधन नियमन 2023 जारी कर दिया है। यह एक सितंबर 2023 से प्रभावी होगा। फिलहाल मोटे अनाजों में केवल बाजरा, रागी या मंडुवा, चौलाई के लिए गुणवत्ता मानक निर्धारित थे, लेकिन नये संशोधन में इनकी संख्या 15 कर दी गयी है। अब इनमें समा के चावल या सान्वा या झन्गोरा, कोराले, कुट्टू, सिकिया, काकून, अचा, अदले, कोदो, कुटकी, चीना, ज्वार और तेफ भी शामिल हैं। इनकी सभी की गुणवत्ता निर्धारित करने के लिए प्राधिकरण ने नमी और यूरिक एसिड की मात्रा सहित आठ मानक तय किये हैं। ये मानक भारतीय घरेलू बाजार और अंतरराष्ट्रीय बाजार में लागू होंगे। मोटे अनाज सामान्य तौर पर छोटे दानों के अनाज को कहा जाता है। इनकी फसल सूखे के अनुकूल होती है और अन्य मौसम को भी आसानी से सहन करती है। इनकी खेती के लिए यूरिया, उवर्रक या कृत्रिम खाद या रासायनिक खाद की बहुत कम आवश्यकता होती है। मोटे अनाज की फसलें मूल रूप से भारतीय भू भाग की फसलें हैं और क्षेत्र की जलवायु के अनुकूल हैं।

## सोना-चांदी सस्ता

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी खरीदने वालों की आज मौज आ गई है. अगर आप भी गोल्ड खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो आज सोने की कीमतों में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली है. हफ्ते के आखिरी दिन सोना और चांदी दोनों ही सस्ते हो गए हैं। चांदी की कीमतों में तो 1000 रुपये से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है।


कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)
Email: - nphussainabad@gmail.com

अल्पकालिन सैरात बंदोबस्ती डाक की आम सूचना 02/2022–23.

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्रान्तर्गत नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क एवं बाजार सैरात (फूटपाथ दुकानदार) से प्रवेश शुल्क वसूली हेतु उच्चतम डाकवक्ता के माध्यम से एक वर्ष के लिए बन्दोवस्त की जायगी। डाक की विवरणी निम्नरूपेण है :–

| क्र0 | डाक की विवरणी | डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि डाक की न्यूनतम राशि का 10 प्रतिशत आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है। | डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय | डाक खोलने की तिथि एवं समय | बन्दोबस्त में भाग लेने के लिए आवेदन शुल्क जो वापस नहीं किया जायेगा। | निर्धारित वसूली दर 24 घंटा के लिए |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क (नगर पंचायत हुसैनाबाद का संपूर्ण क्षेत्र) | 770000 (सात लाख सत्तर हजार रूपए मात्र) | 77000 (सतहत्तर हजार रूपए मात्र) | दिनांक–02.03.2023, समय: पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–02.03.2023, समय: अपराहन 12:30 बजे से स्थान: थाना परिसर हुसैनाबाद | 5000 (पाँच हजार रुपये) | 1. तीन चक्का वाहन – 20 रु 2. कमांडर – 30 रु 3. ट्रेक्टर –30 रू0 4. चार चक्का (407/pick up, आदि के लिए–40 रू0 5. 6 से 10 चक्का तक वाहन के लिए –100 रू0 6. 10 चक्का से अधिक वाहन के लिए–200 रू0 |
| 02 | बाजार सैरात फूटपाथ दुकानदार (नगर पंचायत हुसैनाबाद का संपूर्ण क्षेत्र) | 616245 (छह लाख सोलह हजार दो सौ पैतालिस रू0 मात्र) | 61625(एकसठ हजार छः सौ पचीस रू0 मात्र) | दिनांक–02.03.2023, समय: पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–02.03.2023, समय: अपराहन 2:00 बजे से स्थान: थाना परिसर हुसैनाबाद | 5000 (पाँच हजार रुपये) | चलन्त ठेला, गुमटी, अस्थायी दुकान, इत्यादि– 1. 0–30 sqft- के लिए 10 रु 2. 30 sqft- से अधिक के लिए 20 रु |

डाकवक्ता के लिए अन्य शर्त्त नोटिस बोर्ड पर किसी कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

निविदा की शर्त्तें :–

1.डाक बन्दोबस्ती की अवधि 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक होगी।
2.बन्दोबस्त में भाग लेने के लिए आवदेन शुल्क की राशि प्रकाशन तिथि से कार्यालय अवधि में 5000 रु राशि जमा कर प्राप्ति रसीद या आवेदन के साथ डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जमा करना अनिवार्य होगा जो कार्यपालक पदाधिकारी के नाम से भुगतेय होगा।
3.आवेदन के पत्र के साथ अग्रधन की राशि डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी के नाम से भुगतेय होगा डाक की न्यूनतम राशि का 10 प्रतिशत आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है।
4.आवेदन के पत्र के साथ अधतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत), आई0 टी0 आर0, पैन कार्ड, आधार कार्ड समर्पित करना होगा। किसी भी प्रकार का बकाया रहने की स्थिति में आवेदन के पात्र नहीं होंगे।
5.डाकवक्ताओं की बोली में न्युनतम 5000.00 (पॉच हजार रुपये) का अन्तर अनिवार्य होगा।
6.अधिकतम डाकवक्ता की बोली गयी डाक की एकमुश्त राशि 3 (तीन) दिनों के अन्दर बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद के पदनाम से देय होगा, जमा करना अनिवार्य होगा। किसी भी परिस्थिति में चेक स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। 3 दिनों की अवधि बीत जाने के बाद डाकवक्ता की अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं ऐसी स्थिति में द्वीतीय डाकवक्ता की बोली की राशि को सैरात आवंटित किया जा सकता है।
7.बन्दोबस्ती लेने वाले व्यक्ति को शर्तों के अनुरुप एकरारनामा 7 दिनों के अन्दर दाखिल करना अनिवार्य होगा। एकरारनामा के पश्चात् ही वसूली हेतु प्राधिकार निर्गत किया जायेगा। एकरारनामा का व्यय बन्दोबस्तधारी को ही करना होगा।
8.डाक स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा रद्द करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद के पास सुरक्षित होगा।
9.बन्दोबस्ती लेने वाले व्यक्ति को आवंटित सैरात का निबंधन अनिवार्य रुप से कराना होगा।
10.कॉलम सं0 08 मे निर्धारित दर ही वसूल की जायेगी। अधिक दर वसूली की शिकायत पाये जाने पर बन्दोबस्तधारी पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।
11.विभाग से सैरात बन्दोबस्ती के संबंध में यदि कोई निर्देश प्राप्त होता है, तो डाक प्राप्तकर्ता को उन निर्देशों का पालन अनिवार्य रुप से करना होगा। पालन नहीं करने की स्थिति में नगर पंचायत हुसैनाबाद को डाक की राशि लौटाये बगैर डाक को रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।
12.हड़ताल/बन्दी के अवधि में राशि अथवा अवधि का सामंजन नहीं किया जायगा।
13.डाक की वसूल किये जाने वाले प्राप्ति रसीद बन्दोबस्तधारी को अपने स्तर से छपवाना होगा जिसपर नगर पंचायत हुसैनाबाद लिखवाना अनिवार्य होगा एवं कार्यालय से निर्गत कराना अनिवार्य होगा।
14.उपरोक्त सभी नियम एवं शर्त का पालन करना होगा। इस संबंध में आवेदन के साथ आवेदक को शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
15.कार्यालय के द्वारा निर्धारित दर पर ही वसूली करना अनिवार्य होगा, अधिक वसूली करने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हुसैनाबाद
PR 291050 (District)22-23*D



झारखण्ड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
–: विज्ञप्ति :–

एतद् द्वारा सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड, रांची के अंतर्गत शिक्षकों के ऑनलाईन एवं पारदर्शी स्थानांतरण हेतु Teacher Transfer Portal (https://teachertransfer.jharkhand.gov.in) का निर्माण किया गया है। उक्त पोर्टल पर स्थानांतरण संबंधी सभी जिलों के विद्यालय एवं शिक्षकों से संबंधित आवश्यक डाटा को अपलोड किया गया है।

अतः सभी संबंधितों को निदेशित किया जाता है कि पोर्टल पर शिक्षक स्थानांतरण हेतु अपलोड किए गए डाटा में स्वयं से संबंधित प्रविष्टियों की जाँच कर लें तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि संज्ञान में आने पर आपत्ति दर्ज करने हेतु पोर्टल पर उपलब्ध संबंधित जिला हेतु कर्णांकित ई–मेल आईडी पर मेल के माध्यम से विभाग को सूचित करें।

उपरोक्त से संबंधित आपत्ति दर्ज करने हेतु अंतिम तिथि–03.03.2023 निर्धारित की जाती है।

PR 291069 School Education and Literacy(22-23)D
सरकार के अवर सचिव।



कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार।
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)
प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना वर्ष 2022–23 हेतु ऑनलाईन आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं को सरकार द्वारा जारी निर्देश के आधार पर निर्धारित मापदंड के अनुसार वित्तीय वर्ष– 2022–23 में प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है।

❖ ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | कार्यवाही प्रारंभ होने की तिथि | कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नए शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि। | 21.02.2023 | 06.03.2023 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र– 2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि। | 10.03.2023 | 17.03.2023 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 10.03.2023 | 18.03.2023 |

नोट :–

- पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति योजना से संबंधित अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची से निर्गत दिशा–निर्देश एवं अन्य अनुवर्ती सूचना वेबसाईट (Website-ekalyan.cgg.gov.in) पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व कृप्या उक्त वेबसाईट पर दिए गए निर्देश को अवश्य देख लिया जाये।
- उपबंधित बजट राशि की सीमा के अन्तर्गत प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति स्वीकृति हो सकेगी।
- निश्चित समय सीमा की समाप्ति के पश्चात् किसी प्रकार के आवेदन–पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
- छात्र–छात्रा को अपना आधार संख्या देना अनिवार्य होगा।
- छात्र–छात्रा को अपना आधार अपडेट कराना अनिवार्य होगा साथ ही अपने बैंक खाता संख्या से आधार संख्या को भी लिंक/सीड कराना अनिवार्य होगा।
- एक से अधिक आवेदन–पत्र भरने पर छात्र/छात्रा का आवेदन–पत्र रदद कर दिया जायेगा।
- ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि/अशुद्धि/गलत अथवा भ्रामक सूचना देने पर आवेदन रदद कर दिया जायेगा।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार।
PR 291022 Welfare(22-23)D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर
ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(1th Call)

निविदा सूचना संख्या – DWSD/SVS (JJM)/Med-36/2022-23 दिनांक 22.02.2023


| Sl.No. | Name of Work / Group No. | No. of Schemes | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्द्र प्रायोजित योजना "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत :– Construction of Rural Pipe Water Scheme through DT/HYDT/GPT (Solar Based) 01/2.0 H.P. D.C Motor Pump complete set for different tolas of concern villages which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 year for 24x7 supply with 100% coverage by Tap water Facility under JJM for the year 2022-23. | | | | | |
| (i) | **Kachan group** of svs scheme under Panchayat Ramgarh, Block Ramgarh **(Group No. 01)** | 14 | 14837141.00 | 297000.00 | 10000.00 | 06 Month |
| (ii) | **Karma group** of svs scheme under Panchayat Dhawadih, Block Satbarwa **(Group No. 02)** | 14 | 15157809.00 | 304000.00 | 10000.00 | 06 Month |
| (iii) | **Ramgarh group** of svs scheme under Panchayat **Ramgarh**, Block Ramgarh **(Group No. 03)** | 20 | 19240186.00 | 385000.00 | 10000.00 | 06 Month |
| (iv) | **Nimiya group** of svs scheme under Panchayat **Guri**, Block Bishrampur **(Group No. 04)** | 11 | 11454623.00 | 230000.00 | 10000.00 | 06 Month |
| (v) | **Baghi group** of svs scheme under Panchayat **Uldanda**, Block Ramgarh **(Group No. 05)** | 10 | 11576843.00 | 232000.00 | 10000.00 | 06 Month |
| (vi) | **Rewaratu group** of svs scheme under Panchayat **Rewaratu**, Block Satbarwa **(Group No. 06)** | 11 | 14868830.00 | 298000.00 | 10000.00 | 06 Month |
| (vii) | **Guri group** of svs scheme under Panchayat **Guri**, Block Bishrampur **(Group No. 07)** | 12 | 11647885.00 | 233000.00 | 10000.00 | 06 Month |
| (viii) | **Sarja group** of svs scheme under Panchayat **Ramgarh**, Block Ramgarh **(Group No. 08)** | 9 | 9682785.00 | 194000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| | **Total :-** | **101 Nos.** | | | | |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | **28.02.2023 / 12.30 P.M.** | | | | |
| 3 | Date & time of Document Download start date | **28.02.2023 / 12.35 P.M.** | | | | |
| 4 | Last date & time of Bid Submission | **10.03.2023 / 05.00 P.M.** | | | | |
| 5 | Last date time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | **11.03.2023 / 05.00 P.M.** 1. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 2. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 6 | Date & time of Opening Tender | **13.03.2023 / 04.00 P.M.** | | | | |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 | | | | |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 | | | | |

नोटः– 1. विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–231 (स्वी0) रांची, दिनांक 14.02.2023
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।
PR 291087 Drinking Water and Sanitation(22-23)D


### अडानी समूह के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च के रिपोर्ट का असर

# एक महीने में 20लाख करोड़ रु. का नुकसान



**एजेंसी। नई दिल्ली**

गुरुवार के सत्र में शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ है। और ये लगातार पाचवां ट्रेडिंग सशन है जब भारतीय बाजारों में गिरावट देखने को मिली है। पिछले पांच दिनों की गिरावट में भारतीय शेयर बाजार के निवेशकों को 7.50 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। और जब से अडानी समूह के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट आई है तबसे भारतीय बाजार के निवशकों को 20 लाख करोड़ रुपये की चपत लग चुकी है। पिछले पांच ट्रेडिंग सेशन में बीएसई सेंसेक्स ने पहले 61000 और फिर 60000 के लेवल को तोड़ दिया। इन पांच सेशन में सेंसेक्स में 1700 अंकों की गिरावट आ चुकी है। वहीं निफ्टी की बात करें तो 5 सत्र में 433 अंक ये इंडेक्स टूट चुका है। अडानी समूह के शेयरों में जारी गिरावट ने निवशकों के मनोबल को तोड़ दिया है। इसका ऐसा असर हुआ है कि घरेलू से लेकर विदेशी निवेशक फिलहाल के लिए बाजार से दूरी बना रहे हैं जिससे बाजार का सेंटीमेंट बिगड़ा हुआ है। पिछले पांच ट्रेडिंग सेशन में भारतीय बाजारों में गिरावट के चलते निवेशकों की गाढ़ी कमाई में जबरदस्त सेंध लगी है। 16 फरवरी 2023 बाजार बंद होने पर बीएसई पर लिस्टेड शेयरों का मार्केट कैप को 268.23 लाख करोड़ रुपये था जो 23 फरवरी को घटकर 260.88 लाख करोड़ रुपये रह गया है। यानि केवल 5 सत्र में निवेशकों को कुल 7.35 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। वहीं 24 जनवरी 2023 को हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के जारी होने वाले दिन बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट 280.37 लाख करोड़ रुपये था। यानि एक महीने में निवेशकों को 20 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। बाजार में बीते एक महीने से जारी उठापटक का असर ये है कि रिटेल निवेशक अब सदमे में हैं। जनवरी महीने में घरेलू बाजार में व्यक्तिगत निवेशकों की हिस्सेदारी 34 महीनों के निचले स्तर पर आ गई है।

**ज्ञान की बात**

**विदुर ने धृतराष्ट्र से कहा कि आप पांडवों को वापस बुलाकर उनका राज्य, उनका धन, उनकी सत्ता और संपत्ति उन्हें लौटा दें। दुर्योधन, दु:शासन, कर्ण और शकुनी राजसभा में सार्वजनिक रूप से पाण्डवों तथा पांचाली से क्षमा मांगे। दुर्योधन को आप सारे राज्याधिकारों से वंचित कर दें। वह न माने तो, सार्वजनिक रूप से उसका त्याग कर दें। अगर आप ऐसा न कर सके तो आने वाली पीढ़ियां आपको माफ नहीं करेंगी।**

*– ठाकुरजी*



# विहिप का पांकी दौरा क्यों?

***पलामू*** के पांकी की घटना को लेकर मगजमारी जारी है। घटना से आस्था के आकाश में कयासों के बादल आज भी मंडरा रहे हैं। ऐसे में बुधवार को विहिप प्रतिनिधि मंडल को जिला प्रशासन ने वहां जाने से रोक दिया। इससे यहां का राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। विहिप पीड़ित परिवार से मिलना चाहता था। इसका मानना है कि यहां एकपक्षीय कार्रवाई हुई है,या हो रही है। ऐसे में एसडीएम ने 19 लोगों के खिलाफ 107 की कार्रवाई करते हुए कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया। इनमें 16 लोग कोर्ट में हाजिर हुए। हाजिर नहीं होने वाले तीन के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी कर दिया है। हालांकि प्रशासन की सक्रियता का सब कोई कायल है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर क्या कारण है कि हाल के दिनों में ऐसे माहौल बन जाते हैं? इसका सीधा सा जवाब हो सकता है कि हमारे आंगन में अनावश्यक हस्तक्षेप की राजनीति बढ़ती जा रही है। पर्व और त्योहार हमारे जीवन में निराशा और हताशा को दूर करने आते हैं। ऐसे में अगर इस पर ग्रहण लग जाये तो सोचना पड़ेगा ही। बहरहाल उपद्रवी या असामाजिक तत्वों के मंसूबे पर ग्रहण लग गया है। अब ऐसे लोग मौके की तलाश ढूंढ़ने में लग गये हैं। दूसरी तरफ नेताओं को अपने बड़बोलेपन से सावधानी बरतने की जरूरत है। तभी यहां का माहौल शांत रह पायेगा। कुछ दिनों के बाद होली का पर्व आने वाला है। ऐसे में चौकसी बरकरार रखने की जरूरत है। शिवरात्रि में तोरणद्वार को लेकर दो समुदाय के बीच का विवाद भले ही शांत हो गया है। लेकिन कुछ लोग मौके की तलाश में आज भी हैं। वैसे पलामू के लोगों ने हर मौके पर एक दूसरे का साथ दिया है। लेकिन हाल के दिनों में माहौल में उतनी ताजगी नहीं दिख रही है। कुछ लोग आपसी सौहार्द को देखना नहीं चाहते हैं। शांति में खलल डालने के लिए पांकी में जो कुछ हुआ,वह दुखद है। ऐसे में आगे सब कुछ ठीक रहे,इसका प्रयास लगातार जारी रखनी चाहिए। आने वाला समय लोगों को जरूर जवाब देगा। पांकी में तोरणद्वार विवाद की जांच चल रही है। इस स्थिति में नेताओं और संगठनों के जाने से सामाजिक सौहार्द को अगर खतरा है तो दौरा करने से कोई फायदा नहीं है। वैसे यहां 144 की धारा आज भी लागू है। जिला प्रशासन की पैनी नजर से कोई नहीं बच सकता है। अच्छा होगा कि लोग पुरानी बातों को भूलकर गले मिलें। इसी में सबका भला है। विहिप और बजरंगदल जैसे संगठनों को पूरी तरह माहौल शांत हो जाने के बाद जाना चाहिए। बस धैर्य बनाये रखने की जरूरत है। सबको उस दौर को याद करना चाहिए जब पहली बार इंटरनेट जैसी सेवा को बाधित करने जैसी नौबत आयी थी। इससे सहज समझा जा सकता है कि एक बड़ी अनहोनी की घटना प्रशासन की तत्परता से काबू कर ली गयी।

**पर्व और त्योहार हमारे जीवन में निराशा और हताशा को दूर करने आते हैं। ऐसे में अगर इस पर ग्रहण लग जाये तो सोचना पड़ेगा ही। बहरहाल उपद्रवी या असामाजिक तत्वों के मंसूबे पर ग्रहण लग गया है।**

# भारतीय खेल जगत में सुधरेगी खेलों की दशा





रमेश सर्राफ धमोरा

***भारतीय*** खेल जगत में उड़न परी के नाम से मशहूर पीटी उषा के भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष बनने के बाद अब लगने लगा है कि आने वाले समय में भारत में खेलों की दशा सुधरेगी। पीटी उषा स्वयं अंतरराष्ट्रीय स्तर की धावक रही हैं तथा भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन का अध्यक्ष बनने वाली पहली महिला हैं। भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन में अभी तक गैर खिलाड़ी व पुरुषों का ही वर्चस्व रहा है। यह पहला अवसर है जब संघ की अध्यक्ष के रूप में एक महिला और वह भी पूर्व खिलाड़ी की नियुक्ति हुई है। पूर्व खिलाड़ी होने के नाते पीटी उषा को खिलाड़ियों के समक्ष आने वाली सभी समस्याओं की जानकारी है। एक खिलाड़ी के रूप में उन्हें भी अपने कैरियर में विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ा था। ऐसे में ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में पीटी उषा भारत में खेल व खिलाड़ियों की दशा सुधारने की दिशा में कई बेहतर काम कर सकती हैं। अध्यक्ष के रूप में उन्हें जो अवसर मिला है। उसका फायदा आने वाले कई पीढ़ियों को मिल सकता है। पीटी उषा भारतीय ओलंपिक संघ की 15 वीं अध्यक्ष बनी हैं। इससे पूर्व चुने गये 14 अध्यक्षों में से कोई भी खिलाड़ी नहीं रहा है। 1927 में भारतीय ओलंपिक संघ की स्थापना के समय दोराबजी टाटा पहले अध्यक्ष बने थे। वह प्रतिष्ठित टाटा समूह से जुड़े हुए थे। उनके बाद महाराजा भूपिंदर सिंह, महाराजा यदाविंद्र सिंह, भलिंद्र सिंह, ओमप्रकाश मेहरा, बलिंदर सिंह, विद्याचरण शुक्ला, शिवांथी अदिथन, सुरेश कलमाडी, विजय कुमार मल्होत्रा, सुरेश कलमाडी, अजय सिंह चौटाला, नारायण रामचंद्रन, नरिंदर बत्रा अध्यक्ष रह चुके हैं। भारतीय ओलंपिक संघ भारत की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति है। जिसका कार्य ओलंपिक खेलों, एशियाई खेलों व अन्य अंतरराष्ट्रीय बहू खेल प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों का चयन करना और भारतीय दल का प्रबंधन करना है। यह भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ की तरह भी कार्य करता है तथा राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों का भी चयन करता है। इस संघ के पदाधिकारियों का चुनाव प्रत्येक 4 वर्ष बाद होता है। भारतीय ओलंपिक समिति के सदस्यों में राष्ट्रीय खेल संघों, राज्य ओलंपिक संघ और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति और अन्य चुनिंदा बहू खेल संगठनों के सदस्य शामिल हैं। अपने जमाने के दिग्गज धाविका पीटी उषा को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का पहला महिला अध्यक्ष चुनने से भारतीय खेल प्रशासन में एक नये युग की शुरूआत हुई है। एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाली और 1984 के लॉस एंजिलस ओलंपिक खेलों में 400 मीटर की बाधा दौड़ में चौथे स्थान पर रहीं। 58 वर्षीय उषा को चुनाव के बाद शीर्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। 'पय्योली एक्सप्रेस' और 'उड़न परी' के नाम से मशहूर रही पीटी उषा ने 2000 में खेलों से संन्यास लेने से पहले भारतीय और एशियाई एथलेटिक्स में दो दशक तक अपना दबदबा बनाये रखा था। पिलावुलकंडी थेक्केपारंबिल उषा का जन्म 27 जून 1964 में पय्योली गाँव में हुआ था। इन्हें पीटी उषा नाम से ही जाना जाता है। इनके पिता का नाम इ पी एम पैतल एवं माता का नाम टी वी लक्ष्मी है। इनके पहले कोच ओ.एम. नम्बिअर थे। पीटी उषा ने एथलीट के तौर पर अपने अन्तरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत 1980 में करांची में हुए 'पाकिस्तान ओपन नेशनल मीट' से की थी। इस एथलीट मीट में पीटी उषा ने 4 गोल्ड मैडल भारत के नाम किये थे। इसके बाद 1982 में पीटी उषा ने 'वर्ल्ड जूनियर इनविटेशन मीट' में हिस्सा लेकर 200 मीटर की रेस में गोल्ड मैडल एवं 100 मीटर की रेस में ब्रोंज मैडल जीता था। इसके एक साल बाद ही कुवैत में हुए 'एशियन ट्रैक एंड फील्ड चैम्पियनशीप' में पीटी उषा ने 400 मीटर की रेस में नया रिकॉर्ड कायम किया और गोल्ड मैडल जीता। 1984 में लॉस एंजिल्स में हुए ओलंपिक में पीटी उषा ने सेमी फाइनल के पहले राउंड की 400 मीटर बाधा दौड़ को अच्छे से समाप्त कर लिया था। लेकिन इसके फाइनल में वे हार गई और उनको ब्रोंज मैडल नहीं मिल पाया था। हार के बाद भी पीटी उषा की यह उपलब्धि बहुत बड़ी थी। यह भारत के इतिहास में पहली बार हुआ था जब कोई महिला एथलीट ओलंपिक के किसी फाइनल राउंड में पहुंची थी। इन्होने 55.42 सेकंड में रेस पूरी की थी। जो आज भी भारत के इवेंट में एक नेशनल रिकॉर्ड है। 1985 में पीटी उषा ने इण्डोनेशिया के जकार्ता में 'एशियन ट्रैक एंड फील्ड चैम्पियनशीप' में हिस्सा लेकर 5 गोल्ड और 1 ब्रोंज मैडल जीता। 1986 में सीओल में 10 वें 'एशियन गेम्स' में 200 मीटर, 400 मीटर, 400 मीटर बाधा एवं 4400 मीटर रिले रेस में हिस्सा लेकर पीटी उषा विजयी रहीं और चारों गोल्ड मेडल भारत के नाम कर दिया। एक ही इवेंट में एक ही एथलीट द्वारा इतने मैडल जीतना अपने आप में एक रिकॉर्ड था। 1989 में उन्होंने दिल्ली में आयोजित 'एशियन ट्रैक फेडरेशन मीट' में 4 गोल्ड मैडल एवं 2 सिल्वर मैडल जीते।

**पीटी उषा भारतीय ओलंपिक संघ की 15 वीं अध्यक्ष बनी हैं। इससे पूर्व चुने गये 14 अध्यक्षों में से कोई भी खिलाड़ी नहीं रहा है। 1927 में भारतीय ओलंपिक संघ की स्थापना के समय दोराबजी टाटा पहले अध्यक्ष बने थे।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें भगवान श्री कृष्ण की कथा*

***जिसमें*** शिशुपाल की सेना नष्ट हो गयी। श्री कृष्ण और रुक्मिणी का विवाह बहुत ही धूमधाम तथा विधि-विधान पूर्वक किया गया। श्री कृष्ण की सभी पटरानियों में रुक्मिणी का दर्जा सबसे ऊपर था। श्री कृष्ण महाभारत के युद्ध में धनुर्धर अर्जुन के रथ के सारथी भी बने थे। श्री कृष्ण ने युद्ध के दौरान अर्जुन को बहुत से उपदेश दिये थे जो की अर्जुन को युद्ध लड़ने के लिए बहुत ही सहायक सिद्ध हुए थे। ये उपदेश गीता के उपदेश थे जो श्री कृष्ण के द्वारा बताये गये थे। यह उपदेश श्रीमद भगवत गीता के नाम से आज भी विख्यात है। भगवान श्रीकृष्ण ने इस युद्ध मे बिना हथियार उठाये ही इस युद्ध के परिणाम को सुनिश्चित कर दिया था। महाभारत के इस युद्ध मे अधर्म पर धर्म ने विजय प्राप्त करके पांडवो ने अधर्मी दुर्योधन सहित पूरे कौरव वंश का विनाश कर दिया था। दुर्योधन की माता गांधारी अपने पुत्रों की मृत्यु एवं कौरव वंश के विनाश का कारण भगवान श्रीकृष्ण को मानती थी इसीलिए इस युद्ध की समाप्ति के बाद जब भगवान श्रीकृष्ण गांधारी को सांत्वना देने के लिए गये थे तभी अपने पुत्रों के शोक में व्याकुल गांधारी ने क्रोधित होकर श्रीकृष्ण को यह श्राप दे दिया कि जिस तरह मेरे कौरव वंश का विनाश आपस मे युद्ध करके हुआ है, उसी तरह तुम्हारे भी यदुवंश का विनाश हो जायेगा। इसके बाद श्रीकृष्ण द्वारिका नगरी चले आये। महाभारत के युद्ध के लगभग 35 वर्षो के बाद भी द्वारिका बहुत ही शांत और खुशहाल थी। धीरे धीरे श्रीकृष्ण के पुत्र बहुत ही शक्तिशाली होते गये और इस तरह पूरा यदुवंश बहुत ही शक्तिशाली बन गया था।

*(क्रमश:)*

# बचिए आफताब और साहिल जैसे दरिंदों से



आर.के.सिन्हा

***यकीन*** मानिये कि इन दिनों सुबह सोकर उठने के बाद अखबार पढ़ने में डर-सा लगने लगता है। प्रतिदिन इतनी भयानक खबरें छपती हैं कि दिल दहल जाता है। कभी-कभी तो लगता है कि हमारे आसपास ही कुछ पौराणिक काल के राक्षस घूम रहे हैं। हां, उनके चेहरे-मोहरे सामान्य मनुष्यों की तरह के ही हैं। इनके लिए किसी का कत्ल करना सामान्य-सी बात है। ये अपने किसी परिचित के शरीर के टुकड़े-टुकड़े करने से जरा भी विचलित नहीं होते। ये उसे ही मार डालते हैं जिनसे इन्होंने शादी करने का वादा किया होता है या झूठी शादी रचाई होती है। राजधानी दिल्ली में कुछ समय के दौरान हुई दो ऐसी घटनाओं पर गौर करें। पहला केस श्रद्धा वाकर तथा आफताब पूनावाला का है। ये दोनों मुंबई के रहने वाले थे और नौकरी करने का बहाना बनाकर दिल्ली आ गये थे। शादी किये बगैर साथ-साथ रह रहे थे। इनके पड़ोसियों को लगता था कि ये पति-पत्नी हैं। इनके बीच आपस में इस तरह का क्या हुआ कि आफताब ने श्रद्धा को नृशंसता पूर्वक मारकर उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर डाले। उसके बाद उसने कटे हुए अंगों को साउथ दिल्ली के सुनसान इलाकों में फेंक भी दिया। सबसे हैरानी की बात यह है कि उसमें किसी तरह का अपराधबोध तक नहीं है। उसने पुलिस पूछताछ के दौरान एक बार भी यह नहीं कहा कि उसे अपने कृत्य पर अफसोस है। अब दूसरा केस लीजिए। राजधानी में साहिल नाम के एक शख्स ने अपनी मित्र निक्की यादव का कत्ल करके उसके शव को अपने फ्रीज में रख दिया। इतने जघन्य कांड को अंजाम देने के बाद साहिल ने एक अन्य लड़की से विवाह भी रचा लिया। यानी उसने एक को मार दिया और दूसरी लड़की का जीवन तबाह कर दिया। श्रद्धा और निक्की यादव जैसी लड़कियों के साथ सहानुभूति रखते हुए इतना तो कहना ही होगा ये बदनसीब लड़कियां सच्चा दोस्त पहचान पाने में असफल रहीं। ये पढ़ी-लिखी थीं। ये आफताब तथा साहिल को पहचान पाने में नाकामयाब रहीं। आखिर आफताब और साहिल में वे कौन से गुण थे जिनके चलते श्रद्धा तथा निक्की ने अपने घरवालों तथा समाज की परवाह किये बगैर अपना सब कुछ अपने इतने धूर्त मित्रों को समर्पित कर दिया ? आपको वयस्क होने पर अपना करियर से लेकर जीवन साथी चुनने का अधिकार तो निश्चित रूप से है। इस मसले पर कोई विवाद नहीं है। पर आपको यह फैसला बहुत सोच समझकर लेने होंगे। आप भावनाओं में बहकर कोई भी कदम नहीं उठा सकते। अगर आप आँखों में पट्टी बांधकर फैसले लेंगे तो नतीजे ऐसे ही भयानक आ सकते हैं। यही तो श्रद्धा और निक्की यादव के साथ हुआ। जैसा कि पुलिस ने बताया कि श्रद्धा के पिता ने अपनी बेटी को बहुत समझाया भी था कि वह आफताब से संबंध न रखे। श्रद्धा के पिता को उसमें तमाम कमियां-खामियां नजर आ रही थीं। उन्होंने जिंदगी को करीब से देखा था। उन्हें समझ आ रहा था कि वह संदिग्ध किस्म का इंसान है। पर श्रद्धा ने अपने पिता की एक नहीं सुनी। उनकी नेक सलाह को दरकिनार करते हुए आफताब से संबंध बनाये रखने का फैसला लिया और अपने माता-पिता का घर तक छोड़ दिया। उसके बाद जो कुछ हुआ वह सबको पता चल चुका है। निक्की यादव की कहानी भी लगभग श्रद्धा ही तरह है। पता नहीं रोज कितनी मासूम श्रद्धा और निक्की उस जाल में फंसती हैं, जिन्हें आफताब और साहिल जैसे राक्षस दिल आपराधिक प्रवृति वाले लड़के बिछाते हैं। ये लड़के सीधी-सरल लड़कियों को झूठे वादे करके उनका विश्वास जीत लेते हैं। दरअसल बीते बीस-पच्चीस सालों के दौरान पढ़ने या नौकरी करने के लिए हजारों-लाखों लड़कियां छोटे शहरों से महानगरों में शिफ्ट कर रही हैं। ये प्रतियोगी परीक्षाएं भी दे रही हैं। अगर बात दिल्ली की करें तो यहां बिहार, झारखंड और उड़ीसा की हजारों बेटियां हर साल आती हैं। ये यमुना पार के इलाकों में भी काफी संख्या में रहती हैं। आप कभी द्वारका से वैशाली जाने वाली मेट्रो रेल में सफर कीजिये। आप लक्ष्मी नगर और निर्माण विहार में मेट्रो रेल के हरेक फेरे में दर्जनों लड़कियों को चढ़ते-उतरते हुए देखेंगे। बेंगलुरू, चेन्नई और पुणे में भी देशभर से लड़कियां नौकरी के लिए पहुंच रही हैं। ये तीनों महानगर तो देश की आईटी राजधानी हैं ही। इसलिए वहां पर सारे देश के नौजवान भी जाते हैं। महानगरों में आते ही इन्हें एक नये संसार से साक्षात्कार होता है। इधर इनका कोई परिचित नहीं होता। ये लड़कियां आपस में एक साथ रहती हैं। इनके खाने-रहने की भी कोई ठोस व्यवस्था नहीं होती। इन परिस्थितियों में इनका शोषण करने वाले शातिर तत्व प्रकट हो जाते हैं। दरअसल घर के सुरक्षित माहौल से बाहर किसी शहर में जाकर जिंदगी को शुरू करना आसान नहीं होता। ये लड़कियां खतरनाक किस्म के तत्वों के निशाने पर रहती हैं।

**राजधानी दिल्ली में कुछ समय के दौरान हुई दो ऐसी घटनाओं पर गौर करें। पहला केस श्रद्धा वाकर तथा आफताब पूनावाला का है। ये दोनों मुंबई के रहने वाले थे और नौकरी करने का बहाना बनाकर दिल्ली आ गये थे।**

**राजनीति**

## फोटो की दुनिया




## ट्वीट-ट्वीट


Hemant Soren
@HemantSorenJMM

आज मां की ममता जनता की अदालत में हैं। ममता देवी जी का संघर्ष आपके सामने हैं। आप सभी माताओं-बहनों से आग्रह है इस उपचुनाव आप मां की ममता के लिए भारी मात्रा में वोट डालने घर से बाहर निकलें। आप लोगों की यह परीक्षा की घड़ी है। यह उपचुनाव एक मां की ममता को मजबूत करने का वक्त है।

## फेसबुक वॉल से


हेडमास्टर फोटो ग्राफर से:- 20 रुपये बहुत होते है।स्कूल मे 1600 बच्चे है 10-10 रुपये मे फोटो निकालो।?
हेडमास्टर टीचर से:- फोटो के लिये सभी बच्चों से 30-30 रुपये लेकर आने को बोल दो ।टीचर क्लास में :"सुनो बच्चो कल तुम लोगोका फोटो शूट होगा ,, .सब लोग अपने अपने घर से Rs.50/- ले कर आना ,
.
At home-शरारती बच्चा : " मम्मी कल स्कूल में ग्रुपफोटोशूट होना है टीचर ने Rs.100/- रूपये मंगाए है .. .
माँ : 100 rs!!खुली लूट मचा रखी है इन लोगो ने ,, .. फिर हमारे पैसो से ये सब ऐश करेंगे रुक बेटा मे तेरे पप्पा से लेकर देती हूँ ...
मम्मी पापा से : अरे सुनते हो बच्चे के स्कूल मेंफोटो के लिए Rs.200 मांगे है !!"बताओ कैसे ख़त्म होगा भ्रष्टाचार.....?

# विदेशी विचार छोड़कर 'स्व' का भाव जगाएं



सुरेश हिन्दुस्तानी

***दरअसल*** किसी भी देश का विचार उसके स्वभाव से परिचित कराता है। अगर किसी देश के पास स्वयं के विचार का आधार नहीं है, तब निश्चित ही वह देश दूसरे के विचारों के अनुसार ही संचालित होगा। कहा जाता है कि कोई देश जब अपना अतीत भूल जाता है, तब वह धीरे-धीरे पतन की ओर कदम बढ़ाने की अग्रसर होता है। ऐसा उन्हीं देशों में होता है जहां निजत्व का गौरव नहीं होता। ऐसे देश प्रायः अपने स्वर्णिम और सुखद भविष्य की बुनियाद नहीं रख पाते। भारत देश के बारे में ऐसा कतई नहीं माना जा सकता। भारत के पास अतीत की ऐसी सुंदर परिकल्पना है जो केवल भारत का ही नहीं, अपितु पूरे विश्व का दिशा-दर्शन करने का सामर्थ्य रखती है, लेकिन समस्या इस बात की है कि वर्तमान में भारत के लोग अपनी सनातन संस्कृति से विमुख होते जा रहे हैं। भारत के कई लोग अपने विचारों को त्यागकर विदेशी विचारों को अपनाने की होड़ में लगे हैं। इसका आशय यही है कि हमें अपने प्रेरणादायी विचारों की समझ नहीं है। पुरातन काल से विदेशियों का यह षड्यंत्र चल रहा है कि भारतीय समाज अपने स्वर्णिम अतीत को भूल जाय। जिसमें विदेशी शक्तियां कुछ हद तक सफल भी हो रही हैं। हम यह भली भांति जानते हैं कि अमेरिका सहित अन्य पश्चिमी देशों का विचार और भारत का विचार एक सा नहीं हो सकता। पश्चिम में धनपतियों की कथाएं प्रेरणा का केन्द्र हैं, जबकि भारत में सांस्कृतिक जागरण के लिए राष्ट्र और धर्म के लिए सब कुछ त्याग करने वालों की कथाएं प्रचलन में हैं। और यही कथाएं समाज को सकारात्मक दिशा का बोध कराने में सक्षम होती हैं। भारत ने कभी भी अपने विचार को किसी भी देश पर थोपा नहीं है और न ही भारत की ऐसी मानसिकता ही है। यह सार्वकालिक सत्य है कि भारत के विचार को जब भी और जिसने भी सुना है, वह भारतीय विचारों को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ा है। यहां मुख्य सवाल यह है कि भारत का 'स्व' क्या है? इसका चिंतन करने के लिए हमें भारत को समझना होगा। इसके लिए हमारा स्वभाव क्या होना चाहिए? इस पर भारतीय दृष्टि से विचार करने की आवश्यकता है। जब हम इस दृष्टि से विचार करेंगे तो हमें वह सब दिखाई देगा, जो हमारा अपना है। जिसमें विदेशी विचार की कोई गुंजाइश नहीं होगी। लेकिन वर्तमान समय में हमको अपने विचार के बारे में चिंतन करने की आवश्यकता महसूस नहीं हो रही। इसके पीछे का मात्र यही कारण है कि हमें यह पता नहीं है कि हम क्या हैं? इसलिए समाज को जब पता नहीं होता तो वह न चाहकर भी नये विचारों को ग्रहण करने लगता है। इससे हम स्वयं के अस्तित्व को तो मिटाते ही हैं, साथ ही अपने देश के मूल स्वभाव को भी विस्मृत करने का अपराध भी करते हैं। हमें स्वदेशी में भी समाहित स्व का अर्थ पता नहीं होता। स्वदेशी विचार कोई वस्तु का नाम नहीं है, बल्कि यह एक संचेतना है, जिसे जगाने की बहुत आवश्यकता है। वर्तमान में जिस प्रकार से हमारे त्यौहार विदेशी वस्तुओं पर निर्भर होते जा रहे हैं, उससे त्यौहारों का मूल स्वरूप भी बदल गया है। इसके बाद हम स्वयं ही यह सवाल करते हैं कि हमारे त्यौहार पहले जैसे नहीं रहे। भारतीय बाजारों में जिस प्रकार से चीनी वस्तुओं का आधिपत्य दिखाई दे रहा है, उससे यही लगता है कि देश में एक और भारत छोड़ो आंदोलन की महती आवश्यकता है। यह बात सही है कि आज देश में अंग्रेज नहीं हैं, लेकिन भारत छोड़ो आंदोलन के समय जिस देश भाव का प्रकटीकरण किया गया, आज भी वैसे ही देशभाव के प्रकटीकरण की आवश्यकता दिखाई देने लगी है। रक्षाबंधन के त्यौहार को अपना त्यौहार मानकर वैसा ही मनाने का प्रयास करना चाहिए, जैसा पहले मनता आया है। इसके लिए अपने मन को स्वदेशी की भावना से पूरित करने की आवश्यकता है। रक्षाबंधन पर हम सभी चीनी वस्तुओं का त्याग करके चीन को सबक सिखा सकते हैं। यह समय की मांग भी है और देश को सुरक्षित करने का तरीका भी है। तो क्यों न हम आज ही इस बात का संकल्प लें कि हम जितना भी और जैसे भी हो सकेगा, देश की रक्षा के लिए कुछ न कुछ अवश्य ही करेंगे। भारत को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए जिन महापुरुषों ने जैसे स्वतंत्र भारत की कल्पना की थी, वर्तमान में वह कल्पना धूमिल होती दिखाई दे रही है। महात्मा गांधी ने सीधे तौर पर स्वदेशी वस्तुओं के प्रति देशभाव के प्रकटीकरण करने की बात कही थी, पर क्या यह भाव हमारे विचारों में दिखाई देता है।

**भारत में सांस्कृतिक जागरण के लिए राष्ट्र और धर्म के लिए सब कुछ त्याग करने वालों की कथाएं प्रचलन में हैं। और यही कथाएं समाज को सकारात्मक दिशा का बोध कराने में सक्षम होती हैं।**

**दुनियादारी**


स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# कॉन्टेक्ट लेंस के चलते चली गई शख्स की आंखों की रोशनी

हाल ही में अमेरिका के फ्लोरिडा में कॉन्टेक्ट लेंस के चलते एक शख्स की एक आंख की रोशनी चले जाने का मामला सामने आया है। माइक नाम के इस शख्स को बीते दिनों अचानक ही एक आंख से दिखाई देना बंद हो गया। उसके बाद युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि कॉन्टेक्ट लेंस के कारण उसकी यह हालत हुई है। ऐसे में आज हम जानेंगे कि कॉन्टेक्ट लेंस क्या होता है? और इसके इस्तेमाल के दौरान क्या सावधानी रखना जरूरी होता है?

### तेजी बढ़ रहा कॉन्टेक्ट लेंस का इस्तेमाल

दरअसल कॉन्टेक्ट लेंस आँखों की पुतलियों पर पहने जाने वाला उपचारक उपकरण होता है। इसका उपयोग दूर दृष्टि या निकट दृष्टि दोष को ठीक करने के लिए चश्मे की जगह किया जाता है। दरअसल इसे संभालना ज्यादा आसान होता है, यही कारण है कि कई लोग चश्मे की जगह इसका इस्तेमाल करते हैं। हालांकि इसके उपयोग के दौरान हमें कई सावधानी बरतनी चाहिए, वरना इसका आपको नुकसान भी हो सकता है। क्योंकि इसके साइड इफेक्ट्स के चलते कई लोग माइक की तरह एक आंख या दोनों आंखों से अंधे भी हो सकते हैं।



### बॉक्स को रखें स्वच्छ

कॉन्टेक्ट लेंस को हम आंखों की पुतलियों पर लगाते हैं, इसलिए यह बहुत जरूरी हैं कि हमारा कॉन्टेक्ट लेंस पूरी तरह से स्वच्छ हो। ऐसे में बहुत जरूरी है कि हम हमारे कॉन्टेक्ट लेंस के बॉक्स को थोड़े दिनों के अंतराल में बदलते रहें या फिर उसे अच्छी तरह से साफ रखें। क्योंकि बॉक्स के जरिए कीटाणु आपके कॉन्टेक्ट लेंस में आ सकते हैं और इसी कॉन्टेक्ट लेंस को जब आप अपनी आंखों पर लगाएंगे तो इन्फेक्शन हो सकता है।

### कॉन्टेक्ट लेंस लगाकर ना सोएं

हमें कभी भी कॉन्टेक्ट लेंस लगाकर सोने की गलती नहीं करना चाहिए। इससे इन्फेक्शन का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। साथ ही इसे पहनकर सोने से हमारी आंखों की पुतलियों को ऑक्सीजन भी नहीं मिलती है।

### स्विमिंग या शावर न लें

अगर आप कॉन्टेक्ट लेंस पहनकर ही स्विमिंग या शावर लेते हैं तो अपनी इस आदत को जल्दी ही बदल डालिए, क्योंकि कॉन्टेक्ट लेंस पहनकर नहाने से पानी में मौजूद रोगाणु आपके कॉन्टेक्ट लेंस से चिपक जातें है और फिर इन्फेक्शन फैलाते हैं।

### हाथों को रखें साफ

कॉन्टेक्ट लेंस निकालने, लगाने या छूने के दौरान अपने हाथों को अच्छी तरह से साफ कर लें। ऐसा नहीं करने पर आप अपनी आंखों में संक्रमण फैला सकते हैं।

### आंखों की जांच करवाएं

अगर आप कॉन्टेक्ट लेंस का इस्तेमाल करते हैं तो आपको नियमित रूप से अपनी आंखों की जांच करवाना चाहिए, ताकि संक्रमण की स्थिति में उस पर जल्दी से काबू पाया जा सके।

# सेवा मंदिर बनाम मेवा मंदिर



अस्पताल का नाम था सेवा मंदिर। सेवा का तो पता नहीं डॉक्टरों को मेवा बहुत मिलता था। अस्पताल के आरंभिक दिनों में डॉक्टर ऑटो में आते थे। अब खुद की चार-चार कोठियाँ और ऑडी-बेंज कार हैं। मरीजों का तो पता नहीं डॉक्टरों की बल्ले-बल्ले है। या यूँ कहिए कि अस्पताल केंचुए से अजगर बनने की कड़ी में जेट स्पीड से बढ़ता जा रहा था। यहाँ कर्मचारी काम कम खुशामदगिरी ज्यादा करते थे। खुशामदगिरी का परिणाम यह हुआ कि काम करने वाला कोल्हू का बैल बनकर उनके इशारे पर नाचता था। मरीजों से पूछने पर पता चला कि अस्पताल ऊपर से कमल के फूल के समान सुंदर और भीतर से दलदल की तरह है। एक बार जो मरीज बनकर आता है उसका घर-बार बिकना तय है। यहाँ गरीबों की भी सेवा होती है, लेकिन सरकारी स्वास्थ्य कार्ड होना जरूरी है। कार्ड है तो वार्ड है। वरना यहाँ आना बेकार है। डॉक्टरों को इन कार्डधारकों को हैंडल करने के लिए खास तरीके की ट्रेनिंग दी गई है। कोई भी बाहरी बीमारी हो उसे बड़ा बताकर ऑपरेशन करने के लिए बाध्य करना इनकी चिकित्सकीय निपुणता का पहला और अंतिम निर्णय होता है। वैसे इस अस्पताल का नाम बीमा मंदिर होना चाहिए था। कारण, यहाँ बीमाधारी मरीजों को विशेष खातिरदारी होती है। मरीज के अस्पताल में प्रवेश करते ही सबसे पहले पूछा जाने वाला सवाल होता है - क्या आपके पास बीमा है? यही मरीज ने हाँ कह दिया तो समझो डॉक्टरों की टीम जोंक की तरह उस पर टूट पड़ेगी। सेलाइन चढ़ाने से पहले खून चूसने का अपना मनपसंद काम शुरू कर देंगे। बीमा धारकों के भर्ती होने का मतलब अपनी गाड़ी सर्विसिंग देने जैसा है। जिस तरह गाड़ी का पुर्जा-पुर्जा खोलकर देखा जाता है ठीक उसी तरह ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, स्टूल टेस्ट, ईसीजी, एक्सरे, अल्ट्रास्कैन, फलाना स्कैन, ढिमका स्कैन सब कुछ कराया जाता है। ऐसा करने से बिल का पेपर खिच-खिच की आवाज के साथ अपनी लंबी जीभ के साथ बाहर आता है। बिल मरीज से ज्यादा उसके बीमा वाले पैसों का स्वाद चखने के लिए आतुर होता है। एक बात तो माननी होगी कि दुनिया में इतनी सारी समस्याएँ और मतभेद हैं बावजूद इसके बिल बीमाधारी मरीज के साथ कोई भेदभाव नहीं करता। सबको एक समान देखता और व्यवहार करता है। सेवा मंदिर बड़ा ढोंगी अस्पताल है। इसकी दीवारों पर ऐसे-ऐसे कथन लिखे हैं कि मानो कि इससे बढ़िया अस्पताल दुनिया में है ही नहीं। ये कथन सारे हाथी के दाँत जैसे हैं। जैसे - सब स्वस्थ रहें, खुश रहें। यह भी भला कोई कथन है। यदि सब स्वस्थ रहेंगे तो सेवा के नाम पर मेवा कैसे खायेंगे। न जाने इस दुनिया में ऐसे कितने मेवामंदिर फैले हैं।

❖ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त
प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

# क्या होता है पोस्टपार्टम डिप्रेशन?

महिलाओं में अक्सर प्रसव के बाद मानसिक और भावनात्मक रूप से कमजोरी आना स्वाभाविक बात है। लेकिन इसके चलते कई बार वे उभर नहीं पाती और धीरे-धीरे डिप्रेशन का शिकार होती चली जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन यानि डब्ल्यूएचओ का यह कहना है कि आज भारत देश में प्रसव के बाद डिप्रेशन की समस्या से करीब 20 फीसदी महिलाऐं जूझ रही हैं। इसका एक कारण महिलाओं में जागरूकता का आभाव भी बना हुआ है। कई बार यह समस्या इतनी अधिक बढ़ जाती है कि महिला की जान पर बन आती है। ऐसे में चलिए आपको बताते हैं पोस्टपार्टम डिप्रेशन के बारे में।



### क्या है पोस्टपार्टम डिप्रेशन?

अक्सर ही प्रसव होने के बाद महिलाओं में चिड़चिड़ापन, एंग्जायटी आदि समस्याएँ होने लगती हैं। इसके साथ ही उनके शरीर में काफी अहम बदलाव होते हैं, जिन्हें देखकर उन्हें डर लगने लगता है। कई बार ऐसी स्थिति को महिलाऐं समझ नहीं पाती, और इसका परिणाम स्ट्रेस और डिप्रेशन का रूप ले लेता है। इस अवस्था को ही पोस्टपार्टम डिप्रेशन कहा जाता है। सीधे शब्दों में महिला को प्रसव यानि डिलीवरी के बाद होने वाले डिप्रेशन को पोस्टपार्टम डिप्रेशन कहा जाता है।

### किसे होता है पोस्टपार्टम डिप्रेशन?

पोस्टपार्टम डिप्रेशन की समस्या आमतौर पर उन महिलाओं के साथ देखने को मिलती है, जिन्हें पूर्व में कोई मानसिक बीमारी रही हो। इसके अलावा जिनकी प्रेगनेंसी में किसी प्रकार की समस्या आई हो ऐसी महिलाओं में भी पोस्टपार्टम डिप्रेशन की समस्या लंबे समय तक देखी जा सकती हैं।

### कैसे रखें अपना ध्यान?

पोस्?टपार्टम डिप्रेशन से निपटने के लिए आपको डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। इसके अलावा आप अपने दोस्तों या करीबियों से भी इस बारे में बात कर सकते हैं। किसी प्रोफेशनल के सलाह लेना भी आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।



# ज्यादा जूस पीने से होते हैं कई नुकसान

हमेशा सेहतमंद बने रहने के लिए अक्सर ही फलों का सेवन करने या ज्यूस पीने की सलाह दी जाती है। कई बार जब आप व्यायाम करते हैं तो भी ज्यूस पीने से काफी राहत महसूस होती है। लोगों का यही मानना है कि नियमित रूप से ज्यूस पीना सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। क्योंकि इसके माध्यम से शरीर को संपूर्ण पोषक तत्व मिल जाते हैं। लेकिन हम आपको ज्यूस के रोजाना या अत्यधिक सेवन से होने वाले फायदे नहीं बल्कि नुकसानों के बारे में बताने वाले हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में।

**शुगर की समस्या :** कई बार लोग नियमित रूप से ऐसे ज्यूस का सेवन करते हैं जो काफी मीठा होता है। यह आगे चलकर अपने शरीर में डायबिटीज के बढ़ने का मुख्य कारण बन जाता है। इसकी बजाय आप फलों का सेवन करें, क्योंकि इसमें मौजूद फाइबर शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता।

**दांतों की समस्या :** ज्यूस के रोजाना सेवन करने से दांतों की एनामेल या सुरक्षा परत को नुकसान पहुँचता है। इसके कारण दांतों का दर्द और संवेदनशीलता बढ़ने जैसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए ऐसे ज्यूस जिनमें एसिड की मात्रा अधिक हो उन्हें रोजाना पीने से बचना चाहिए।

**हो सकते हैं साइड इफेक्ट्स :** यदि आप किसी बीमारी से जूझ रहे हैं और नियमित रूप से दवाइयां भी ले रहे हैं। तो रोजाना ज्यूस पीना आपकी सेहत पर बुरा असर डाल सकता है। क्योंकि ज्यूस में शुगर से लेकर कोलेस्ट्रोल तक को कंट्रोल करने की ताकत होती है, जो आपके शरीर के लेवल को बिगड़ सकती है। ऐसे में आपको हमेशा अपने डॉक्टर के परामर्श से ही ज्यूस का सेवन करना चाहिए। वजन बढ़ने की समस्या-यह देखा गया है कि आमतौर पर ज्यूस में पाए जाने वाले शुगर और कैलोरी के कारण वजन बढ़ने की समस्या होने लगती है। हालाँकि इससे बचने के लिए आप हरी सब्जियों के ज्यूस का सेवन कर सकते हैं।

# लाइट जलाकर न सोएं, सेहत हो जाएगी खराब

नींद सेहत के लिए काफी जरूरी होती है। लेकिन अगर आप लाइट जलाकर सोते हैं तो आपको इस आदत को जल्द से जल्द छोड़ने की जरूरत है। क्योंकि इससे बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। हमारे आसपास कई लोगों को रात में लाइट जलाकर सोने की आदत होती है। जिसका मुख्य कारण अंधेरे से लगने वाला डर होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि लाइट ऑन करके सोना आपकी सेहत पर बेहद हानिकारक असर डालता है। आपको बता दें कि यहां पर हम बात सिर्फ रूम लाइट की नहीं बल्कि आपके टीवी या लैपटॉप की रोशनी की भी कर रहे हैं। इन सब की रोशनी आपके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है। साल 2022 में हुए एक स्टडी के मुताबिक, लाइट की रोशनी में सोने वाले लोगों ने बताया कि उन लोगों ने अच्छी नींद ली। लेकिन मस्तिष्क की रिकॉर्डिंग करने से सामने आया कि उन्होंने बहुत कम गहरी नींद ली है। बता दें कि गहरी नींद लेना संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली के लिए अधिक महत्वपूर्ण है। लाइट जलाकर सोने वाले लोगों में मेटाबॉलिज्म और हार्ट पर प्रभाव होने की अधिक संभावना रहती है। इसके अलावा ऐसे लोगों के ब्लड सैंपल से पता चला कि कमरे की रोशनी में एक रात सोने से प्रतिभागियों के इंसुलिन प्रतिरोध में इजाफा हुआ है। आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम आपको लाइट जलाकर सोने वाले नुकसानों के बारे में बता रहे हैं।



**मोटापे का खतरा :** महिलाओं पर किए गए अध्ययन से सामने आया है कि रूम लाइट या टीवी ऑन करके सोने वाले लोगों को गंभीर बीमारियां होने का खतरा रहता है। वहीं ऐसा करने वाले लोगों में मोटापे का जोखिम ज्यादा होता है। लाइट बंद कर सोने वाले लोगों को इन परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है। वहीं मोटापे के खतरे से कई गंभीर बीमारियों को भी बुलावा मिलता है। इसलिए अगर आप भी लाइट जलाकर सोते हैं तो आपको भी अपनी इस आदत को जल्द ही छोड़ना चाहिए।

**डिप्रेशन :** इसके अलावा रात में लाइट जलाकर सोने से अवसाद यानि की डिप्रेशन का जोखिम बढ़ जाता है। इतना ही नहीं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाली तेज नीली लाइट आपके मूड और स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है। बता दें कि लाइट नींद की कमी से संबंधित है। लाइट जलाकर सोने से मूड स्विंग होने और स्वभाव में चिड़चिड़ापन पैदा कर सकती है। साथ ही आपको अवसाद का भी सामना करना पड़ा सकता है। इसलिए नींद के दौरान लाइट जलाने से बचना चाहिए।

**ब्लड शुगर लेवल का बढ़ना :** रात में सोने के दौरान लंबे समय तक लाइट को जलाकर रखने से आपका ब्लड शुगर का लेवल बढ़ जाता है। इससे आपको डायबिटीज और इंसुलिन प्रतिरोध होने का खतरा बना रहता है। इसलिए कोशिश करें कि इस आदत को जल्दी छोड़ा जा सके। क्योंकि नींद का सीधा संबंध हमारी सेहत से होता है। लाइट शरीर के सिस्टम को डिस्टर्ब करने का काम करती है।

**अपनाएं ये उपाय :** अगर आपको लाइट के बिना नींद नहीं आती है तो आप नॉर्मल लाइट के बजाय लाल रंग के बल्ब का इस्तेमाल कर सकते हैं। एक रिसर्च में पाया गया है कि अन्य रंगीन बल्बों के समान लाल नाइट बल्ब मेलाटोनिन उत्पादन पर हानिकारक प्रभाव नहीं डालते हैं। लेकिन इसका भी लंबे समय तक इस्तेमाल किए जाने से बचना चाहिए। साथ ही अगर आप सेहत संबंधी किसी भी समस्या से परेशान है तो आप डॉक्टर की भी सलाह ले सकते हैं। डॉक्टर या एक्सपर्ट आपको इस समस्या से निकालने के लिए कुछ अन्य उपाय भी बता सकते हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

## सूडोकू नवताल- 6620

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल -6619 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**24 फरवरी 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.28 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मेष | 08.58 बजे से |
| मंगल | वृष में | वृष | 10.38 बजे से |
| बुध | मकर में | मिथुन | 12.36 बजे से |
| गुरु | मीन में | कर्क | 14.50 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 17.06 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 19.18 बजे से |
| राहु | मेष में | तुला | 21.29 बजे से |
| केतु | तुला में | वृश्चिक | 23.43 ब.से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | धनु | 01.59 बजे से |
| | | मकर | 04.05 बजे से |
| | | कुंभ | 05.51 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 55 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पंचमी 00.32 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 03.27 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 18.47 बजे को समाप्त। **करण** बव 12.57 बजे तदनन्तर बालव 00.32 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 03.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 09° 38' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871534 **जूलियन दिन** 2459999.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** सावान **तारीख** 03

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7683



**बाएँ से दाएँ**

1. ओस की बूंदे (उर्दू-4)
3. आसमान, गगन-3
5. निम्न, जो स्तरीय न हो-4
8. रात्रि, निशा-2
10. सिलना, छाती
11. नश, नाड़ी-2
13. एक समाज सुधारक जिनके दोहे काफी प्रसिद्ध हैं-2
15. इसे आंखों में लगाते हैं-3
16. प्रभाव-3
17. समीप, पास, नजदीक-3
19. भगवान, खुदा-2
20. जानवर इसे खाते हैं-2
21. होठ, अधर-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. प्रकार-3
26. बेबस, लाचार-4

**ऊपर से नीचे**

1. चिंगारी, अंगारा-3
2. मस्ती में चूर-2
3. इज्जत, साख-2
4. तलवार (उर्दू-4)
6. रसदार, रस से भरा-3
7. मेहंदी, ऋषि कपूर की फिल्म-2
9. सब्जी, भाजी-4
13. कमी-3
14. अकबर के एक हिंदू सलाहकार-4
17. अचरज भरा कार्य-4
18. वायुसेना के एक विमान का नाम-3
20. चाहत, प्रेम-2
22. ऋतुराज, मौज-मस्ती-3
23. रास्ता, डगर-2
24. एक पेड़ जिसकी टहनी से दातुन करते हैं-3

**शब्द पहेली -7682 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ब | र | ग | द | | स | | |
| | द | | म | | कि | फ़ा | य | त |
| अ | बा | प | | कि | श | या | | ह |
| | म | र | जा | | ये | | श | जी |
| प्र | | स | म | झ | दा | र | | ब |
| त्या | ग | | क | | र | स | ना | |
| रो | | ज | मा | त | | म | न | ता |
| प | न | प | ना | | चो | | ची | |
| | | ना | | अ | र | गा | न | |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों और कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी।

**वृष राशि :** आज का दिन मिश्रित फलदायी है। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ का स्थिति रहेगी। कार्यभार अधिक रहेगा, जिससे भागदौड़ करनी पड़ेगी।

**मिथुन राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी।

**कर्क राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी और नौकरी में तरक्की के योग बनेंगे। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी।

**सिंह राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का भरपूर सहयोग मिलेगा और सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यापार-धन्धा अच्छा चलेगा और आकिस्मक धनलाभ के योग रहेंगे।

**कन्या राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी।

**तुला राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन अपने प्रयासों और कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी होगा। कार्यक्षेत्र में आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं। भाई-बंधुओं के साथ अच्छे संबंध रहेंगे तथा उनके साथ बैठकर घर के बारे में चर्चा हो सकती है।

**धनु राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपने परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगा और कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी।

**मकर राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में धनलाभ की स्थिति रहेगी। व्यापार अच्छा चलेगा और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे, लेकिन कार्यभार की अधिकता रहेगी, जिससे शारीरिक व मानसिक रूप से थकान का अनुभव कर सकते हैं।

**कुंभ राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक रहेंगे।

**मीन राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। नौकरी तथा व्यापार में लाभ मिलने की संभावना रहेगी। सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। नये कार्यों की शुरूआत कर सकते हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### जयपुर में विरोध के तौर पर महिला ने उतारे कपड़े

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज में 2020 से प्रतीक्षारत पोस्टिंग ऑर्डर (एपीओ) पर रखे जाने के विरोध में एक महिला अपने कपड़े उतारकर डिवाइडर पर बैठ गई। घटना बुधवार की है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि महिला नर्स थी। राहगीरों ने उसे कपड़े पहनने को कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। जल्द ही पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची और महिला को कपड़े पहनाकर थाने ले गई।

### केजरीवाल के पीए से ईडी की पूछताछ

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव के.पी. गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में शामिल हुए। बिभव ईडी कार्यालय पहुंचे और मामले पर कोई टिप्पणी किए बिना सीधे अंदर चले गए। अब ईडी के आला अधिकारियों की एक टीम उनसे पूछताछ कर रही है। ईडी ने 11 फरवरी को इस मामले में वाईएसआर कांग्रेस सांसद मगुंटा श्रीनिवास रेड्डी के बेटे राघव मगुंटा को गिरफ्तार किया था।

### नशे में धुत शख्स ने महिला की सीट पर किया पेशाब

**बेंगलुरू।** सरकारी बस में यात्रा के दौरान नशे में धुत एक व्यक्ति ने महिला सह-यात्री की सीट पर पेशाब किया। कर्नाटक सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने पर विचार कर रहा है। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह घटना 21 फरवरी को विजयपुरा से मंगलुरु जाने वाली एक नॉन-स्लीपर बस में हुई थी। केएसआरटीसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि ड्राइवर और कंडक्टर ने बस में पेशाब करने वाले यात्री के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की। लेकिन आरोपी ने माफी मांगी और अपनी निजी जानकारी नहीं दी। चूंकि महिला यात्री ने शिकायत दर्ज कराने से इनकार कर दिया था, इसलिए बस निर्धारित यात्रा पर चलती रही। चश्मदीदों के मुताबिक, हुबली शहर के पास किरेसुर में जब बस को डिनर के लिए रोका गया तो शख्स ने 20 साल की एक महिला की सीट पर पेशाब कर दिया। महिला खाना खाने के लिए उतरी थी।

**संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप :** राष्ट्रपति ने कलाकारों को दी बधाई, कहा

# हमारी परंपरा में कला एक साधना है, एक संजीवनी है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में वर्ष 2019, 2020 और 2021 के लिए संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप और पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने अकादमी रत्न और अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किए गए सभी कलाकारों और कलाविदों को बधाई देते हुए कहा कि हमारी परंपरा में कला एक साधना है, एक संजीवनी है, सत्य की खोज का माध्यम है। उन्होंने कहा कि कला द्वारा उपासना, अर्चना और स्तुति की जाती है। लोक कल्याणकारी भावनाओं का प्रसार किया जाता है। जो सुंदर है उसकी प्रतिष्ठा की जाती है। प्रकृति का सम्मान किया जाता है। नई फसल का स्वागत किया जाता है। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सभ्यता द्वारा हमारी भौतिक उपलब्धियां सामने आती हैं, लेकिन संस्कृति द्वारा हमारी अमूर्त विरासत की धाराएं प्रवाहित होती हैं। हमारी कलाएं और कलाकार, हमारी समृद्ध संस्कृति के संवाहक हैं।



उन्होंने कहा कि संगीत-नाटक जैसी कला विधाएं भाषा तथा भौगोलिक सीमाओं से ऊपर होती हैं। भारत रत्न से सम्मानित एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी, पंडित रवि शंकर, उस्ताद बिस्मिल्लाह खान, लता मंगेशकर, पंडित भीमसेन जोशी और भूपेन हजारिका के संगीत की शक्ति किसी भाषा या भूगोल से बाधित नहीं होती थी। उल्लेखनीय है कि 128 कलाकारों को साल 2019, 2020 और 2021 के लिए प्रतिष्ठित अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ 10 अकादमी फेलो के रूप में राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाटक अकादमी परफॉर्मिंग आर्ट्स के क्षेत्र में प्रतिष्ठित हस्तियों का चुनाव करती है। फेलो के रूप में भरतनाट्यम नृत्यांगना सरोजा वैद्यनाथन, कथकली व्याख्याता सदनम कृष्णन कुट्टी, मणिपुरी नृत्यांगना दर्शना झावेरी, शास्त्रीय गायक छन्नू लाल मिश्र, कर्नाटक शहनाई वादक एकेसी नटराजन, तबला वादक स्वप्न चौधरी, शास्त्रीय गायिका मालिनी राजुरकर, कर्नाटक और हिंदुस्तानी संगीतकार टीवी गोपालकृष्णन, लोक गायिका तीजन बाई, और संगीत विज्ञानी भरत गुप्त को सम्मानित किया गया।

### राष्ट्रपति भवन में 'चेंज ऑफ गार्ड' सेरेमनी नहीं होगी

**राष्ट्रपति** भवन के प्रांगण में 25 फरवरी को चेंज ऑफ गार्ड सेरेमनी नहीं होगी। राष्ट्रपति भवन ने गुरुवार को बताया कि जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज 25-26 फरवरी को भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। ऐसे में 25 फरवरी को जर्मनी के चांसलर के लिए राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट में सुबह 10 बजे निर्धारित गार्ड ऑफ ऑनर के कारण चेंज ऑफ गार्ड समारोह नहीं होगा।

## तमिलनाडु में भाजपा के 3500 कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज

**चेन्नई।** सेना के एक जवान की हत्या का विरोध करना भाजपा कार्यकर्ताओं को महंगा पड़ा है। तमिलनाडु पुलिस ने बिना अनुमति के कैंडल मार्च निकालने पर भाजपा के 3500 कार्यकर्ताओं के विरुद्ध आईपीसी की धारा 143, 151 और 41(6) के तहत एफआईआर दर्ज की है। चेन्नई पुलिस ने एक बयान में यह जानकारी दी। विगत 08 फरवरी को चेन्नई के पोचमपल्ली इलाके में एक पानी की टंकी के पास डीएमके नेता चिन्ना स्वामी के परिवार की कपड़े धोने को लेकर थलसेना में बतौर सैनिक सेवारत प्रभु के परिवार से गरमा-गरम बहस हुई। इस झगड़े के बाद डीएमके नेता चिन्नास्वामी ने अपने साथियों के साथ प्रभू के परिवार पर हमला बोल दिया। इस हमले में प्रभु गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां 14 फरवरी को उन्होंने दम तोड़ दिया। सेना के जवान की हत्या के खिलाफ 21 फरवरी को भाजपा के तामिलनाडु प्रदेश प्रमुख के. अन्नामलाई के नेतृत्व में चेन्नई में कैंडल मार्च निकाला गया था। इस मार्च से आक्रोशित राज्य सरकार ने कैंडल मार्च में शामिल हुए 3500 कार्यकर्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज कराया है।

# पवन खेड़ा रिहा, सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा को गिरफ्तारी मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई। अदालत ने उन्हें अगले मंगलवार तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने असम और उत्तर प्रदेश पुलिस को पवन खेड़ा के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर को एक साथ करने के लिए नोटिस भी जारी किया। प्रधानमंत्री मोदी पर विवादित टिप्पणी को लेकर दर्ज एफआईआर के मामले में असम पुलिस ने पवन खेड़ा को गुरुवार को ही गिरफ्तार किया था। असम पुलिस उन्हें स्थानीय अदालत में पेश करने वाली थी, लेकिन इससे पहले ही इस मामले को लेकर कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गयी। इस मामले में सुनवाई के दौरान कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी दलीलें रखीं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच के सामने कांग्रेस की ओर से पेश अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह तीन अलग-अलग राज्यों का जानबूझकर किया गया उत्पीड़न है। सिंघवी ने कहा कि पवन खेड़ा की जुबान फिसल गई थी और उन्होंने अपने बयान का कभी बचाव नहीं किया, बल्कि माफी मांगी।

पवन खेड़ा की गिरफ्तारी के तुरंत बाद ही कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। गिरफ्तार पार्टी नेता पवन खेड़ा के खिलाफ देश भर में दर्ज सभी मामलों को एक करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उनकी पार्टी के सहयोगी एएम सिंघवी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। असम पुलिस पवन खेड़ा को गिरफ़्तार कर दिल्ली एयरपोर्ट से ले गई है और वह उन्हें दिल्ली की एक अदालत में पेश करेगी और इसके बाद ट्रांजिट रिमांड पर उन्हें असम लेकर जाएगी। इसी बीच यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा।



### प्रेस कॉन्फ्रेंस में की पीएम मोदी पर विवादित टिप्पणी

**पवन** खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा था, 'हम स्पष्ट बात कर रहे हैं जेपीसी। हम कह रहे हैं कि संसद में आप चर्चा से क्यों भागते हो। हम कह रहे हैं कि जेपीसी की मांग से आप क्यों डरते हो। जब नरसिम्हा राव जेपीसी बना सकते थे, जब अटल बिहारी वाजपेयी जेपीसी बैठा सकते थे तो नरेंद्र गौतम दास, सॉरी दामोदर दास मोदी को क्या प्रॉब्लम है।' यहां पर लगता है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरा नाम भूल गए होते हैं और इसी क्रम में वह पूछते हैं कि गौतम दास हैं या दामोदर दास, साथ में बैठे शख्स ने कहा कि दामोदर दास तो उन्होंने भी आगे दामोदर दास कहा था। इसके बाद कुछ देर रुककर खेड़ा ने कहा था कि नाम दामोदरदास है, काम गौतम दास है और इसके बाद पवन खेड़ा हंसने लगे थे।

# एमसीडी स्टैंडिंग कमेटी के सदस्यों का चुनाव स्थगित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एमसीडी सदन में स्थायी समीति के सदस्यों का चुनाव गुरुवार को नहीं हो पाया। यह चुनाव शुक्रवार तक के लिए टाल दिया गया। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि जिस दिन माननीय सर्वोच्च न्यायालय का आदेश आया था उसके तुरंत बाद से भाजपा की ओर से मैंने कहा था कि मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल आश्वस्त करें कि आम आदमी पार्टी, महापौर एवं उप महापौर के बाद स्थाई समिति का चुनाव होंने देगी।

आगे प्रवीण शंकर कपूर ने कहा अब जिस तरह आम आदमी पार्टी ने महापौर चुनाव पहले फोन का प्रयोग कर फिर दर्शक दीर्घा से बोतलें फिकवा कर बाधित किया, उससे साफ है कि आम आदमी पार्टी की मंशा ही नही थी स्थाई समिति सदस्यों का चुनाव कराने की, क्योंकि उसमें वह हार रहे हैं। आवश्यकता होगी तो भाजपा अब जनता के बीच तो जायेगी ही न्यायालय भी जा सकती है। गौरतलब है कि बुधवार को आप की शैली ओबरॉय एमसीडी मेयर चुन ली गई। आम आदमी पार्टी के ही आले मोहम्मद इकबाल डिप्टी मेयर बन चुके हैं। लेकिन अभी भी स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव का पेंच फंसा हुआ है। देर रात हुए हंगामे के चलते स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव नहीं हो पाया था। फिर आज सुबह स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव होना था। लेकिन आज भी एमसीडी सदन शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

### भाजपा नेताओं ने स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव को नए सिरे से कराए जाने की मांग की

**भारतीय** जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी, सांसद प्रवेश साहिब सिंह और प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने गुरुवार को एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह मांग की कि नगर निगम स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव के दौरान मोबाइल का प्रयोग कर आप नेताओं ने चुनाव की गोपनीयता को भंग किया है। इसलिए इस चुनाव को नए सिरे से कराया जाये। आपको बता दें कि भाजपा नेताओं ने संवाददाता सम्मेलन में एक वीडियो भी दिखाया जिसमें आप पार्षद देवेंद्र कुमार भाजपा पार्षद प्रमोद गुप्ता को सरेआम थप्पड़ मारते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा गुंडागर्दी करती है और वह नहीं चाहती है कि स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव हो। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि कल दिल्ली नगर निगम के सदन में जो दृश्य देखने को मिले वह इससे पहले कभी नहीं देखे गये और ना ही उसकी कभी कल्पना की जा सकती है।

## सी.आर. केसवन ने कांग्रेस छोड़ी


**एजेंसी। चेन्नई**

भारत के पहले गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी के प्रपौत्र सी. आर. केसवन ने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। एआईसीसी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि उन्होंने पिछले दो दशकों से पार्टी के लिए काम करने वाले मूल्यों का कोई प्रभाव नहीं देखा है।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लिखे पत्र में, उन्होंने कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की संगठनात्मक जिम्मेदारी को अस्वीकार कर दिया है और भारत जोड़ो यात्रा में भाग नहीं लिया है क्योंकि वह वर्तमान में पार्टी के प्रतीक के साथ खड़े नहीं हो सकते हैं।




## अक्षय कुमार के लिए 'फिटनेस विकल्प नहीं जीने का तरीका है'



**अभिनय** के अलावा अपनी फिटनेस के लिए पहचाने जाने वाले बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार का कहना है कि सेहत का ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हर दिन शारीरिक फिटनेस के लिए समय निकालना जरूरी है। अक्षय, जिन्हें 'खिलाड़ी', 'मोहरा', 'भूल भुलैया' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है, और मार्शल आर्ट में प्रशिक्षित हैं, उन्होंने कहा : अपनी फिटनेस का ख्याल रखना बहुत महत्वपूर्ण है। अपने दिन से एक घंटा फिटनेस के लिए निकालना चाहिए, भले ही वह थोड़ा छोटा और हल्का ही क्यों न हो। फिटनेस कोई विकल्प नहीं है, यह जीने का एक तरीका है, और किसी को भी इसे प्राथमिकता देनी चाहिए चाहे कुछ भी हो। वह 'द कपिल शर्मा शो' में नोरा फतेही, दिशा पटानी, मौनी रॉय और सोनम बाजवा के साथ सेलिब्रिटी गेस्ट के तौर पर आ रहे हैं। शो के दौरान, कपिल ने मेहमानों के साथ फिटनेस के बारे में बात की और नोरा ने कहा कि उनके पास प्रतिभाशाली काया है, और वह जिम नहीं जाती हैं और फिट रहने के लिए किसी भी तरह का योग नहीं करती हैं, यह सब उनके जीन के कारण है। दूसरी ओर, दिशा पटानी ने खुलासा किया कि कैसे वह जिमिंग करके अपनी फिटनेस का ख्याल रखना पसंद करती हैं। मौनी रॉय और सोनम बाजवा ने यह भी कहा कि वह बहुत सारी शारीरिक गतिविधियों में शामिल होती हैं जैसे कि जिम जाना, डांस करना या योग करना और बहुत सारा घर का खाना और जितना हो सके बाहर खाने से बचें। 'द कपिल शर्मा शो' सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

## विक्की कौशल ने किया वादा, अभिषेक के साथ आईफा में चरम पर रहेगा जोश



**आईफा** 2022 की अपार सफलता के बाद, 26 और 27 मई 2023 को यास द्वीप, अबूधाबी में वर्ल्ड-क्लास एतिहाद एरिना पर, मिडिल ईस्ट के सबसे बड़े अत्याधुनिक इनडोर एंटरटेनमेंट, इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी एंड अवॉर्ड्स (आईफा) वीकेंड एंड अवॉर्ड्स की वापसी होगी। इस अवसर पर बोलते हुए विक्की कौशल ने कहा : मैं बेहद सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं, आईफा के साथ मेरा सफर, मेरी पहली फिल्म मसान से सात साल पहले का है, जब मैंने सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अवार्ड जीता, इसके बाद संजू के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता और पिछले साल सरदार उधम के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवार्ड मिला। मैं अभिषेक बच्चन के साथ आईफा अवाड्र्स होस्ट के रूप में सेंटर स्टेज पर वापस आने के लिए और अधिक इंतजार नहीं कर सकता। इस बारे में अभिषेक बच्चन ने कहा: मैं अबू धाबी के यास द्वीप में आईफा अवॉड्र्स के 23वें एडिशन को होस्ट करने को लेकर बहुत खुश हूं।

## मनुल चुडासमा ने 'अलीबाबा' के लिए तुनिषा शर्मा की जगह ली



**टीवी** अभिनेत्री मनुल चुडासमा को शो 'अलीबाबा- एक अंदाज अनदेखा: चैप्टर 2' में मुख्य महिला कलाकार के रूप में चुना गया है। अभिनेत्री ने राजकुमारी मरजीना के अपने चरित्र के बारे में बात की और बताया कि कैसे वह इसे दिवंगत अभिनेत्री तुनिषा शर्मा द्वारा निभाई गई पिछली भूमिका से अलग बनाएगी। उन्होंने कहा: मैं इस अवसर को पाकर अविश्वसनीय रूप से धन्य महसूस कर रही हूं। मरजीना का किरदार निभाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है, जिसके बहुत बड़े प्रशंसक हैं। मैं इस भूमिका के लिए एक नया दृष्टिकोण लाने के लिए उत्साहित हूं और मैं इसके लिए आभारी हूं। एक्ट्रेस ने टीवी पर 'एक थी रानी एक था रावण' से डेब्यू किया था। बाद में उन्हें 'तेनाली रामा', 'बृज के गोपाल' में पारस अरोड़ा के साथ देखा गया। 'अलीबाबा - एक अंदाज अनदेखा: चैप्टर 2' की कहानी में एक मोड़ आएगा और इसमें दिखाया गया है कि राजकुमारी मरियम का एक नया चेहरा है और उसका नाम राजकुमारी मरजीना है। अभिनेत्री अपने नए प्रोजेक्ट को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन साथ ही घबराई हुई भी है क्योंकि दर्शकों को एक नए चेहरे से जोड़ना आसान नहीं है।

**वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस** 24 से 26 नवंबर तक होगा आयोजन

# बैंकॉक में जुटेंगे विश्वभर के हिंदू

### पूर्वोत्तर से बड़ी संख्या में शामिल होने जाएंगे प्रतिनिधि

**एजेंसी। गुवाहाटी**

वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस (डब्ल्यूएचसी) का तीसरा तीन दिवसीय विश्वव्यापी आयोजन इस वर्ष बैंकॉक में होने जा रहा है। डब्ल्यूएचसी में पूरे विश्व के हिन्दू एक साथ एक मंच पर एकजुट होंगे। यह निर्णय डब्ल्यूएचसी-2023 के निमित्त पूर्वोत्तर के प्रमुख उद्यमियों की गुवाहाटी के द होटल ओरनेट में आयोजित योजना बैठक में बुधवार देर को लिया गया। बैठक में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय अधिकारी स्वामी विज्ञानानंद (विहिप के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री) बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

स्वामी ने पूर्वोत्तर के उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस दुनियाभर में फैले हिंदू उद्यमियों का एक मात्र मंच है, जहां सम्पूर्ण दुनिया के हिन्दू उद्यमी अपने नए विचारों एवं नए अन्वेषणों को एक दूसरे के साथ साझा करने का सुलभ अवसर प्रदान करता है। इसका आयोजन वर्ल्ड हिंदू फाउंडेशन कर रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस का पहला सफल आयोजन दिल्ली में (2014) किया गया। दूसरा आयोजन शिकागो (2018) में किया गया। इस वर्ष डब्ल्यूएचसी का आयोजन 24 से 26 नवम्बर, 2023 तक बैंकाक (थाईलैंड) में होने जा रहा है।

### डब्ल्यूएचसी सात प्रमुख बिंदुओं पर करता है कार्य

डब्ल्यूएचसी सात प्रमुख बिंदुओं पर कार्य करता है। जिसमें आर्थिक, शिक्षा, मीडिया, राजनीति, महिला, युवा और संगठन शामिल हैं। योजना बैठक को पूर्वोत्तर के प्रमुख उद्यमी राहुल बजाज ने संबोधित करते हुए कहा कि हम हिन्दू समाज के उद्यमियों के लिए यह एक अच्छी पहल है।



# दो महिला खिलाड़ी कराटे टीम में शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची की दो महिला खिलाड़ी मोहनी रितिका टोप्पो और काजल कुजुर भारतीय कराटे टीम में शामिल। रेंसी सुनील किस्पोट्टा भारतीय कराटे टीम के कोच बनाए गए। 3 से 5 मार्च तक मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर के तितिवंग्सा स्टेडियम में आयोजित 12वी साइलेंट नाइट कराटे कप अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारतीय कराटे टीम में झारखंड राँची से इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के दो महिला खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। साथ ही रेंसी सुनील किस्पोट्टा भारतीय कराटे टीम के कोच बनाए गए हैं। इमा के अध्यक्ष सेंसाई अनिल किस्पोट्टा आधिकारिक रूप में इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मोहिनी रितिका टोप्पो काता वर्ग में एवं काजल कुजूर कुमिते वर्ग में इस प्रतियोगिता में भाग लेकर देश का प्रतिनिधित्व करेगी। राज्य के खिलाड़ी 28 फरवरी को रांची से कोलकाता के लिए रवाना होंगे। कोलकाता एयरपोर्ट में वह भारतीय कराटे दल में शामिल होकर मलेशिया के लिए रवाना हो जाएंगे। रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि यह राज्य के लिए गर्व की बात है कि राज्य के कराटे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में देश का परचम लहरा रहे हैं। पिछले कई वर्षों से इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी इन खिलाड़ियों को एक अच्छा मंच देने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण भी प्रदान कर रही है जिससे खिलाड़ी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके साथ ही देश के लिए पदक जीत सके। मोहिनी रितिका टोप्पो इमा कराटे स्टूडियो में एवं काजल कुजूर लोवडीह क्लब में प्रशिक्षण ले रही है। साथ ही काजल कुजूर केंद्रीय विद्यालय नामकुम में सातवीं कक्षा में पढ़ाई कर रही है। खिलाड़ियों के भारतीय कराटे टीम में शामिल किए जाने पर इमा के अध्यक्ष सेंसाई अनिल किस्पोट्टा रेंसी सुनील किस्पोट्टा अभिभावक गण एवं कई इमा खिलाड़ियों ने बधाई दी है।



## लोगों का स्ट्राइक बहुत ही गंभीर

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद की बेंच में गुरुवार को वर्ष 2018 में रिम्स अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के कार्य बहिष्कार के दौरान मरीजों की मौत से जुड़े मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने रिम्स से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। कोर्ट ने पूछा है कि स्ट्राइक के दौरान जिन इलाजरत लोगों की मृत्यु हुई, उनके परिजनों को मुआवजा दिया गया है या नहीं। मुआवजा के लिए लिए क्या योजना है। अदालत ने इस बिंदु पर रिम्स और सरकार को तीन सप्ताह में विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता मोख्तार खान ने कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा।


# मैट्रिक-इंटर की परीक्षा तिथि में होगा बदलाव : जगरनाथ महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने गुरुवार को कहा कि सरहुल त्योहार को देखते हुए जैक मैट्रिक-इंटर की 24 मार्च की परीक्षा की तिथि आगे बढ़ायी जायेगी। इसके लिए कहीं किसी तरह के विरोध करने की जरूरत नहीं है। मालूम हो कि झारखंड में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 14 मार्च से शुरू होने वाली है। 24 मार्च को सरहुल का त्योहार है। जैक बोर्ड ने इस दिन भी परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। इसको लेकर कई नेताओं और आदिवासी समुदाय के लोगों में विरोध और रोष देखने को मिल रहा था। इसके बाद शिक्षा मंत्री ने कहा है कि हर संभव डेट आगे बढ़ाई जाएगी। कैलेंडर में गलती के कारण यह डेट निर्धारित हुई थी। इसमें सुधार कर लिया जाएगा। उन्होंने अपील की है कि इस बात को लेकर कहीं किसी तरह का विरोध ना करें। त्योहार है, सब का त्योहार है। परीक्षा तिथि आगे बढ़ा दी जायेगी। इससे पहले आदिवासी सरना समिति के जगलाल पाहन ने कहा था कि आदिवासी समाज का सबसे बड़ा पर्व सरहुल होता है। इस दिन सरकार को एग्जाम की तिथि घोषित नहीं करनी चाहिए। इस दिन परीक्षा होने पर बच्चों पर काफी प्रेशर बना रहेगा। वह अपने पर्व को ढंग से नहीं मना पाएंगे। केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष बबलू मुंडा ने भी परीक्षा की डेट को लेकर कहा था कि आदिवासियों का इतना बड़ा पर्व और इस दिन बच्चे पर प्रेशर देना अच्छा नहीं है। सरकार को 24 मार्च की परीक्षा तिथि बदलनी चाहिए।



# लालू की सजा पर सुनवाई चार हफ्ते बाद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित लालू प्रसाद यादव सहित छह सजायाफ्ता की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की है। इस मामले में कोर्ट ने दो सजायाफ्ता फूलचंद सिंह और आरके राणा का नाम हटाने का आदेश दिया था। एक हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कोर्ट को बताया गया था कि फूलचंद सिंह और आर के राणा की मृत्यु हो गई है। जिसके बाद कोर्ट ने इस याचिका से इनका नाम हटाने का आदेश दिया था। सीबीआई की ओर से अधिवक्ता पीएएस पति ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि देवघर कोषागार से अवैध निकासी मामले में लालू प्रसाद, बेक जूलियस सहित छह सजायाफ्ता को तीन से छह साल की सजा सुनाई गई है। सीबीआई ने इन्हें अधिकतम सजा देने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया कि लालू प्रसाद को इस मामले में साढ़े तीन साल की सजा मिली है इन्हें अधिकतम सात साल की सजा मिलनी चाहिए।

**अदालतनामा**
**गुरुवार**

### हाई कोर्ट ने विधायक की मांगी केस डायरी

झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में गुरुवार को भाजपा के बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने पुलिस को केस डायरी जमा करने का निर्देश दिया है। अब अदालत ढुल्लू महतो की बेल पर मंगलवार को सुनवाई करेगा। ढुल्लू महतो की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अजय शाह ने अदालत में पक्ष रखा। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार (जीए-3) ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि ढुल्लू महतो के विरुद्ध धनबाद जिले के केंदुआडीह थाना में वर्ष 2022 में कांड संख्या 132 दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में उनके खिलाफ हत्या का प्रयास, रंगदारी मांगने और आर्म्स एक्ट समेत कई धाराएं लगायी गयी हैं। धनबाद जिला अदालत ने इस केस में ढुल्लू महतो को बेल देने से इनकार कर दिया है, जिसके बाद उन्होंने झारखंड हाई कोर्ट के दरवाजा खटखटाया है।

### पंकज मिश्रा की जमानत पर सुनवाई 28 को

झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में गुरुवार को 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई। कोर्ट में ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए दोबारा समय दिया। मामले की अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। इससे पूर्व तीन फरवरी को भी कोर्ट ने मामले में ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। उनकी ओर से गुरुवार को जवाब दाखिल किया गया। मामले में ईडी की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। पंकज मिश्रा की ओर से मेडिकल ग्राउंड पर जमानत की गुहार लगाई गई है। पंकज मिश्रा की जमानत याचिका ईडी कोर्ट ने पूर्व में ही खारिज कर दी थी। ईडी ने पंकज मिश्रा समेत तीन के खिलाफ 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। ईडी ने साहेबगंज में पंकज मिश्रा और उनके सहयोगियों के बैंक खातों को सीज किया था।

# अधिकारियों पर हो कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव सरहुल महापर्व के दिन आयोजित हो रही मैट्रिक और इंटर की परीक्षाओं को स्थगित करने को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी थी। इसी बीच शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो ने 24 मार्च की परीक्षा की तिथि में परिवर्तन की घोषणा की है। जिसके बाद प्रतुल शाहदेव ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि अंततः राज्य सरकार ने अपनी गलती स्वीकार कर ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खुद को आदिवासी मूलवासी की हितैषी बताती है। फिर उसने इन समुदायों के सबसे बड़े महापर्व सरहुल की तिथि को कैसे गलत तरीके से अधिसूचित की। प्रतुल ने कहा कि बड़ा प्रश्न यह है कि कार्मिक विभाग ने सरहुल की छुट्टी को भी गलत तरीके से 23 अप्रैल को अधिसूचित किया है, जबकि सरहुल 24 मार्च को है। कार्मिक विभाग के मंत्री खुद मुख्यमंत्री हैं। प्रतुल ने मांग की है कि इस गलती की जवाबदेही तय हो और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई हो।

### बजट के खिलाफ 28 तक चलेगा विरोध अभियान

**रांची।** माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि भाजपा सरकार के 2023-24 के बजट ने आम लोगों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। एक ओर चावल, आटा सहित सभी जरूरी चीजों के दाम बढते जा रहें है। विप्लव ने गुरुवार को कहा कि माकपा इस जनविरोधी बजट के खिलाफ केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर 28 फरवरी के बीच हर जगह अभियान आयोजित कर रही है। इसी के तहत झारखंड में भी अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में जनता को सीधे फायदा पहुंचाने वाले सभी कार्यक्रम और योजना के खर्च में कटौती कर दी गई है।

# इंजीनियर विरेन्द्र को नौकरी से बर्खास्त करे सरकार : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम पर एफआईआर करने और नौकरी से बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई नहीं की, तो वे कहीं मुंह दिखाने के काबिल नहीं रहेंगे। बाबूलाल ने गुरुवार को ट्विट कर कहा कि खबरों के मुताबिक धनकुबेर इंजीनियर वीरेंद्र राम के यहां ईडी के छापे के दौरान उनकी पत्नी ने ईडी पदाधिकारियों को अपने डायनिंग टेबल में यह कहकर खाना खाने नहीं दिया कि टेबल गंदा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह इंजीनियर 35000 रुपये की शर्ट पहनता था और उसे धुलवाने के झंझट करने के बजाए उसी कीमत की दूसरी शर्ट खरीद लेता था। ईडी इस सब की कीमत का भी हिसाब-किताब करवाये। बाबूलाल ने कहा ऐसे महाभ्रष्ट कुछ सामंती लोगों के चलते हमारा दलित समाज बदनाम होता है। ताज्जुब है कि ऐसे डकैतों के फेंके चंद टुकड़े पर हमारे कुछ नेता और अफसर कदमताल करते हैं और बदनाम पूरी बिरादरी होती है। यह सब सुनकर-देखकर मन विचलित होता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बिना देर किये इस पर एफआईआर करें। फास्ट ट्रैक कोर्ट से सजा दिलाएं और नौकरी से बर्खास्त करें, वरना मुख्यमंत्री कहीं मुंह दिखाने के काबिल नहीं रहेंगे। भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदिवासी-मूलवासी की बात करते हैं, लेकिन झारखंड को लुटवाने के लिए बाहरियों को लेकर आये। इंजीनियर वीरेंद्र राम, मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश, पूजा सिंघल, सुमन कुमार और अमित अग्रवाल क्या मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नजर में 1932 के खतियानी हैं या फिर झारखंड लुटवाने के लिए उन्होंने बाहरियों का सहारा लिया है। निशिकांत ने कहा कि हेमंत सोरेन राज्य की भोली-भाली जनता को गुमराह कर लुटेरों के सरदार बन गए हैं।



## प्रतियोगिता की मेजबानी का मिलेगा मौका

**रांची।** रांची दो अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। इसमें एक एथलेटिक्स का और दूसरा हॉकी का होगा। रांची में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर को देखते हुए अन्तर्राष्ट्रीय फेडरेशन की ओर से इसकी मेजबानी करने का मौका दिया जा रहा है। अक्टूबर या नवंबर में ये दोनों आयोजन रांची में होंगे। इसमें साउथ एशियन एथलेटिक्स (सैफ) चैंपियनशिप और हॉकी का इंटरनेशनल इवेंट का आयोजन शामिल है। सैफ एथलेटिक्स के आयोजन की तैयारी खेल निदेशालय की ओर से की जा रही है। साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन पहली बार रांची में होगा। इसमें सात देशों के चार सौ से भी अधिक अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रांची आयेंगे। मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा ने बातया कि विभाग की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी चल रही है।

# छऊ कलाकार ब्रजेंद्र पटनायक को मिला संगीत नाटक अकादमी अवार्ड

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नई दिल्ली में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरायकेला के छऊ कलाकार ब्रजेंद्र कुमार पटनायक (65) को प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से सम्मानित किया। छऊ नृत्य कला के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए पटनायक को वर्ष 2019 का संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार दिया गया। इस दौरान संस्कृति और पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी भी मौजूद थे। ब्रजेंद्र कुमार पटनायक ने सरायकेला शैली छऊ नृत्य के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादमी अवार्ड के लिए अपने नाम की घोषणा होने पर ब्रजेंद्र कुमार पटनायक ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि छऊ नृत्य के लिए आजीवन समर्पित होकर कार्य करता रहूंगा। बच्चों को छऊ नृत्य सिखाने का कार्य निरंतर जारी रहेगा। वहीं उक्त पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर पद्मश्री शशधर आचार्य, राजकीय छऊ नृत्य कला केंद्र के पूर्व निदेशक गुरु तपन कुमार पटनायक, आचार्य छऊ नृत्य विचीत्रा के रंजीत कुमार आचार्य, सरायकेला नगर पंचायत के उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी आदि ने ब्रजेंद्र पटनायक को बधाई दी है।



**ब्रजेंद्र पटनायक का संगीत सफर**

22 सितंबर 1958 को जन्मे ब्रजेंद्र कुमार पटनायक ने छऊ नृत्य की शिक्षा बाल्यावस्था में ही लेना शुरू कर दिया था। ब्रजेंद्र पटनायक कई राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भी छऊ नृत्य पेश कर चुके हैं। 1984 में पहली बार विदेशी धरती डेनमार्क में प्रदर्शन किया। इसके बाद फ्रांस, दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, रूस समेत 13 देशों में छऊ नृत्य को प्रदर्शित किया। उनके नृत्य राधा-कृष्ण, चंद्रभागा, आरती, हंस, मयूर, सागर, रात्रि, नाविक आदि को दर्शक काफी पसंद करते हैं।

## रांची विवि की हुई लगातार दूसरी जीत



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय पुरुष क्रिकेट टीम ने कटक में चल रही पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता में लगातार दूसरी जीत दर्ज की रेवन शॉ मैदान में खेले गए इस मैच में रांची विश्वविद्यालय की टीम ने ऐडम्स विश्वविद्यालय कोलकाता को 6 विकेट से पराजित किया एडमच विश्वविद्यालय की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर में 153 रन बनाकर आउट हो गए जवाब में रांची विश्वविद्यालय की टीम ने 21.3 ओवर 4 विकेट खोकर विजय लक्ष्य हासिल कर लिया रांची की इस जीत में खब्बू फिरकी गेंदबाज आशीष कुमार ने 4 विकेट लिए जबकि अभिषेक चौधरी और राम रोशन को दो-दो विकेट मिले शिवम दुबे और नरेंद्र मिश्रा को एक-एक विकेट से संतोष करना पड़ा वही बल्लेबाजी में राम रोशन और श्रेष्ठ सागर ने 44 -44 रन बनाए अमर ज्योति ने नाबाद 31 रन की पारी खेली।

**मोरहाबादी में मेला** | **रांची में आयोजित पर्यावरण मेले के दूसरे दिन हुए कई प्रोग्राम**

# प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के मोरहाबादी मैदान में चल रहे पर्यावरण मेला-2023 के दूसरे दिन राज्यस्तरीय चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। चित्रांकन का विषय द्यद ब्लू प्लेनेट (नीला ग्रह) एवं निबंध का विषय क्लाईमेट चेंज (जलवायु परिवर्तन) था। प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।



पर्यावरण मेला के संरक्षक, सरयू राय ने कहा कि इस तरह के आयोजन से पर्यावरण के बारे में, प्रकृति के बारे में, आस-पास के परिवेश के बारे में जानने-समझने का अवसर मिलता है। बच्चों की चित्रकारी एवं निबंध की मौलिकता, गंभीरता एवं गहराई को देखकर हमें काफी खुशी हुई है। आज के बच्चें हमारे बचपन की तुलना में पर्यावरण के प्रति काफी गंभीर है एवं प्रदूषण के कुप्रभाव, जंगलों के कटाव के कारण होने वाली पर्यावरणीय असंतुलन के प्रति अधिक चिंतित है। आज जिस तरह से मौसम में अनियमित बदलाव हो रहे हैं उसके लिए कहीं न कहीं हमारे पीढ़ी भी काफी हद तक जिम्मेदार है। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि, खादी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष, जयनन्दु ने कहा देश के किसी भी कोने में चाहे वह संस्था सरकारी हो, अर्द्धसरकारी हो या फिर निजी संस्थान किसी ने भी इस तरह के पर्यावरण मेला का आयोजन नहीं किया है। इससे देश व राज्य के संस्थानों का पर्यावरण के प्रति रवैया और गंभीरता का अंदाजा स्वतः ही लग जाता है। सरयू राय बधाई के पात्र है कि उनके द्वारा चलाये गये पर्यावरण जागरूकता अभियान के कारण जिस तरह दामोदर नद का कायाकल्प हुआ है, वह प्रशंसनीय है। मेले में जिस तरह की भीड़ देखी जा रही है उससे उम्मीद बंधती है कि लोग पर्यावरण के प्रति गहरी रूचि रखते है। इस तरह के मेले और कार्यक्रमों का आयोजन राज्यस्तर और राष्ट्रीयस्तर पर होना चाहिए ताकि नई पीढ़ी के बच्चे पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण के प्रति सजग रहे।

राज्यस्तरीय प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद झारखण्ड के कलाकारों द्वारा पुरूलिया छऊ नृत्य का प्रदर्शन किया, जिसे मेले में आये हुए अपार भीड़ मंत्रमुग्ध देखते रहे। विश्वविद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के विक्की सिंह, द्वितीय स्थान पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के ही फरहीन फिजा एवं तृतीय स्थान पर उषा मार्टिन विश्वविद्यालय, राँची के सुयश सौम्य रहे। विश्वविद्यालय स्तर पर चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के रितेशना राज, द्वितीय स्थान पर विमेन्स कॉलेज, रांची रकशन्दा नूर एवं तृतीय स्थान पर उषा मार्टिन विश्वविद्यालय, रांची के रिया मंडल रही। विद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर $2 उच्च विद्यालय, कंडसार, कटकमसांडी, जिलाझारीबाग की वर्षा कुमारी, द्वितीय स्थान पर एस.एस. गर्ल्स हाई स्कूल, जिला-चतरा की मनीषा कुमारी एवं तृतीय स्थान पर 2 आदर्श कन्या उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पोखरिया, जिला-साहेबगंज की शिवानी कुमारी रही। विद्यालय स्तर पर चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर के.जी.बी.वी. जिला-गोड्डा की रिया कुमारी, दूसरे स्थान पर 2 जिला स्कूल, जिलाझारीबाग के प्रीत राज एवं तृतीय स्थान पर आनंदा उच्च विद्यालय, जिला- हजारीबाग के निलेश कुमार रहे। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य रूप से ज्योति प्रकाश, आशीष मुंडा, अंशुल शरण, मनोज सिंह, शिवानी लता, दीपांकर कर्मकार, अमित कुमार, पवन कुमार, मुकेश सिंह, ब्रजेश शर्मा, माधुरी कुमारी, पुष्पा की भूमिका रही।

### मेले में आज

**प्रदूषण एवं मानव स्वास्थ्य पर इसका कुप्रभाव** विषयक परिचर्चा।

शामिल होंगेः डॉ. मानस रंजन रे, पूर्व सहायक निदेशक एवं प्रमुख, चितरंजन राष्ट्रीय कैंसर इंस्टीटयूट, कोलकाता अपना व्याख्यान देंगे।

**पाईका एवं कलसा नृत्य**

**चीफ गेस्टः** राँची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. मानस रंजन रे।

## पृष्ठ एक के शेष

**अकुल दौलत वाले चीफ...**

जानकारियां सामने आई हैं। वीरेंद्र झारखंड सरकार की बोर्ड लगी एक इनोवा पर चलते थे, लेकिन यह गाड़ी राजेश कुमार कंस्ट्रक्शन के नाम पर निबंधित है। वह और उनका परिवार बेहद आरामतलब जिंदगी जीता है। पता चला है कि परिवार के लोग 250 रुपए प्रति लीटर की कीमत वाला फ्रांस का इवियन वाटर पीते थे। उनके बेटे में दर्जन भर से भी ज्यादा लग्जरी गाड़ियां हैं। रांची, जमशेदपुर, दिल्ली, सीवान सहित कई शहरों में एक दर्जन से ज्यादा मकान और फ्लैट हैं।

**विपक्षी अड़ाते हैं टांग...**

जनता जागरूक और चालाक हो चुकी है। इसके कारण 2019 विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को उखाड़ फेंका है। इसके बाद से ही आजसू भाजपा मिलकर केंद्र सरकार के इशारे पर हमारी सरकार को गिराने का प्रयास किया। हमारे पीछे कई एजेंसियों को लगा दिया गया। लेकिन मैंने भी स्पष्ट संदेश दे दिया है कि हमारी सरकार आदिवासी, मूलवासी, पिछड़ा, अल्पसंख्यक के आशीर्वाद से चल रही है। यहां कुछ भी नहीं मिलने वाला है।

**विधायक ने जलापूर्ति योजना का....**

थी जिसको लेकर विधायक आलोक चौरसिया के पास ग्रामीणों ने की गुहार लगाई विधायक आलोक चौरसिया ने अपने अथक मेहनत से चैनपुर प्रखंड की सबसे बड़ी जलापूर्ति की योजना को धरातल पर उतारने का काम किया है मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि रोटी कपड़ा और मकान तो आम समस्या है ही पर भीषण गर्मी में जल की समस्या बड़ी जटिल समस्या है हम अपने विधानसभा में ऐसी हर एक समस्या से अवगत हो रहे हैं और इसे जल्द से जल्द पूर्ण करने का काम करेंगे।

**आदिवासियों को ठगने वाले...**

हैं हेमंत सोरेन। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में अगर कोई सबसे ज्यादा पीड़ित और ठगा गया है तो वो झारखंड के मूलवासी और आदिवासी गरीब जनता है। झारखंड की वर्तमान सरकार ने झारखंड के खनिजों का दोहन तो किया ही, साथ में उन्होंने यहां की आदिवासी जनता को ठग कर वोट लिया। आज उन्हीं की जमीन अपने सगे संबंधियों के नाम करने में लगें है।

# एशियाई लॉनबॉल में भारत ने जीता स्वर्ण

### झारखंड की रूपा रानी और लवली ने दिया अहम योगदान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय टीम ने मलेशिया में 21 फरवरी से खेली जा रही 14वीं एशियाई लॉनबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया है। प्रारंभिक राउंड में मलेशिया से हार के बावजूद पुनः शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में टीम ने उसे 17-16 से पराजित कर खिताब जीता। इसके पूर्व भारतीय महिला फोर्स टीम ने सेमीफाइनल में हॉन्गकॉन्ग को 14-11 से पराजित किया था। भारतीय टीम में शामिल कॉमनवेल्थ मेडलिस्ट झारखंड की बेटी रूपा रानी तिर्की (डीएसओ, रामगढ़) एवं लवली चौबे (झारखंड पुलिस) तथा दिल्ली की पिंकी कुमारी एवं असम की नैनमोनी सकिया की विमेन फोर टीम ने मिलकर भारत का सिर फिर से ऊंचा किया।



झारखंड के खिलाड़ियों के अहम योगदान पर खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक डॉ. सरोजनी लकड़ा, झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आरके आनंद, रूपा रानी एवं लवली चौबे के प्रशिक्षक सह झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक के अलावा संघ के आशीष झा, रितेश झा, शिवेंदु दुबे, आलोक मिश्रा, शशांक भूषण सिंह ने शुभकामनाएं दी हैं।

## सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप

# सेमीफाइनल में पहुंची झारखंड की टीम

### क्वार्टर फाइनल मुकाबले में झारखंड की टीम ने पंजाब को दी मात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप 2023 का आयोजन काकीनाडा आंध्र प्रदेश में 15 से 26 फरवरी तक चलेगा। 13वें हॉकी इंडिया में गुरुवार को खेले गये क्वार्टर फाइनल मुकाबले में झारखंड की टीम ने पंजाब को हरा दिया और सेमीफाइनल में पहुंच गयी। झारखंड ने पंजाब को 2-0 गोल के अंतर से पराजित किया। झारखंड टीम की ओर से अलका डुंगडुंग नें 48वें मिनट में और अलबेला रानी टोप्पो ने 52वें मिनट में एक-एक फील्ड गोल किये। झारखंड टीम ने दोनों गोल तीसरे क्वार्टर में किए।



### अलबेला रानी टोप्पो को मिला प्लेयर ऑफ द मैच

**अलबेला** रानी टोप्पो को सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। झारखंड टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह सहित अन्य सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी और अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दी।

## NEWS इन ब्रीफ

### ईथन बॉश को एसए-20 राइजिंग स्टार नामित किया गया

**दुबई।** ईथन बॉश ने दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। तेज गेंदबाज को आस्ट्रेलिया में प्रोटियाज की पहली आईसीसी विश्व कप टीम में शामिल किया गया था। जबकि वह 1992 में ब्रिजटाउन में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में भी खेले थे। बॉश के बेटे ईथन (24) और कॉर्बिन (28) ने क्रमशः प्रिटोरिया कैपिटल और पार्ल रॉयल्स के लिए पहले एसए-20 में भाग लेने के साथ पारिवारिक विरासत को जारी रखा है। 21.40 की औसत से उनके 15 विकेटों ने उन्हें एस-ए20 राइजिंग स्टार अवार्ड दिलाया।

### कतर ओपन : क्वार्टर फाइनल में पहुंचे मरे

**दोहा।** पूर्व विश्व नंबर 1 एंडी मरे ने तीन घंटे और तीन मिनट के कड़े मुकाबले के बाद अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6 (5), 2-6, 7-5 से हराकर कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इस इवेंट में दो बार के विजेता मरे का टाई-ब्रेक में पहला सेट उतार-चढ़ाव वाला रहा।

### रियो ओपन : बेज ने अंतिम 16 में किया प्रवेश

**रियो डी जनेरियो।** अर्जेंटीना के छठे वरीय खिलाड़ी सेबस्टियन बेज ने स्थानीय पसंदीदा थोमाज बेलुची को 6-3, 6-2 से हराकर एटीपी 500 रियो टेनिस ओपन के अंतिम 16 में प्रवेश किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जॉकी क्लब ब्रासीलेरो के आउटडोर क्ले पर एक घंटे 35 मिनट में मैच जीतने के लिए बेज ने अपनी पहली सर्व पर 80 प्रतिशत अंक और दूसरे पर 65 प्रतिशत अंक जीते।

### फेरेटी ने क्रूज अजुल की कमान संभाली

**मेक्सिको सिटी।** क्रूज अजुल ने रिकार्डो फेरेटी को लीगा एमएक्स क्लॉसुरा के बाकी सत्र के लिए मैनेजर नियुक्त किया है। यह जानकारी मेक्सिको सिटी क्लब ने दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 69 वर्षीय ब्राजीलियाई खिलाड़ी राउल गुतिरेज की जगह लेंगे, जो इस महीने की शुरूआत में क्लब से अलग हो गए थे।

## अहमदाबाद टेस्ट मैच में दर्शकों का नया रिकॉर्ड बनाने की तैयारी


# टिकट का न्यूनतम दाम 200 रु. किया गया है निर्धारित

### भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की शृंखला का अंतिम मैच अहमदाबाद में खेला जाएगा

### टिकट का अधिकतम दाम 2500 रुपये होगा

**एजेंसी। अहमदाबाद**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्टों की शृंखला का अंतिम मैच 9 मार्च को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में आयोजक दर्शकों का नया रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में जुटे हैं। क्रिकेट मैच के टिकट का न्यूनतम दाम 200 रुपये रखा गया है। अहमदाबाद में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले क्रिकेट मैच के टिकट का न्यूनतम भाव 200 रुपये रखा गया है और अधिकतम 2500 रुपये है। इस टिकट पर दर्शक प्रेसिडेंट गैलरी लेवल 3 में बैठ सकेंगे। इसके अलावा अन्य टिकट के दाम 300, 350 और 1000 रुपये तय किये गए हैं।




क्रिकेट के इतिहास में अभी तक 86 वर्ष पुराने रिकॉर्ड को ही माना जा रहा है। मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 1936-37 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेले गए मैच के दौरान साढ़े 3 लाख दर्शकों के मौजूद होने की आधिकारिक तौर पर पुष्टि की गई थी। बीसीसीआई के सचिव जय शाह अब इस पुराने रिकॉर्ड को तोड़ने में लगे हैं, जिससे सर्वाधिक दर्शकों के मौजूदगी का विश्व रिकॉर्ड बनाया जा सके। आयोजकों की भी मंशा है कि इस मैच को देखने के लिए अधिक से अधिक लोग आयें, इसी लिहाज से तैयारी की जा रही है।

### एकदिनी श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत में अगले महीने होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है। चयनकर्ताओं ने गुरुवार को श्रृंखला के लिए एक मजबूत 16-खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की है। टीम में चोटिल हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल (टूटी हुई टांग), मिचेल मार्श (टखना) और तेज गेंदबाज झे रिचर्डसन (हैमस्ट्रिंग) वापसी कर रहे हैं। टीम की अगुवाई पैट कमिंस करेंगे, जबकि अनुभवी बल्लेबाज डेविड वार्नर, स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन भी शामिल हैं। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली के अनुसार, भारत में होने वाले विश्व कप से पहले कुछ उत्कृष्ट अभ्यास प्रदान करेगी।

### सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान बने मार्करम

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी संस्करण के लिए दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडम मार्करम को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को उक्त जानकारी दी। 28 वर्षीय मार्करम के लिए कप्तानी कोई नई बात नहीं है। उनके नेतृत्व में इस महीने की शुरुआत में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने उद्घाटन एसए-20 का खिताब जीता था। वह सीजन में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। ईस्टर्न केप के कप्तान के रूप में अपने समय के दौरान, मार्करम ने एक बहुआयामी खिलाड़ी और एक कप्तान के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मार्करम ने 127 की स्ट्राइक रेट से 369 रन बनाए, जिसमें एक शतक भी शामिल है। इसके अलावा उन्होंने 6.19 की प्रभावशाली इकॉनमी से अपने पार्ट-टाइम ऑफ स्पिन से 11 विकेट लिए। सनराइजर्स को पिछले साल दिसंबर में आईपीएल मिनी-नीलामी से पहले न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को रिलीज करने के बाद नेतृत्व की भूमिका पर फैसला करना था। विलियमसन ने 2022 आईपीएल में फॉर्म के लिए संघर्ष किया और अपनी 13 पारियों में केवल 216 रन बनाए।

## एलएलसी मास्टर्स के कार्यक्रम की घोषणा

# 10 मार्च से होगी लीजेंड्स लीग क्रिकेट की शुरुआत

### पहले मैच में एशिया लायंस से इंडियंस महाराजा का सामना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने 10 मार्च से 20 मार्च 2023 तक दोहा, कतर में खेले जाने वाले एलएलसी मास्टर्स के पूर्ण कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। एलएलसी मास्टर्स के सभी मैच एशियन टाउन क्रिकेट स्टेडियम, दोहा, कतर में खेले जाएंगे। लीग का पहला मैच इंडियंस महाराजा और एशिया लायंस के बीच खेला जाएगा। कुल मिलाकर,लीग में आठ मैच खेले जाएंगे। सभी मैच एक ही स्थान पर निर्धारित हैं। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक और सीईओ रमन रहेजा ने कहा : लेजेंड्स लीग क्रिकेट मास्टर्स का पिछला सीजन काफी सफल रहा था। हमें पहले सीजन के लिए प्रशंसकों से दिल खोलकर प्रतिक्रिया मिली। हम अपने दर्शकों के लिए इसे एक शानदार अनुभव बनाने की उम्मीद करते हैं। कोविड प्रतिबंधों के बावजूद, पहले सीजन के दौरान हमारे पास 250 मिलियन से अधिक दर्शक थे और हम इस वर्ष दुनियाभर के प्रशंसकों से विनम्र प्रतिक्रिया की उम्मीद कर रहे हैं। लीग में 12 से अधिक देशों के दिग्गज भाग ले रहे हैं और पूरे टूर्नामेंट में 8 दिनों से अधिक समय तक एक ही स्थान पर 70 से अधिक दिग्गज क्रिकेटर खेलते नजर आएंगे। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के आयुक्त रवि शास्त्री ने कहा : हम अपने प्रशंसकों के लिए उनके पसंदीदा दिग्गजों से कुछ बेहतरीन क्रिकेट के साथ यादें वापस लाने की उम्मीद करते हैं। मैं एलएलसी मास्टर्स खिताब के लिए दिग्गजों की लड़ाई देखने का इंतजार कर रहा हूं।




### फीफा महिला विश्व कप के लिए टीमों को दिया गया अंतिम रूप



**एजेंसी। हैमिल्टन**

फीफा महिला विश्व कप 2023 क्वालीफाइंग प्लेऑफ का आखिरी आधिकारिक मैच गुरुवार को यहां आयोजित किया गया था, जिसमें पनामा फाइनल में अंतिम स्थान पर था। पनामा ने ग्रुप सी प्ले-ऑफ टूनामेंट के फाइनल में कड़े मुकाबले में 1-0 से जीत के बाद पराग्वे को हराकर पहली बार फीफा महिला विश्व कप में प्रवेश किया। लिनेथ केडेनो ने रोमांचक प्ले-ऑफ का एकमात्र गोल किया, जिससे उनके दक्षिण अमेरिकी विरोधियों की उम्मीदें समाप्त हो गईं, जो पहली बार महिला विश्व कप में भाग लेने का प्रयास कर रहे थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पनामा के खिलाड़ी ब्राजील, फ्रांस और जमैका के साथ विश्व कप ग्रुप में रहेंगी। फीफा महिला विश्व कप के नौवें सीजन में 32 देश प्रतिस्पर्धा करेंगे, जो 20 जुलाई से 20 अगस्त, 2023 तक पहली बार ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।

### समरसेट ने तेज गेंदबाज हेनरी के साथ किया करार

**लंदन।** समरसेट ने 2023 सीजन के लिए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी के साथ करार किया है। हेनरी काउंटी चैंपियनशिप और पूरे टी-20 ब्लास्ट में सात मैच खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। हेनरी पाकिस्तान में एकदिवसीय श्रृंखला के समापन के बाद टीम में शामिल होंगे और 11 मई को लंकाशायर के खिलाफ चैंपियनशिप मैच के साथ अपना कार्यकाल शुरू करेंगे। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए अब तक सभी प्रारूपों में सिर्फ 89 मैच खेले हैं, हेनरी ने 2019 में विश्व कप फाइनल में अपने देश के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हेनरी ने कहाः मुझे इंग्लैंड की परिस्थितियों में खेलने में मजा आता है और मैं समरसेट के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हूं। मैंने वहां सेटअप के बारे में केवल अच्छी बातें सुनी हैं। मैं चुनौती से उत्साहित हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं समरसेट के लिए मैदान पर और बाहर दोनों जगह बड़ा योगदान दे सकता हूं।



# आरसीबी के साथ मार्गदर्शन करने के लिए सानिया उत्सुक

### आरसीबी टीम की मेंटर के रूप में एक नई यात्रा शुरू करेंगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हाल ही में पेशेवर टेनिस से रिटायर होने वाली सानिया मिर्जा अब 4 मार्च से मुंबई में शुरू हो रहे उद्घाटन महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम की मेंटर के रूप में एक नई यात्रा शुरू करेंगी। 36 वर्षीय मिर्जा भारतीय चैंपियन की अगली पीढ़ी का मार्गदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। एक अंग्रेजी समाचार पत्र से बातचीत में आरसीबी के साथ अपनी इस नई यात्रा के बारे में सानिया ने कहा : इसका क्रिकेट से कोई लेना-देना नहीं है, ये छोटी लड़कियां कभी भी ऐसे पदों पर नहीं रहीं जहां उनके पास इतना पैसा था, उनमें से कई टीवी पर नहीं हैं, विज्ञापनों के लिए शूटिंग नहीं की है।

उन्होंने कहा : विचलित होना बहुत आसान है, तनाव में आना और दबाव महसूस करना भी आसान है, क्योंकि आपसे बहुत उम्मीदें हैं। मैं अपने अनुभव साझा कर पाऊंगी और उन्हें और अधिक सहज महसूस कराऊंगी। यह उनके लिए बहुत बड़ी बात है।

सानिया ने कहा : यह बहुत अच्छा है क्योंकि यह मुझे कुछ ऐसा करने के लिए प्रेरित करता है जो मैं करना चाहती हूं। मैं उपमहाद्वीप में भविष्य के लिए महिलाओं के खेल को बेहतर और अधिक स्वीकार्य बनाने की कोशिश में अपना अनुभव साझा करने में सक्षम हूं। फ्रैंचाइजी का नेतृत्व भारतीय उप-कप्तान स्मृति मंधाना करेंगी।

## प्राथमिकता आयरलैंड टेस्ट और एशेज सीरीज की तैयारी

# आईपीएल को जल्दी छोड़ देंगे बेन स्टोक्स

**एजेंसी। वेलिंगटन**

टी-20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट ने देश का प्रतिनिधित्व करने से ज्यादा खिलाड़ियों को उत्साहित किया है। यहां तक कि वे टी-20 टीमों के लिए खेलने के लिए राष्ट्रीय टीम को भी छोड़ देते हैं, लेकिन इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने आईपीएल से पहले अपने देश को प्राथमिकता देने का फैसला किया। चेन्नई सुपर किंग्स ने दिसंबर में आईपीएल नीलामी में स्टोक्स को खरीदने के लिए 16.25 करोड़ रुपये खर्च किए, लेकिन वे पूरे सीजन के लिए उनकी सेवाएं नहीं ले पाएंगे। स्टोक्स विभिन्न कारणों से लीग के पिछले दो संस्करणों में भी नहीं खेल पाए थे। स्टोक्स ने साफ किया कि वह आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में टीम की अगुआई करने और एशेज सीरीज की तैयारी के लिए आईपीएल को जल्दी छोड़ देंगे।



आईपीएल का फाइनल 1 जून को लॉर्ड्स में होने वाले एकमात्र आयरलैंड टेस्ट से चार दिन पहले 28 मई को खेला जाएगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मार्की एशेज श्रृंखला 16 जून से शुरू होगी। स्टोक्स ने कहा कि अगर सीएसके आईपीएल के अंतिम चरण में पहुंच जाता है तो भी वह व्यस्त इंग्लैंड समर की तैयारी के लिए इंग्लैंड वापस आ जाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह आयरलैंड टेस्ट खेलेंगे, स्टोक्स ने कहाः हां, मैं खेलूंगा। स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के साथ इंग्लैंड के दूसरे टेस्ट से पहले कहाः मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं वापसी करने और आयरलैंड के खिलाफ मैच खेलने के लिए खुद को पर्याप्त समय दूं।

### दूसरे टेस्ट के लिए टीम में कोई बदलाव नहीं

इंग्लैंड, न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उसी टीम के साथ उतरेगा, जो पहले टेस्ट में थी, कप्तान बेन स्टोक्स ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की, जबकि मेजबान टीम मैट हेनरी को टीम में शामिल करेगी। इंग्लैंड ने पिछले सप्ताहांत तौरंगा में पहले टेस्ट में 267 रन से जीत दर्ज की थी। यह टेस्ट डे-नाइट था। तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड, जेम्स एंडरसन और ओली रॉबिन्सन सभी ने पहले टेस्ट में मिली जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्टोक्स ने कहा कि शुक्रवार से वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में शुरू हो मैच को लेकर टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा : यह सिर्फ यह देखने का मामला था कि गेंदबाजों ने किस तरह से प्रदर्शन किया और उन्होंने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

